सूर्योदय : 6:54
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 22
न्यूनतम : 8

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-19 अंक-198 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, बुधवार, 07 जनवरी 2026
17 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# एसआईआर कराना ईसी का अधिकार

■ सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग की दलील



### एसआईआर को लेकर टीएमसी सांसद ने आवेदन दायर किया

टीएमसी के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर में मनमानी और प्रक्रिया संबंधी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर किया है। आवेदन में कहा गया है कि राज्य में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से चुनाव आयोग जमीनी स्तर के अधिकारियों को लिखित आदेश देने के बजाय व्हाट्सएप संदेशों और वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान मौखिक निर्देश दे रहा है। आवेदन में कहा गया, चुनाव आयोग मनमाने तरीके से या कानून से बाहर जाकर काम नहीं कर सकता।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि उसके पास मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने का पूरा अधिकार और क्षमता है। साथ ही यह उसकी सांविधानिक जिम्मेदारी है कि कोई विदेशी नागरिक मतदाता के रूप में दर्ज न हो। आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष यह दलील रखी।

पीठ ने उन याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई फिर शुरू की, जिनमें बिहार समेत कई राज्यों में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। इन याचिकाओं में आयोग की शक्तियों की सीमा, नागरिकता और मतदान के अधिकार से जुड़े सांविधानिक सवाल उठाए गए हैं। वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि संविधान के अनुसार राज्य के तीनों अंगों के सभी प्रमुख सांविधानिक पदों पर बैठे लोगों का भारतीय नागरिक होना जरूरी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति से जुड़े संविधान के अनुच्छेद 124(3) का हवाला दिया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष सांविधानिक पदों पर नियुक्ति की एक मुख्य शर्त यह है कि व्यक्ति भारतीय नागरिक हो। द्विवेदी ने कहा, सभी अहम नियुक्तियां तभी हो सकती हैं जब व्यक्ति नागरिक हो। हमारा संविधान मुख्य रूप से नागरिक-केंद्रित है। सांविधानिक व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जब संविधान नागरिक शब्द का इस्तेमाल करता है, तो इसकी जांच सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जानी चाहिए।

वरिष्ठ वकील ने कहा कि चुनाव आयोग का काम राजनीतिक दलों की बयानबाजी का जवाब देना नहीं है। उन्होंने कहा, हम राजनीतिक दलों पर टिप्पणी नहीं कर रहे। हमारा कर्तव्य सिर्फ इतना है कि मतदाता सूची में कोई विदेशी न हो। यह देखना जरूरी है कि हमारे पास यह शक्ति और क्षमता है। अपनी दलील आगे बढ़ाते हुए द्विवेदी ने एक अहम सांविधानिक सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या संविधान का अनुच्छेद 324 (जो चुनाव आयोग को चुनावों की निगरानी, दिशा और नियंत्रण की शक्ति देता है) कानून के प्रावधानों से पूरी तरह खत्म हो जाता है या इसे हर मामले में अलग-अलग देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, 325 और 326 तथा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 को साथ पढ़ने पर यह नहीं कहा जा सकता कि मतदाता सूची के संशोधन के मामले में चुनाव आयोग का अधिकार खत्म हो जाता है।

## पान खाकर थूका तो लगेगा 500 रुपए फाइन, वायरल होगी फोटो

**पटना।** अब पान-गुटखा खाकर सार्वजिक स्थानों पर थूकने वालों की खैर नहीं। अब यदि कोई सार्वजनिक स्थान पर थूकता पाया गया तो उसको 500 रुपए जुर्माना लगेगा। साथ ही उस व्यक्ति की फोटो को वैरिएबल मैसेज डिस्प्ले स्क्रीन पर भी प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा इन लोगों को नगर शत्रु की श्रेणी में रखा जाएगा। दरअसल पटना नगर निगम ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण और सख्त कदम उठाया है।

बता दें कि नगर आयुक्त सह पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक यशपाल मीणा के निर्देश पर यह अभियान संचालित किया जा रहा है। खुले में थूकने की प्रवृत्ति से शहर की स्वच्छता, सौंदर्य एवं नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। चौक-चौराहों, फ्लाइओवर, सड़कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर थूकने से कई स्थान रेड स्पॉट की श्रेणी में आ सकते हैं। इसी को रोकने के उद्देश्य से यह सख्ती अनिवार्य हो गई है।

# ईसी ने जारी की यूपी की ड्राफ्ट मतदाता सूची

■ एसआईआर के बाद 12.55 करोड़ वोटर, 2.89 करोड़ के कटे नाम



### एक पोलिंग स्टेशन पर 1200 से अधिक वोटर नहीं होंगे

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रिणवा ने कहा कि एक पोलिंग स्टेशन पर 1200 से अधिक वोटर नहीं होंगे। हमने नए पोलिंग स्टेशन बनाए हैं, हमने 6 दिन का समय निर्वाचन आयोग से मांगा। 15 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन बने, 15 करोड़ मतदाता थे।

### एमएलसी चुनाव : सभी 11 सीटों की फाइनल लिस्ट जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आने वाले दिनों में 11 सीट पर एमएलसी चुनाव होने हैं। इसमें 5 स्नातक और 6 शिक्षक खंड क्षेत्र के लिए चुनाव होना है। वहीं इसी बीच निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को कर दिया है। दरअसल स्नातक खंड के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ एवं इलाहाबाद-झांसी और शिक्षक खंड के छह निर्वाचन क्षेत्रों लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद की वोटर लिस्ट जारी कर दी है।

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जिसमें लगभग 28.9 मिलियन (2.89 करोड़) नाम हटा दिये गये हैं। अब एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट में कुल मतदाताओं की संख्या 15.44 करोड़ से घटकर 12.56 करोड़ हो गई है, जो लगभग 18.70 प्रतिशत की कमी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को घोषणा की कि प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15030 नए बूथ जोड़े गए हैं।

प्रदेश में पोलिंग स्टेशनों की संख्या 1,62,486 से बढ़कर 1,77,516 हो जाएगी। 23 दिसंबर को ईसीआई ने प्रदेश के 75 जिलों में 403 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक 1,200 मतदाताओं के आधार पर पोलिंग स्टेशनों के आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। 11 दिसंबर के डेटा के अनुसार, जब गिनती के दूसरे दौर का समापन हुआ था, तो राज्य में ऐसे वोटर्स की संख्या 2.96 करोड़ थी, जिनका पता नहीं चल पाया था। 26 दिसंबर के डेटा के अनुसार, यह आंकड़ा घटकर 2.89 करोड़ वोटर्स हो गया। आंकड़ों के अनुसार, 28.9 मिलियन ऐसे वोटर्स में से जिनका पता नहीं चल पाया था, उनके 12.9 मिलियन (8.40 प्रतिशत) को स्थायी रूप से स्थानांतरित, 4.6 मिलियन (2.99 प्रतिशत) को मृत, 2.54 मिलियन (1.65 प्रतिशत) को डुप्लीकेट और 7.95 मिलियन (5.15 प्रतिशत) को लापता के रूप में वर्गीकृत किया गया था। 774,472 अन्य वोटर्स (0.50 प्रतिशत) ने फॉर्म लेने के बाद भी गिनती के फॉर्म वापस नहीं किए थे।

# मोदी के खिलाफ भड़काऊ भाषण पर जेएनयू सख्त

■ आरोपी छात्रों पर दर्ज करवाई एफआईआर




### घटना का वीडियो वायरल

कार्यक्रम का एक वीडियो भी ऑनलाइन सामने आया है। विश्वविद्यालय ने वर्तमान जेएनयूएसयू अध्यक्ष अदिति मिश्रा समेत कई छात्रों के नाम लेते हुए कहा है कि कार्यक्रम के दौरान कई बार इस तरह की नारेबाजी की गई। पत्र में कहा गया है कि सुरक्षा अधिकारी मौके पर मौजूद थे और स्थिति पर नजर रख रहे थे। पत्र के अनुसार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने पुलिस से भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है।

**नई दिल्ली।** जेएनयू प्रशासन ने कैंपस में हुए एक विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने वाले छात्रों पर कड़ा ऐक्शन लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी किए गए पोस्ट में, विश्वविद्यालय ने बताया कि इस मामले में एक एफआईआर दर्ज की गई है और घटना से जुड़े छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने सोमवार की देर रात परिसर में हुए एक कार्यक्रम के दौरान छात्र संघ की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई अत्यंत आपत्तिजनक और भड़काऊ नारेबाजी का कड़ा संज्ञान लिया है। विश्वविद्यालय ने इसे संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जानबूझकर अनादर बताते हुए दिल्ली पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया था।

## भाजपा बेईमानी व भ्रष्टाचार पर उतारू : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूरी तरह बेईमानी और भ्रष्टाचार पर उतर आई है। भाजपा ने प्रदेश को लूट लिया है और जनता को धोखा देने के लिए मंत्रिमंडल विस्तार जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव प्रदेश में लोकतंत्र बचाने का चुनाव है और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर पूरी ताकत से जुटना होगा।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। सरकार की विफलताओं के कारण जनता का भरोसा उससे उठ चुका है।

# परिवार में बिजनेस प्रॉपर्टी गिफ्ट करना हुआ आसान

■ योगी कैबिनेट का तोहफा, स्टांप ड्यूटी में बड़ी छूट



### उच्च शिक्षा से जुड़े दो अहम प्रस्ताव मंजूर

कैबिनेट बैठक में उच्च शिक्षा से जुड़े दो अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने फर्जी डिग्री और गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के चलते जेएस विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) के परिसमापन का फैसला किया है। परिसमापन के बाद विश्वविद्यालय के अभिलेख डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के संरक्षण में रहेंगे और डिग्रियों का सत्यापन वहीं से किया जाएगा। दूसरे अहम फैसले में, आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के ग्रेटर नोएडा में ऑफ-कैंपस के संचालन के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने को भी मंजूरी दी गई है। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनसीआर क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे और छात्रों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

### यूपी बनेगा वैश्विक सर्विस का केंद्र, जीसीसी नीति को मंजूरी

बैठक में उत्तर प्रदेश वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति-2024 की नियमावली को मंजूरी दे दी गई। इस नियमावली के लागू होने से प्रदेश को वैश्विक निवेश, उच्च स्तरीय सेवाओं और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में नई गति मिलेगी। कैबिनेट से अनुमोदित नियमावली के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। यह नियमावली जीसीसी नीति-2024 के प्रख्यापन की तारीख से प्रभावी मानी जाएगी। जो राज्य सरकार द्वारा संशोधन अथवा समाप्त किए जाने तक लागू रहेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि प्रदेश में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है, जिसके चलते निवेश करने के लिए उद्योग घराने और मल्टीनेशनल कंपनियां संपर्क में हैं। इसके लिए जीसीसी नीति बहुत लाभप्रद है और आज इसकी एसओपी लेकर आए हैं।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में कुल 13 प्रस्ताव पास हो गए हैं। बैठक में यूपी वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति-2024 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमावली-2025 को मंजूरी प्रदान की गई है। इस नियमावली के लागू होने से प्रदेश को वैश्विक निवेश, उच्च स्तरीय सेवाओं और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में नई गति मिलेगी।

कैबिनेट से अनुमोदित नियमावली के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। यह नियमावली जीसीसी नीति-2024 के प्रख्यापन की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी। राज्य सरकार द्वारा संशोधन अथवा समाप्त किए जाने तक लागू रहेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कैबिनेट के निर्णय के विषय में बताया कि प्रदेश में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है, जिसके चलते निवेश के लिए उद्योग घराने व मल्टीनेशनल कंपनियां हमारे संपर्क में हैं। जीसीसी नीति हमारे लिए लाभप्रद है और आज हम इसकी एसओपी लेकर आए हैं। यूपी में जीसीसी के निवेश में लगातार वृद्धि हो रही है।

चालू वित्तीय वर्ष में 21 कंपनियों ने इसमें निवेश प्रारंभ कर दिया है। इसके माध्यम से प्रदेश में व्यापक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। नियमावली के अनुसार, जीसीसी किसी भारतीय अथवा विदेशी कंपनी द्वारा स्थापित एक कैप्टिव इकाई होगी, जो सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास, वित्त, मानव संसाधन, डिजाइन, इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स और नॉलेज सर्विसेज जैसे रणनीतिक कार्यों का निष्पादन करेगी।

वहीं यूपी राज्य में परिवार के सदस्यों के मध्य निष्पादित अचल संपत्ति के दान विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में दी जा रही छूट के दायरे को और व्यापक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस निर्णय से अब पारिवारिक सदस्यों के बीच व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी स्टाम्प शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में दान विलेखों पर संपत्ति के मूल्य के अनुसार हस्तांतरण पत्र की भांति स्टाम्प शुल्क देय होता है, जबकि रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 के प्रावधानों के अनुसार अचल संपत्ति के दान विलेख का पंजीकरण अनिवार्य है।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2 की 3 अगस्त 2023 की अधिसूचना के माध्यम से यह व्यवस्था की गई थी कि अगर अचल संपत्ति का दान परिवार के सदस्यों के पक्ष में किया जाता है तो स्टाम्प शुल्क में छूट देते हुए अधिकतम 5,000 रुपये ही लिया जाएगा। यह छूट अब तक केवल कृष्य एवं आवासीय संपत्तियों तक सीमित थी। योगी कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव के तहत इस छूट को पारिवारिक सदस्यों के मध्य व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी लागू करने का निर्णय लिया गया है। इससे परिवारों के बीच संपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और कम खर्चीली हो जाएगी।

कैबिनेट की बैठक में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग से जुड़े दो अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत कैबिनेट ने कुशीनगर जिले की तहसील कप्तानगंज में उप निबंधक कार्यालय भवन के निर्माण हेतु ग्राम बसहिया उर्फ कप्तानगंज स्थित तहसील परिसर की भूमि में से 0.0920 हेक्टेयर (920 वर्गमीटर) भूमि को स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। वर्तमान में उप निबंधक कार्यालय जीर्ण-शीर्ण भवन में संचालित है, जिसे ध्वस्त कर नए भवन का निर्माण किया जाएगा।

इसके साथ ही कैबिनेट ने झांसी में उप निबंधक कार्यालय सदर एवं अभिलेखागार के निर्माण हेतु पुरानी तहसील परिसर, मौजा झांसी खास स्थित आराजी संख्या 3035 में से 0.0638 हेक्टेयर (638 वर्गमीटर) भूमि को राजस्व विभाग से स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को आवंटित/हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की। दोनों ही मामलों में भूमि राज्य सरकार के स्वामित्व की है, अतः भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के तहत स्टाम्प शुल्क से तथा रजिस्ट्रेशन अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण शुल्क से छूट प्रदान की जाएगी।

## सोनिया गांधी गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष और संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में सोमवार देर रात को भर्ती कराया गया है। सोनिया गांधी की तबीयत पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रही थी, जिस वजह से उन्हें भर्ती किया गया है। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनकी पूरी निगरानी कर रही है।

मंगलवार को प्राप्त जानकारी के मुताबिक गंगाराम अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है। अभी तक हालांकि कांग्रेस पार्टी की ओर से सोनिया गांधी के सेहत को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सोनिया गांधी पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही हैं।

# प्रदूषण से नितिन गडकरी को हो जाती है एलर्जी

■ दिल्ली की जहरीली हवा पर केंद्रीय मंत्री का बयान



### फॉसिल फ्यूल का इस्तेमाल कम करना होगा

गडकरी ने फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि फॉसिल फ्यूल सीमित हैं और प्रदूषण बढ़ रहा है। क्या हम फॉसिल फ्यूल का इस्तेमाल कम नहीं कर सकते? हम इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन से चलने वाली गाड़ियों को बढ़ावा क्यों नहीं दे सकते।

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम के दौरान दिल्ली-एनसीआर में लगातार हो रहे प्रदूषण संकट पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रदूषण की वजह से एलर्जी हो जाती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं यहां (दिल्ली-एनसीआर) तीन दिन रहता हूं और इस प्रदूषण की वजह से मुझे एलर्जी हो जाती है।

दरअसल, ये बयान नितिन गडकरी (68) ने पूर्व केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर की किताब लॉन्च के मौके पर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी माना कि दिल्ली और उसके आस-पास के इलाकों में प्रदूषण में ट्रांसपोर्ट का 40 फीसदी योगदान है। उन्होंने कहा कि मैं ट्रांसपोर्ट मंत्री हूं और 40 प्रतिशत प्रदूषण ट्रांसपोर्ट की वजह से ही होता है। नितिन गडकरी ने यह भी कहा कि भारत हर साल फॉसिल फ्यूल पर लगभग 22 लाख रुपये खर्च करता है। उन्होंने अपनी इको-फ्रेंडली फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ी के बारे में भी बात की, जो पूरी तरह से इथेनॉल से चलती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रदूषण कम कर सकती है और इंपोर्टेड फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता भी कम कर सकती है। नितिन गडकरी ने ये बातें ऐसे समय कही हैं, जब दिल्ली की हवा की क्वालिटी काफी खराब हो गई है और फिर से गंभीर कैटेगरी में घोषित किया गया है। राजधानी भारत का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बन गया है।

**चिंताजनक** तनाव में हैं ईरान में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के अभिभावक

# खामनेई सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन



### कई जगहों पर इंटरनेट की समस्या

ईरान में रह रहे छात्रों ने घरवालों से कई तरह की दिक्कतों का जिक्र किया है, कई जगहों पर इंटरनेट की दिक्कत है, कहीं पब्लिक ट्रांसपोर्ट को लेकर भी परेशानी की बातें सामने आई है। ऐसे में हम चाहते हैं कि सरकार इन्हें लेकर ना सिर्फ हेल्पलाइन चालू रखे बल्कि 24 घंटों जारी रहने वाले कम्युनिकेशन के सारे चैनल्स भी खुले रखे, जिससे कि इन छात्रों को वहां के मौजूदा हालात की वजह से दिक्कत ना हो। बता दें कि इससे पहले ईरान और इजरायल के बीच जून में हुए संघर्ष के दौरान भी भारत सरकार ने इन छात्रों को इवैक्युएट किया था।

**नई दिल्ली।** ईरान में बीते कुछ समय से अंदरूनी अस्थिरता की वजह से अस्थिरता का दौर है। जनता खामनेई की अगुवाई वाली सरकार के खिलाफ सड़कों पर है। कुछ समय से तेहरान, शिराज समेत कई शहरों में फिलहाल सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी सड़कों पर हैं। ईरान के ऐसे हालात को देखते हुए भारत सरकार ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने वहां रह रहे भारतीयों नागरिकों को सतर्क रहने और एंबेसी के साथ संपर्क में रहने के लिए भी कहा है।

ऐसे में वहां मेडिकल की पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी उनके परिजन चिंतित हैं। ईरान में करीब 3000 भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं। मेडिकल छात्रों को पेश आ रही दिक्कतों के मसले को सरकार के साथ उठाते हुए ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने तीन दिन पहले विदेश मंत्री डॉ जयशंकर को लिखी एक चिट्ठी में इस मामले में दखल करने को कहा था। ईरान में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे तीन हजार में से 2000 जम्मू कश्मीर से हैं। इसीलिए छात्र इकाई जम्मू एंड कश्मीर स्टूडेंट यूनियन ने भी पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिख इस ओर ध्यान है।

चिट्ठी में कहा गया है कि ये भारतीय छात्र ईरान स्थानीय होटल, यूनिवर्सिटी, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और दूसरी जरूरी सेवाओं पर निर्भर हैं, जो विरोध प्रदर्शन के चलते प्रभावित हो सकती हैं। चिट्ठी में हालात बिगड़ने पर इनके इवैक्युएशन का प्लान तैयार रखने की अपील भी की गई है। जेएकेएस के राष्ट्रीय समन्वयक नासिर खुमैनी का कहना है कि कश्मीर में इन छात्रों के घरवाले परेशान हैं। इनके परिजनों को लगता है कि आने वाले वक्त में हालात खराब होंगे, ऐसे में वो छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

**बेहतर हालात के इंतजार में छात्र :** ईरान में कई जगह पढ़ाई ऑनलाइन मोड में हो रही है। किरमान प्रांत में में मेडिकल साइंस की पढ़ाई कर रहे फैजान को यहां आए एक साल ही हुआ है। वो कहते हैं कि प्रदर्शनों की वजह से यहां अस्थिरता है। बाजार भी अक्सर बंद ही रहते है, लेकिन हालात ऐसे नहीं है कि पूरी तरह से नियंत्रण से बाहर हों। भारतीय एंबेसी विभिन्न विश्विद्यालयों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क में है। फैजान ने कहा कि फिलहाल तो वो सुरक्षित हैं। ऐसे में फिलहाल लगता नहीं कि किसी भी तरह से पैनिक करने की जरूरत है। वो उम्मीद जता रहे हैं कि उम्मीद है कि प्रदर्शन थमने पर क्लासेस फिर से शुरू हो जाएगी।

**ईरान के विदेश मंत्री आएंगे भारत :** ईरान में इस वक्त उथल पुथल के बीच वहां के विदेश मंत्री अब्बास अरागची इसी महीने भारत आएंगे। हालांकि उनके दौरे की तारीखों को लेकर कुछ भी आधिकारिक तौर पर नहीं कहा गया है। ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौर और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के बीच उनकी इस यात्रा को अहम माना जा रहा है।

# पहली हाइड्रोजन ट्रेन पटरी पर दौड़ने को तैयार

■ जिंद-सोनीपत रूट पर होगा ट्रायल




**चंडीगढ़।** हरियाणा भारत की पहली हाइड्रोजन-चालित ट्रेन के शुभारंभ का गवाह बनने जा रहा है। उत्तरी रेलवे की यह महत्वाकांक्षी परियोजना जिंद और सोनीपत के बीच संचालित होगी और इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिंद में स्थापित हाइड्रोजन संयंत्र के लिए 11 किलोवाट की स्थिर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है, जो ट्रेन के परीक्षण और नियमित संचालन के दौरान ईंधन उपलब्ध कराएगी।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के अधिकारियों के साथ परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए संयुक्त बैठक की। बैठक में संयंत्र की मौजूदा बिजली आपूर्ति, बैकअप व्यवस्था और भविष्य की आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि परियोजना में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए विद्युत आपूर्ति प्रणाली की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्थाओं और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को और मजबूत करने पर जोर दिया।

बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के तहत जिंद में भारत का सबसे बड़ा हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित किया गया है, जिसकी भंडारण क्षमता 3,000 किलोग्राम है। संयंत्र 24गुणा7 आधार पर संचालित होगा, इसलिए निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति अनिवार्य है। डीएचबीवीएन के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि संयंत्र को स्थिर बिजली आपूर्ति दी जा रही है और अतिरिक्त निगरानी व त्वरित रखरखाव की व्यवस्था भी की गई है। उत्तरी रेलवे ने भी संयंत्र को उपलब्ध कराई जा रही बिजली की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक विक्रम यादव और मुख्य अभियंता राजेंद्र सभरवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

# मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन डीएम ने जनमानस के लिए किया जारी



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुरखीरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर प्रक्रिया के तहत जनपदमुख्यालय के मतदान केंद्र गुरुनानक इंटर कॉलेज में मतदाता सूची का ड्राफ्टपब्लिकेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएमदुर्गा शक्ति नागपाल ने डिप्टी डीईओ/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथमतदान केंद्र के सभी बूथों की ड्राफ्ट सूची जनमानस के अवलोकन के लिए जारीकी। कार्यक्रम का सफल संयोजन ईआरओ/एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह ने कियाकार्यक्रम के दौरान डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्यकरने वाले पांच बूथ लेवल ऑफिसर और तीन सुपरवाइजर को माला पहनाकर औरप्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया डीएम ने कहा कि इस अभियान में जुड़े सभीकर्मियों ने दिन-रात मेहनत कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने मेंमहत्वपूर्ण योगदान दिया।

18 वर्ष की आयु पूरी होने पर युवा फॉर्म छह भरकरमतदाता बनें, क्योंकि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि देश सेवा का पहला कदमहै। प्रत्येक योग्य मतदाता का मतदान हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाता है औरइसे पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित करना प्रशासन कीप्राथमिक जिम्मेदारी है उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ड्राफ्ट सूची केप्रकाशन के दौरान नागरिकों को अपने नाम, पता और अन्य विवरणों में सुधार केलिए पूरा अवसर दिया गया है। डीएम ने सभी कर्मियों और युवा प्रतिभागियों कोअपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिएप्रेरित किया एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया केवलप्रशासनिक काम नहीं, बल्कि लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चितकरने का अहम कदम है। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजरों की मेहनतकी सराहना करते हुए कहा कि दिन-रात किए गए प्रयास से मतदाता सूचीत्रुटिरहित तैयार की गई है।इस दौरान 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के लिए बीएलओ द्वारा मैन्युअल औरऑनलाइन फॉर्म छह भरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में तहसीलदारमुकेश कुमार, स्थानीय नागरिक, बूथ लेवल ऑफिसर, सुपरवाइजर, जनप्रतिनिधि औरयुवा छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 06 जनवरी से 06 फरवरी तक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुरखीरी।** मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित अटलसभागार में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने राष्ट्रीय और राज्यीयमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक कासंचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। इस अवसर पर डीएम ने राजनीतिकदलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन की प्रतियांप्रदान कीं।प्रारूप प्रकाशन के आंक?ों के अनुसार, जनपद की आठों विधानसभाओं (पलिया, निघासन, गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर, धौरहरा, लखीमपुर, कस्ता और मोहम्मदी) में कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 13,08,140 और महिला मतदाताओं की संख्या 10,75,881 है। वहीं, जिले में कुल 49 थर्डजेंडर मतदाता भी पंजीकृत हैं। सर्वाधिक मतदाता लखीमपुर विधानसभा (3,22,931) में हैं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली केड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद नागरिकों को दावे और आपत्तियां दर्ज कराने काअवसर 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक मिलेगा। इस अवधि में मतदाता सूची मेंनाम जोड़ने, सुधार या स्थानांतरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिन युवाओंकी 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी हो चुकी है या होने वाली है, उन्हें फॉर्म-6 का उपयोग करना होगा। फॉर्म-6 के साथ अनुलग्नक-4 (घोषणापत्र) और आवश्यक अभिलेख संलग्न कर जमा करना अनिवार्य है निर्वाचक सूची मेंपहले से दर्ज मतदाताओं में किसी प्रविष्टि में सुधार या एक स्थान से दूसरेस्थान पर स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 का प्रयोग किया जाएगा। मतदाता सूची सेनाम अपमार्जित करने के लिए फॉर्म-7 का उपयोग होगा। प्रवासी भारतीय, जोविदेश में रहते हैं, उन्हें फॉर्म-6ए के साथ आवश्यक अभिलेख जमा कराना होगायदि किसी नागरिक का नाम या उनके माता-पिता/दादा-दादी का नाम पूर्व विशेषप्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 की निर्वाचक सूची में शामिल नहीं है, तो उसे अपनेनामांकन के लिए आवश्यक अभिलेख संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी को जमाकरना होगा।इसमें केंद्र/राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमद्वारा जारी पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश, 01.07.1987 से पहले जारीसरकारी प्रमाण पत्र/पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारीमैट्रिक/शैक्षणिक प्रमाण पत्र,सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायीनिवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी/एससी/एसटी या जाति प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर में दर्ज अभिलेख, राज्य/स्थानीय प्राधिकरणद्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर, भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्रशामिल हैं। वही आधार के लिए आयोग के पत्र संख्या 23 / 2025 - ईआरएस / खंड 77 दिनांक 09.09.2025 (अनुलग्नक ढ्ढ्ढ) द्वारा जारी निर्देश लागू होंगे। बिहारएसआईआर की मतदाता सूची का अंश, 01.07.2025 की संदर्भ तिथि के अनुसार ।

# 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना गोला पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 006/2025 धारा 109(1), 115(2) बी0एन0एस0 में 01 नफर वांछित अभियुक्तभास्कर सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी सब्जी मण्डी मोड़ कुम्हारन टोला कस्बा वथाना गोला जनपद खीरी उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदाअभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिककार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया ।

# जिलाधिकारी के आदेशकी उड़ाई जा रही धज्जिया

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** कडकाती ठण्ड के चलते जनपदके क्लास 12 तक के सभी स्कूल कॉलेज 14 जनवरी तक बंद के जिलाधिकारी ने आदेशदिये हैं इसके बावजूद भीरा कस्बे के स्वामी विवेकानंद स्कूल मे एक्स्ट्राक्लासेज के नाम पर बच्चों को स्कूल आने पर मजबूर किया जा रहा है।

# महेवागंज से घोसियाना रोड बाईपास के चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटानेका अभियान जारी

**लखीमपुरखीरी। (अवधनामा संवाददाता)** महेवागंज से घोसियाना रोड बाईपास के चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटानेका अभियान जारी है। प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बाद लोगस्वयं अपने अतिक्रमण हटा रहे हैं। इस दौरान सड़क पर आवागमन चालू है, जिससेराहगीरों को चोट लगने का खतरा बना हुआ है।

# धौरहरा वन रेंज क्षेत्र में जंगली जानवरोंकी बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में दहशत

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** धौरहरा वन रेंज क्षेत्र में जंगली जानवरोंकी बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में दहशत है। रविवार को बाघ घोसियानागांव से एक बछिया उठा ले गया। सोमवार को जोगी बाबा स्थान पर एक बैल काशिकार किया है। सुजईकुंडा और रामनगर लहबड़ी गांव के खेतों में बाघ कीचहलकदमी देखी गई। इससे किसानों में भय का माहौल है।सुजईकुंडागांव निवासी प्रगतिशील किसान सभ्रांत शुक्ला के खेत में बाघ को टहलते देखकिसानों ने सिंचाई का काम छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर रुख कर लिया। इससेपहले भी क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी के संकेत मिलते रहे हैं। ग्रामीणों केअनुसार रात के समय दहाड़ सुनाई देना आम हो गया है बीते 30 दिसंबर कोमंगरौली गांव निवासी सिराजुद्दीन (65) हरदुआ नाले के पास गोंदी काटने गएथे। जहां बाघ के हमले से उनकी मौत हो गई थी। 31 दिसंबर की सुबह उनका अधखायाशव बरामद हुआ था। इसके बाद से वन विभाग की टीम क्षेत्र में निगरानी कर रहीहै, लेकिन बाघ अब तक पकड़ा नहीं जा सका है। बाघ लगातार शिकार कर रहा है।रविवार को घोसियाना गांव में एक बछिया और सोमवार शांम को जोगी बाबा स्थानपर एक बैल का शिकार करने बाघ बाघ रात भर दहाड़ता रहा।

# विभागीय अधिकारी अपने कार्यालय एवं घरों में भी विदुर ब्रांड के आइटम्स का उपयोग करें सुनिश्चितः डीएम

**मिड-डे मील तथा सामुदायिक शौचालयों में विदुर ब्रांड की सामग्री करें प्रयोग, अमानगढ़ में भी खोला जाए विदुर कैफे एवं सोवीनयर शॉपः डीएम**



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** डीएम मोहतरमा जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विदुर ब्रांड से संबंधित बैठक आयोजित हुई। जिसमें उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका धामपुर एवं नगीना को सख्त निर्देश दिए कि अपने अपने नगर पंचायत क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य की सापेक्ष विदुर कैफे खुलवाएं। उन्होंने लक्ष्य से कम विदुर कैफे खोले जाने वाले नगर निकाय क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक नगर निकाय क्षेत्र शत प्रतिशत रूप से लक्ष्य के सापेक्ष विदुर कैफे खुलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बीएसए एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि मिड-डे मील तथा सामुदायिक शौचालयों में उपयोग होने वाली समस्त सामग्री विदुर ब्रांड की होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे कोटेदार जिन्होंने विदुर ब्रांड के आइटम्स का अभी तक भुगतान नहीं किया है, तत्काल उसका पेमेंट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन का आधार है। उन्होंने कहा कि बीसी सखी के माध्यम से महिलाएं आज गांव-गांव में सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों को सशक्त करते हुए उन्हें विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के गठन और पुराने समूहों को सक्रिय करने तथा ग्रामीण क्षेत्र की प्रत्येक पात्र महिला को इन समूहों से जोड़कर उन्हें बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मिशन के अंतर्गत लखपति दीदी अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से ऊपर ले जाने के प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन समूहों को अभी तक रिवॉल्विंग फंड और सामुदायिक निवेश निधि की प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें तत्काल प्रभाव से धनराशि उपलब्ध कराई जाए ताकि वे अपने सूक्ष्म उद्यम शुरू कर सकें।

# वन संरक्षण क्षेत्रीय निर्देशक मुरादाबाद से मिला भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** नजीबाबाद जन समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष भाजपा बिजनौर सुधीर भुईय्यार जी के नेतृत्व में वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक मुरादाबाद वित्त मुरादाबाद रमेश चन्द्र से भेट वार्ता कर विभाग संबंधित समस्याओं के संबंध में चर्चा हुई। इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधीर भुईयार विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष एडवोकेट संदीप चौधरी किसान मोर्चा के जिला मंत्री शोभित चौधरी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता चौधरी योगेंद्र सिंह किसान नेता ज्ञान सिंह नांगल वाले एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी बिजनौर रणवीर सिंह निराला मौजूद रहे।

# सांसद इकरा हसन ने जनसुनवाई में किया समस्याओं का निस्तारण

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** कैराना सांसद इकरा हसन ने जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उनका तत्काल निस्तारण कराया।

देहरादून रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नकुड़, गंगोह, सरसावा,चिलकाना व सहारनपुर नगर के कई लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचें, जहां कैराना सांसद इकरा हसन ने लोगों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता करके उनका तत्काल निस्तारण करवाया। इस दौरान शेखपुरा से बड़ी संख्या में मृतक परिवारों को मुआवजे दिलाने को लेकर पीड़ित जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे, जहां इकरा हसन ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता की और तत्काल पीड़ित परिवारों की मदद करवाने के लिए कहा। वरिष्ठ सपा नेता व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा और जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी ने पिछले कई वर्षों से चल रही तिब्बती मार्केट के मामले से भी अवगत करवाया। इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष नकुड़ संदीप सैनी, नियाज प्रधान, साजिद चौधरी, मुबारिक हसन, मनप्रीत सिंह संजू, शुभम वर्मा, रवि यादव, मुदस्सिर अहमद, गुलाम रब्बानी, शौकत, गुलफाम, राव अब्दुल रहमान, राव मोबिन, अकबरी, शकीना, जुल्फान, रहमान, कुर्बान प्रधान आदि मौजूद रहे।

# रिश्तो को ताक पर रखकर,ताई की हत्या के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लूट गया माल तथा एक लाख से ऊपर की नगदी बरामद**



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।**थाना दातागंज क्षेत्र के ग्राम पापड़ हम्जापुर में विगत दिनों घर में घुसकर लूटपाट कर महिला को मौत के घाट उतारने वाल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।पुलिस को इनके कब्जे से लूटे गए माल के साथ-साथ एक लाख से ऊपर की नकदी सहित मोबाइल बरामद हुए हैं। विदित हो कि विगत शनिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम पापड़ हम्जापुर में मुन्नी देवी पत्नी रामौतार का शव उनके ही घर से पुलिस को बरामद हुआ था। घटना के समय मृतका का घर में अकेली थी।वह शुक्रवार रात को ही अपनी बेटी के घर तिलहर से,अपने घर पहुंची थी।घटना के बाद मृतका की पुत्री राधा गुप्ता की ओर से थाना दातागंज पर अपनी मां की हत्या के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा घटना के खुलासे हेतु चार टीमों का गठन कर दिया गया था।पुलिस तभी थे मामले की गहन तफ्तीश में जुटी हुई थी।मंगलवार को पुलिस ने घटना के दो आरोपी युवकों शिवम गुप्ता तथा हिमांशु गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता को गिरफ्तार करने की जानकारी दी गई है।

# ठंड में कंबल देकर दिलाई राहत

# मानवता का निभाया फ़र्ज़, लोगों ने दी दुआएं





*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** एक दूसरे की सेवा करना ही मानवता कहलाता है पर ये गुण भी ऊपर वाला किसी किसी को देता है। जी हां अपने शहर और सरजमीं से बेपनाह मोहब्बत करने वाले डॉक्टर डॉक्टर शादाब हुसैन (फिजियोथैरेपिस्ट) जो पंजाब के भट्टी शहर में रहकर लोगों का ईलाज करते हैं उनमे भी गरीब बेसहारा लोगों की मदद करने का जज़्बा फूट-फूटकर भरा हुआ है। वे अपने किसी काम से अपने शहर नजीबाबाद पहुंचे थे, जहां हर्षुवाड़े के मदरसे में उनके एक मरीज का फोन आया कि ठंड ज्यादा है यहां ठंड से लोग कांप रहे हैं वे तुरंत मदरसे में लगने वाले आंखों के कैंप में पहुंचे जहां पर उन्होंने ने देखा कि लोग शदीद ठंड में बाहर खड़े होकर लाइन में लगे हुए है अपने नंबर की इंतजार देख रहे हैं तो उनसे रहा न गया और तुरंत ही उन्होंने बाजार जाकर सभी 50 से 60 मरीजों के लिए कंबल खरीद लें आए और सभी जरूरतमंद बेसहाय लोगों को कंबल बांट दिये। उन्होंने बताया कि मानवता की सेवा करने में एक अलग ही मजा आता है आज जब बेसहारा लोगों को कंबल बांटे तो दिल को एक अजीब सुकून मिला और इस काम से ऊपर वाला भी राज़ी होगा। उन्होंने शहर के सभी लोगों से अपील की है शिद्दत की ठंड पड़ रही है हमें जहां पर भी जरूरत मंद लोग दिखाई दे तुरंत मदद कर पुन्य का काम करना चाहिए। वहीं सभी मरीज़ कंबल पाकर खुश हुए और डॉक्टर साहब और उनकी टीम को ढेर सारी दुआएं। इस मौके पर उनके साथ, डॉक्टर खालिद, डॉक्टर ईसा डॉ ज़ुबैर आसिफ, उमर,आदि मौजूद रहे।

# आठवें वेतन आयोग में पेंशन पुनरीक्षण शामिल न होने पर पेंशनर्स में रोष

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** आठवें वेतन आयोग के गठन संबंधी अधिसूचना में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को शामिल न किए जाने के विरोध में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने प्रदर्शन कर धरना दिया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक आज सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारी हकीकत नगर के रामलीला मैदान पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भारत सरकार द्वारा 03 नवंबर को जारी 8वें वेतन आयोग के गठन संबंधी नोटिफिकेशन में पेंशन पुनरीक्षण का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जबकि इससे पूर्व 7वें वेतन आयोग के संकल्प पत्र 28 फरवरी 2014 में पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्तिक लाभों को स्पष्ट रूप से वेतन आयोग के दायरे में शामिल किया गया था। संघ के अनुसार, पेंशन पुनरीक्षण को वेतन आयोग की परिधि से बाहर रखना पेंशनर्स के साथ अन्याय है।

# अटल जी के सिद्धान्तों व आदर्शो पर चल रही है भाजपा सरकारः देवेन्द्र चौधरी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि, दृढ़ विश्वास और कुशल राजनीतिक नेतृत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने विपरित विचार धाराओं वाली 21 पार्टियों की सरकार का प्रधानमंत्री के रुप में सफलता पूर्वक संचालन किया। उन्होंने कहा कि आज देश में भाजपा की सरकारें उन्हीं की प्रेरणा और सिद्धांतों व आदर्शो को लेकर चल रही है। देवेन्द्र चौधरी आज यहां सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आयोजित नगर निगम क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का शुभारंभ अटल जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन व पुष्पांजलि अर्पण से हुआ। देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि अटल जी ने पोखरण विस्फोट कर पाकिस्तान और पूरी दुनिया को संदेश दे दिया था कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा करना जानता है और उसी विश्वास को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को 15 मिनट में 'मिशन सिंदूर' से सबक सिखाया है। देवेंद्र चौधरी ने अटल जी से जुड़े अनेक संस्मरण भी साझा किये।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी अखण्ड भारत के स्वप्न दृष्टा थे। उन्होंने देश में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नींव को मजबूत करते हुए देश को आगे बढ़ाया। पोखरण में विस्फोट कर उन्होंने विश्व स्तर पर यह संदेश दिया कि भारत अब एक परमाणु संपन्न और शक्तिशाली राष्ट्र हैं। आज उनकी गणना विश्व के कुशल राजनायिकों में की जाती है।

पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल वक्ता, एक कुशल राजनेता और एक सफल प्रधानमंत्री रहे है।

# यूथ नेशनल चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने जीत स्वर्ण पदक, जताया हर्ष



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** 7वीं यूथ नेशनल चैम्पियनशिप की कबड्डी प्रतियोगिता में सहारनपुर फिजिकल एकेडमी के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश कबड्डी टीम की ओर से प्रतिभाग करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहरा दिया। गौरतलब रहे कि यूथ स्पोर्ट्स एंड फिजिकल फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 7वीं यूथ नेशनल चैम्पियनशिप का आयोजन 03 से 04 जनवरी को हरिद्वार में किया गया। 7वीं यूथ नेशनल चैम्पियनशिप मे आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में सहारनपुर फिजिकल एकेडमी के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व किया। सहारनपुर फिजिकल एकेडमी के खिलाड़ियों के शानदार खेल के बलबूते उत्तर प्रदेश की कबड्डी टीम ने अंडर 14 वर्ग और अंडर 17 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहराया। कोच अरुण बौद्ध ने बताया कि अंडर 14 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली उत्तर प्रदेश की कबड्डी टीम में अनिकेत कुमार, अखिल, शिवांश, विनय, आमिश, गोविंद, आर्यन, अभिषेक तथा अंडर 17 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतने वाली उत्तर प्रदेश की कबड्डी टीम में साईद, शिवम, अंशुल, आयुष, अनिरुद्ध, तनवीर ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया।

# नगरायुक्त ने कराया सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का समाधान

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगर निगम में 'संभव' जनसुनवाई के दौरान आज सात समस्याएं आयी। इनमें तीन अतिक्रमण सम्बंधी तथा दो सफाई सम्बंधी रही। नगरायुक्त शिपू गिरि ने सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया तथा अतिक्रमण सम्बंधी समस्याओं के लिए प्रभारी प्रवर्तन को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड 3 अशोक विहार कॉलोनी निवासी हरिप्रकाश ने अशोक विहार में नालियों की साफ सफाई कराने तथा वार्ड 23 अंसारी रोड निवासी आशीष शर्मा ने कर्णवाल मार्किट में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने तत्काल सफाई निरीक्षकों व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्याओं का समाधान करा दिया। वार्ड 4 मनोहरपुर निवासी अनिल गर्ग ने सौ फुटा रोड पर मनोहरपुर में सीवर की साफ सफाई व ढक्कन लगवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस पर जल कल विभाग के अवर अभियंता को निर्देश दिए गए कि वह स्थलीय निरीक्षण कर सीवर की सफाई व ढक्कन लगवाने का कार्य कराएं।

इसके अलावा वार्ड 55 चंद्र नगर निवासी राजकुमार ने चंद्रनगर में अवैध अतिक्रमण हटवाने, वार्ड 59 विजय टाकिज निवासी तनवीर ने नाला पटरी विजय टाकिज पर अवैध अतिक्रमण हटवाने तथा वार्ड 5 सड़क दूधली के संजय ने सड़क दूधली में सड़क से अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए, जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 13 चकहरेटी के पदमसिंह ने भी चकहरेटी में जलभराव की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसके लिए नगरायुक्त ने गैराज प्रभारी को निरीक्षण उपरांत जलभराव निवारण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई

**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों के वितरण के सम्बन्ध में दिनांक 06.01.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों के वितरण के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आज दिनांक 06.01.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे बैठक आहूत की गयी। जिसमें निम्नांकित अधिकारियों/राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सर्वप्रथम सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्जीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/मन्त्री/प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाषित निर्वाचक नामावलियों के का वितरण किया गया साथ ही सम्भाजन के उपरान्त बढे हुये मतदेय स्थल पर नियुक्त बूथ लेविल अधिकारी एवं वी0एल0ओ0 सुपरवाईजर के नाम व मोबाइल नम्बर की सूची उपलब्ध करायी गयी और कहा गया कि अपने वी0एल0ए0 को उपलब्ध करा दें।

जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रगाढ़ पुनरीक्षण में आज दिनांक 06.01.2026 तक निम्न विवरण के अनुसार निर्वाचक नामावलियो में मतदाता विधमान है।

जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आलेख्य प्रकाशन दिवस दिनांक 06.01.2026 को प्रकाशित होने वाले वाली आलेख्य मतदाता सूची का अवलोकन उक्त स्थलों पर कर सकते हैं। दावे और आपत्तियां दिनांक 06.01.2026 से दिनांक 06.02.2026 प्राप्त की जायेंगी तथा उनका निस्तारण 27.02.2026 तक किये जाने हेतु आयोग द्वारा समय-सीमा निर्धारित की गयी है।

आयोग द्वारा 04 अर्हक तिथियां निर्धारित की गयी हैं, अतः दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की उपरोक्त अवधि के दौरान यदि कोई मतदाता 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के अतिरिक्त 1 अप्रैल, 2026, 1 जुलाई, 2026 व 1 अक्टूबर, 2026 को अर्ह हो रहे हैं, तो ऐसे मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 (अनुलग्नक-प्ट) भरकर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जमा कर सकता है तथा निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि में संशोधन करने/मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने/निवास परिवर्तन हो जाने के संबंध में फार्म-8 एवं घोषणा पत्र भरकर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जा सकता है। मतदाता सूची में पंजीकरण कराने या किसी भी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन इत्यादि के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप ECINET mobile app एवं https://voters.eci.gov.in के माध्यम से भी फार्म-6 व फार्म-8 घोषणा-पत्र सहित सबमिट किया जा सकता है।

## श्याम जायसवाल ने केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया को नव वर्ष पर दी बधाई

**अवधनामा संवाददाता, बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विधानसभा-302 शोहरतगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी श्याम जायसवाल ने अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन व उर्वरक राज्यमंत्री सहित सांसद मीरजापुर श्रीमती अनुप्रिया पटेल से सोमवार को उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर स्नेहिल भेंटकर नव वर्ष 2026 के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने श्याम जायसवाल से विस्तारपूर्वक विधानसभा शोहरतगढ़ को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए नव बर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आपको बता दें कि भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने नव वर्ष के प्रथम दिन गुरुवार से अब तक जारी शुभकामना सन्देश में राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल नव बर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के निरन्तर प्रयासों से देश और प्रदेश विकास के नये आयाम छू रहे हैं।

# विशेषज्ञ व्याख्यान एवं उन्नत जैव-प्रौद्योगिकी सुविधाओं का भ्रमण किया गया

**आईसीएआर प्रायोजित सीएएफटी प्रशिक्षण**

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** आईसीएआर प्रायोजित कार्यात्मक दुग्ध खाद्य संकल्पना से व्यवसायीकरण तक विषयक उन्नत संकाय प्रशिक्षण (सीएएफटी) कार्यक्रम के दूसरे दिन,दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग,कृषि विज्ञान संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्यात्मक खाद्य एवं दुग्ध अनुसंधान से संबंधित विशेषज्ञ व्याख्यानों के साथ उन्नत जैव-प्रौद्योगिकी एवं विश्लेषणात्मक सुविधाओं का अवलोकन कराया गया।

इस अवसर पर डॉ. गोपाल नाथ,एमडी, पीएचडी,एफएएमएस, डीन (अनुसंधान),चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बीएचयू, द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य अनुसंधान में बैक्टीरियोफेज के अनुप्रयोग विषय पर आमंत्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने रोगजनक सूक्ष्मजीवों के नियंत्रण में बैक्टीरियोफेज की भूमिका को एक लक्षित जैविक माध्यम के रूप में स्पष्ट किया तथा दुग्ध एवं खाद्य प्रणालियों में पारंपरिक प्रतिजैविक विधियों के प्रभावी विकल्प के रूप में इसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्रो. अनिल कुमार चौहान,वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पाठ्यक्रम निदेशक,दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग,द्वारा खाद्य सुरक्षा, खाद्य कानून एवं नियामक अनुपालन विषय पर विशेष व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कार्यात्मक दुग्ध उत्पादों के सफल व्यवसायीकरण में राष्ट्रीय खाद्य नियमों, सुरक्षा मानकों तथा नियामक ढाँचों के महत्व पर विस्तृत चर्चा की।

द्वितीय दिवस की गतिविधियों के अंतर्गत प्रतिभागियों को बीआईओ-एनईएसटी जैव-प्रौद्योगिकी एवं उन्नत विश्लेषणात्मक सुविधाओं का भ्रमण भी कराया गया। उन्होंने यहां सेफ्टीफ्यूज तथा आदि जानकारी से अवगत हुए और प्रशंसा किया।सीएएफटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. राज कुमार दुआरी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अनिल कुमार चौहान के नेतृत्व में किया गया, जिसमें डॉ. तरुण वर्मा (पाठ्यक्रम समन्वयक) तथा डॉ. अरविंद कुमार, सह-प्राध्यापक, काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# मतदाता सूची का हुआ आलेख्य प्रकाशन, 6 फरवरी तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 06 जनवरी 2026 को आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। इस क्रम में 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि आलेख्य प्रकाशन अवधि में सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी/पदाभिहित अधिकारी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे। इस दौरान फार्म-6 (नया नाम जोड़ने हेतु), प्रवासी मतदाताओं के लिए फार्म-6ए, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 तथा संशोधन/पता परिवर्तन हेतु फार्म-8 उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने बताया कि 71-खैर (अजा), 72-बरौली, 73-अतरौली, 74-छर्रा, 75-कोल, 76-अलीगढ़ एवं 77-इगलास (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निवासी संबंधित साक्ष्यों सहित निर्धारित फार्म भरकर अपने बूथ लेवल अधिकारी को मतदान केंद्र पर अथवा तहसील स्तर पर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ईसीआई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे समयसीमा के भीतर अपनी प्रविष्टियों की जांच कर आवश्यक सुधार अवश्य कराएं, ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित बन सके।

# राम छाटपार शिल्पकला गंगा पार रेत पर रेत से बनाएगी अद्भुत कलाकृति

**19 जनवरी सोमवार को रविदास घाट के सामने रेत पर रेत से दिखेगी अद्भुत कलाकृति**

**( उत्पल दादा ) अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** चित्रकारिता एवं मूर्ति, कलाकृति के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रो0 मदनलाल ने ÷अवधनामा÷ को बताया कि,महेश नगर स्थित राम छाटपार शिल्प न्यास ÷ईशी गैलरी÷ में इस बार 25 अमूर्त चित्रों में भारतीय शास्त्रीय संगीत के राग झिंझोटी की भावनाएं एवं रंगों के साथ अद्भुत चित्र प्रदर्शनी आयोजित की गई है। यह प्रदर्शनी 25 जनवरी तक महेश नगर स्थित ÷ईशा गैलरी÷ में आयोजित की गैलरी में आयोजित है। यह चित्र 40वीं एकल चित्र प्रदर्शनी है और यह पूरा संगीत एव लय पर आधारित है। उन्होंने बताया कि,प्रत्येक 19 जनवरी को गंगा के उसे पार रविदास घाट के ठीक सामने रेत पर युवा कलाकार रेत पर रेत से अद्भुत कलाकृतियों को मूर्त रूप देते हैं। इस बार 19 जनवरी सोमवार को रविदास घाट के सामने रेत पर यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। यह अद्भुत और अलौकिक कलाकृतियों को देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक यहां पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि लगभग चार सौ कलाकार इस कलाकृतियों को बनाएंगे जिसमें बनारस के अलावा लखनऊ, इलाहाबाद, आजमगढ़,आगरा के अलावा कई शहरों से विद्यार्थी यहां आएंगे। यह प्रदर्शनी बिल्कुल निशुल्क होता हैआए हुए कलाकारों के देखभाल और खाने-पीने का आयोजन हमारा संस्था करता है।

# धूमधाम से मनाई गई अन्न त्यागी बाबा गुरू गोकुलदास की 111वीं जयंती

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** अन्न त्यागी बाबा गुरू गोकुलदास की 111वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कस्बा वासियों ने जयंती के मौके पर जुलूस निकाला। जुलूस दौरान युवक और युवतियां जमकर थिरकते हुए चल रहे थे। जुलूस कस्बे के खंदिया मुहाल से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग से आगे चलता हुआ कस्बे के मुख्य चौराहो से होता हुआ बाल्मीकि समाज द्वारा स्थापित अन्न त्यागी बाबा की समाधि स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुआ।

जुलूस में डीजे भांगड़ा की धुन पर कड़ाके की ठंड के बीच लोग नृत्य करते हुए चल रहे थे। जुलूस दौरान युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। जुलूस में हंस कार पर बाबा गुरूदास की प्रतिमा रखकर चल रहे थे। जुलूस में सबसे आगे अश्व नृत्य करते हुए चल रहे थे, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी। सड़क के दोनो तरफ लोग जुलूस देखने के लिए पहले से ही पहुंच गए थे। तमाम लोग सड़क किनारे खड़े हुए थे, वहीं सैकड़ों लोग अपनी अपनी छतों से जुलूस देख रहे थे।

जुलूस के समापन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरविंद नायक ने कहा कि बाबा गोकुलदास ने 12 वर्ष तक अन्न त्याग कर समाजसेवा की और अपने समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया। प्रशांत राजपूत ने बसोर समाज के लोगों को गुरू गोकुलदास के पद चिन्हों पर चलने की अपील की और समाज की एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों की तरह बाल्मीकि समाज को भी अब एक रहना होगा। इस मौके पर बसोर समाज के जिलाध्यक्ष मोहनलाल, बुंदेलखंड प्रभारी सुनील, ग्राम प्रधान छोटेलाल, रामस्वरुप, नीरज रामभरोसी रैकवार सहित तमाम वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर महोबा पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों के संबंध में दी गई जानकारी**

**अवधनामा संवाददाता**




**महोबा।** जिले में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बाल विवाह के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही एवं व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। बाल विवाह न केवल एक गंभीर सामाजिक कुरीति है, बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है, जो बच्चों विशेषकर बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य पर गंभीर और दीर्घकालिक दुष्प्रभाव डालता है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात तेज प्रकाश सिंह के नेतृत्व में बस स्टॉप महोबा पर एक विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा यातायात प्रभारी सुनील कुमार के साथ आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा उपस्थित लोगों को बाल विवाह न कराने एवं बाल विवाह के विरुद्ध सक्रिय रूप से सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। जनता को अवगत कराया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बाल विवाह प्रतिबंधित है और यह एक संज्ञेय अपराध है, जिसमें शामिल व्यक्तियों एवं सहयोग करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

यह भी बताया गया कि बाल विवाह की सूचना देने के लिए 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सहित अन्य सहायता नंबर उपलब्ध हैं, जहाँ सूचना देने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। बाल विवाह विशेष रूप से बालिकाओं के लिए अत्यंत घातक है, जिससे उन्हें शारीरिक, मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है और उनके जीवन के अनेक अवसर समाप्त हो जाते हैं। पुलिस एवं प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर कार्य करना होगा।

## जनपद के थाना क्षेत्रो में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा जागरूक किया गया

**फर्रुखाबाद।** जनपद के थाना क्षेत्रो में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया जिसमें आज नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के दृष्टिगत् महिला थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर व महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया। कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1098/181/112/ 1090/1076 व महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया

थाना मऊदरवाजा और थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1098/181/112/ 1090/1076 व महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया।

## एसपी ने की जनसुनवाई, थाना प्रभारियों को निर्देश, आने वाले फरियादियों की समस्या गंभीरता से सुने



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया। एसपी ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

## मेडिकल रोड पर नगर निगम ने यातायात व सफ़ाई में बाधक अतिक्रमण को किया ध्वस्त

**अवधनामा संवाददाता, अलीगढ़।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा शहर की जलनिकासी को प्रभावी बनाने व शहर को जाम मुक्त बनाने की दिशा मे निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह व तपस्या यादव की अगुवाई में मंगलवार को मेडिकल रोड को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया गया सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह व तपस्या यादव की अगुवाई अभियान के दौरान सड़क एवं नाली पर किए गए अतिक्रमणों को चिन्हित करते हुए जेसीबी मशीन द्वारा तत्काल प्रभाव से ध्वस्त कराया गया तथा सार्वजनिक मार्गो पर फैले अवैध अतिक्रमण सामान को मौके पर ही ज़ब्त किया गया। मौके पर नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण करने वालो से 10500 का जुर्माना भी वसूला गया। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा जो लोग सड़क, सड़क किनारे फुटपाथ, नाले नालियों पर सामान रखकर व स्लैब डालकर अतिक्रमण किया है वो तुरंत हटा ले अन्यथा की स्थिति मे नगर निगम द्वारा उनका सामान जब्त करते हुये अतिक्रमण ध्वस्त किया जाएगा एवं भारी जुर्माना वसूला जायेगा।

## तिलकुटा चौथ पर विघ्न विनायक गणेश मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** गणेश चतुर्दशी के पावन पर्व पर महिलाओं ने पुत्र की लंबी आयु की कामना करते हुए भगवान गणेश के आगे नर्मस्तक होकर पूजा पाठ किये।लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर में दर्शन पूजन के लिए कड़ाके की ठंड और गलन के बावजूद श्रद्धालुओं का सैलाब भोर से ही उमड़ रहा। संकष्टी गणेश चतुर्थी पर काशी के समस्त गणेश मंदिरों में भी दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु व्रती महिलाओं और उनके परिजनों की भीड़ जुटी रही। संतान की प्राप्ति और उनके दीर्घ जीवन के लिए गणेश चतुर्थी का व्रत रखने वाली महिलाएं दरबार में हाजिरी लगाई। मान्यता है कि संकष्टी चतर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पूरे दिन सोनारपुरा स्थित गणेश मंदिर और दुर्गाकुंड स्थित दुर्गविनायक मंदिर में भी भीड़ उमड़ी।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में क्षेत्रीय पत्रकारों ने ली सदस्यता

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** नगर पंचायत धानेपुर के सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय पत्रकारों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाते हुए अधिक से अधिक पत्रकारों को सदस्यता से जोड़ना तथा पत्रकारिता की गरिमा, विश्वसनीयता और सामाजिक जिम्मेदारी को बनाए रखने पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी ने उपस्थित पत्रकारों से संगठन की सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के साथ जुड़कर पत्रकार न केवल अपनी पहचान को मजबूती दे सकते हैं, बल्कि पत्रकारिता की स्वच्छ और निष्पक्ष छवि बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की विश्वसनीयता लगातार चुनौतियों का सामना कर रही है, जिसे बचाए रखना हम सभी पत्रकारों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**चालक वाहन लेकर मौके से फरार, बेटे की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल**

**महोबा।** बेलाताल लमौरा रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। रात का समय होने के कारण अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस वाहन चालक का सुराग लगाने में जुट गई है।

कोतवाल कुलपहाड़ के खैरारी गांव निवासी रामकरण (32) पुत्र हल्के अपनी ससुराल आरी से बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था, तभी लमौरा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। रात का समय होने के कारण सड़क पर सन्नाटा होने से कोई भी वाहन चालक को देख नहीं सका और अज्ञात वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। उधर रामकरण गंभीर रुप से पड़ा रहा, जिससे खून अधिक बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ कोतवाली कुलपहाड़ में मुकदमा दर्ज करके वाहन चालक का सुराग लगाने के लिए पुलिस को लगा दिया है, लेकिन देर शाम तक पुलिस वाहन चालक का सुराग नहीं लगा सकी। सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत के बाद गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है।

**ट्रक और ट्रैक्टर की भिड़ंत से पति पत्नी गंभीर रुप से हुए घायल**

कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में कैमाहा गांव के पास एक ट्रक और ट्रैक्टर की भिड़ंत हो जाने पर ट्रैक्टर में सवार पति पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गए। दंपत्ति को नाजुक हालत में पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार चल रहा है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

## ड्राईविंग लाइसेन्स के आवेदकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**फर्रूखाबाद।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी फर्रूखाबाद आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में आज दिनांक 06-01-2026 को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं यातायात प्रभारी श्री सत्येन्द्र कुमार द्वारा एआरटीओ कार्यालय में ड्राईविंग लाइसेन्स के टेस्ट देने हेतु आये हुये आवेदकों तथा विभागीय कार्य से आये हुये अन्य आवेदकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में 62 व्यक्तियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत के द्वारा बताया गया कि माह दिसम्बर 2025 तक जनपद फर्रूखाबाद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद फर्रूखाबाद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। इस प्रकार वर्ष 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या में 25.64 प्रतिशत तथा मृतकों की संख्या में 33.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# सफाई कर्मी के साथ अभद्रता और मारपीट किये जाने से नाराज सफाई कर्मियों ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन



**प्रदर्शन के बाद अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग**

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** ठंड के मौसम में गरीबों असहायों को सर्द हवाओं और रात गुजारने के लिए बनाए गए रैन बसेरों में नगर पालिका सफाई कर्मियों को वहां की साफ सफाई के अलावा अलाव के लड़की की व्यवस्था किए जाने का जिम्मा सौंपा गया है, लेकिन कुछ अराजक तत्वों ने उनके साथ अभद्रता और मारपीट किये जाने से नाराज सफाई कर्मियों ने उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले तहसील परिसर में प्रदर्शन किया और इसके बाद नगर पालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

ईओ को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि रोडवेज परिसर के रैन बसेरा में सफाई कर्मचारी आकाश साफ सफाई कर रहा था, तभी कुछ दबंग वहां पहुंचे और सफाई करने से रोकने लगे, जिस पर आकाश ने सफाई कार्य बंद न करने की बात कही, जिस पर उपरोक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए सफाई कर्मचारी की मारपीट कर दी। इसी प्रकाश 3 जनवरी को शहर में अलाव के लिए चिन्हित स्थानों पर लकड़ी डालते समय परमानंद तिराहे पर कर्मी विजय और आकाश के साथ कुछ लोगों ने लकड़ी दिए जाने को लेकर विवाद खड़ा कर दिया और गाली गलौज का अभद्रता की गई।

संघ के जिलाध्यक्ष रामसेवक ने बताया कि लोगों को ठंड से बचाने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी दिन रात मेहनत कर रहे है और उनके साथ आएदिन उनके साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट की जा ही है, जिसे संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। संघ के महामंत्री मुकेश कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती तो सफाई कर्मचारी 8 जनवरी से कार्य का बहिष्कार कर हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इस मौके पर हरिवंश कुमार, लाल दिवान, वीरेंद्र, राममिलन, सीताराम, देवी सिंह, राम नारायण सहित तमाम सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। अधीशाषी अधिकारी अवधेश का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## गहमागहमी के बीच हुआ फैजाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव

### 90 प्रतिशत मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारी गहमागहमी व शोर शराबे के बीच फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या का वार्षिक चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। मंगलवार को हुए चुनाव में 90 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी के साथ प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष व महामंत्री समेत 12 पदों पर हुए चुनाव में 45 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिका में बंद हो गया है। मतगणना बुधवार को सुबह 9 बजे से आचार्य नरेन्द्रदेव सभागार में की सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी। मतगणना कार्यकारिणी ए के पदों से शुरू होगी। फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या का वार्षिक चुनाव 2025-26 शांतिपूर्ण ंग से सम्पन्न हो गया है। काके की ठंड व गलन के बींच 2278 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल वोटों की संख्या लगभग 2500 थी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व चुनाव अधिकारी सूर्य नाराराण सिंह ने बताया कि मतगणना बुधवार को 9 बजे से की सुरक्षा व्यवस्था के बींच शुरू होगी। मंगलवार को की सुरक्षा व्यवस्था के बींच फैजाबाद बार एसोसिएशन के 12 पदों के लिए हुए मतदान सो आठ बजे से आचार्य नरेन्द्र देव सभागार में शुरू हुआ। इसके लिए 30 बूथ बनाये गये थे। मतदान शुरू होने के दो घंटे तक मतदान धीमा रहा। इसके पश्चात लंच के डे बजे तक मतदान स्थत पर मतदाताओं की भारी भी देखी गयी। प्रत्याशियों के समर्थक मतदान स्थल के दो फलांग दूरी पर दोनों तरफ खे थे और अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रंग बिरंगे पम्पलेट देकर वोट मांग रहे थे। इन समर्थकों द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं का हाथ-पैर जोकर वोट मांगते देखा गया। लंच डे से दो बजे तक रहा। तत्पश्चात फिर मतदान शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक चला। विभिन्न पदों के प्रत्याशी मतदान स्थल से काफी दूर खे दिखाई दिये। मंगलवार को हुए मतदान में 2500 मतदताओं में से कुल 2278 वोट पे। एक मतदाता तीन अलग-अलग पर्चियों से वोट डाल रहे थे जिन्हें निरस्त किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशियों में कालिका प्रसाद मिश्र, सूर्यभान वर्मा, बब्बन प्रसाद चौबे, वाई.वी. मिश्र व जुगुल किशोर मिश्र के बींच कांटे की टक्कर रही। वही उपाध्यक्ष पद पर रणधीर यादव, अंजनी कुमार मिश्र उर्फ प्रभु, राजेश उपाध्याय, धनुष श्रीवास्तव, राजेश पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह मुन्ना के बींच का संघर्ष रहा।

## सीओ सिटी के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नव वर्ष के बाद भी जश्न के नाम पर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी क्रम में देर रात्रि सीओ सिटी श्रेयस त्रिपाठी के नेतृत्व में चौक घंटाघर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों का चालान किया गया। सीओ सिटी ने बताया कि नव वर्ष भले ही बीत चुका हो, लेकिन अब भी कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अभियान के दौरान एक व्यक्ति को बोतल में पेट्रोल ले जाते हुए पकड़ा गया, जिससे पूछताछ की गई। साथ ही संबंधित पेट्रोल पंप का नाम-पता नोट कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा और लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया।

## नवीन परती भूमि एवं चकरोड पर दबंगों द्वारा कराया जा रहा अवैध निर्माण ग्रामवासी का रास्ता किया जा रहा बंद

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सदर तहसील क्षेत्र के समदा गांव में स्थानीय लेखपाल की मिलीभगत से सरकारी भूमि पर दबंग द्वारा अवैध निर्माण धल्ले से किया जा रहा है। यही नहीं अवैध निर्माण करके रास्ता भी पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया जा रहा है। गांव के लोग तहसील से लेकर थाने का चक्कर काटने को मजबूर है।

क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा गांव सभा की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोके जाने संबंधी आदेश उप जिलाधिकारी द्वारा पारित होने के बावजूद भी अवैध निर्माण नहीं रोकवा सके हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सदर तहसील क्षेत्र की गोसाईगंज थाना क्षेत्र स्थित समदा गांव के राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 1489 नवीन परती एवं चक मार्ग 1488 के खाते में दर्ज है।

उक्त भूमि से ही सटा हुआ कई लोगों का चक् और मकान है आरोप है कि उनके मकान के पीछे खाली पी सरकारी जमीन पर गांव के ही रहने वाले स्थानीय लेखपाल से सांठगांठ करके जबरिया दीवाल निर्माण करते हुए उनका रास्ता तक बंद कर दिया जा रहा है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को आईजीआरएस के माध्यम से एवं एसडीएम को किंतु उपरोक्त दबंगों के प्रभाव में आकर अवैध निर्माण को एसडीएम द्वारा रोके जाने संबंधी आदेश दिए जाने के बावजूद भी नहीं रुकवा सके हैं। पीति अधिकारियों की चौखट पर एयिा घिसने को मजबूर है।

## प्रदेश स्तरीय सबजूनियर बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

**अयोध्या।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 06 एवं 07 जनवरी 2026 को आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन डा0 भीमराव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल, डाभासेमर में किया गया।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह रहे। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अयोध्या अनिमेष सक्सेना द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात श्री राजेश सोनकर, क्रीड़ाधिकारी सुलतानपुर एवं प्रतियोगिता के शिकायत निवारण अधिकारी द्वारा बैज लगाकर स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपक्रीड़ाधिकारी विवेक कुमार, शकील अहमद अंसारी, मुकेश कुमार सिंह, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, अंशकालिक प्रशिक्षक-प्रशिक्षिकाएं एवं समस्त निर्णायकगण उपस्थित रहे।

## मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ, डीएम ने युवाओं से की अपील



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा झुनझुनबाला परास्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिन्होंने अभी तक मतदाता पहचान पत्र (एपिक आईडी) के लिए आवेदन नहीं किया है, वे मतदाता सेवा पोर्टल अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही मतदाता अपनी प्रविष्टि को ऑनलाइन देख भी सकते हैं।उन्होंने बताया कि निकटतम मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा फार्म-6 (नाम जोड़ने हेतु), फार्म-7 (नाम हटाने हेतु) तथा फार्म-8 (संशोधन हेतु) की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में निर्वाचन संबंधी कार्य निर्धारित समयावधि में पारदर्शिता के साथ पूर्ण करें।

## सड़क पर सुरक्षित चलें क्योंकि जीवन है अनमोलः आरटीओ ने की चालकों से अपील

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज आरटीओ (प्रशासन) सुश्री ऋतु सिंह द्वारा नवीन मंडी अयोध्या एवं नाका चुंगी क्षेत्र में वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप एवं पैम्पलेट वितरित कर सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी दी गई। आरटीओ ने चालकों से कोहरे में सावधानी बरतने, वैध लाइसेंस व अद्यतन प्रपत्र रखने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग व ओवरलोडिंग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने की अपील की। साथ ही राहवीर योजना व हिट एंड रन योजना की जानकारी देते हुए दुर्घटनाग्रस्तों की मदद के लिए प्रेरित किया गया।

## श्याम लाल वाजपेयी की विरासत को बचाने का काम कर रही कांग्रेसः तुनज

### बेबाकी, ईमानदारी और संघर्ष के पर्याय थे श्याम लाल वाजपेयीः गोप



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जब तक जनता जागरूक नहीं होगी हमें सत्याग्रह करते रहना होगा। जनता के मुद्दों को लेकर स?कों को गर्म करने की आज जरूरत है। ताकि हमारा लोकतंत्र जिन्दा रहे। श्यामलाल बाजपेयी ने संघर्ष और सत्याग्रह के जरिए राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई थी। आज कांग्रेस पार्टी स्व. वाजपेयी जी की विरासत और विचारधारा को बचाने का काम कर रही है। यह बात मंगलवार को गांधी भवन में रमा शुक्ला सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्व. पं. श्याम लाल वाजपेयी की 26वीं पुण्यतिथि पर आयोजित स्मृति व्याख्यान सभा में बतौर मुख्य अतिथि सांसद तुनज पुनिया ने कही। श्री पुनिया ने कहा कि पं श्यामलाल वाजपेयी हमारे पुरोधा थे, उन्होंने संघर्ष करके आम आदमी की आवाज को सदन में उठाया। हमें उन्हीं के विचारों को आत्मसात करते हुए वर्तमान परिस्थितियों को सुधाने के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाना पेगा। इस मौके पर सांसद तनुज पुनिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, गांधीवादी राजनाथ शर्मा, वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता अमीर हैदर, धीरेन्द्र वर्मा, शिव शंकर शुक्ला, पूर्व विधायक शिव करन सिंह, पूर्व सांसद ए.पी. गौतम आदि गणमान्य अतिथियों ने स्व. श्यामलाल वाजपेयी के चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि श्याम लाल वाजपेयी बेबाकी, ईमानदारी और संघर्ष के पर्याय थे।

## महावीरी झंडा यात्रा एक पारंपरिक जुलूस निकाली गई



**मिठौरा महराजगंज । (अवधनामा संवाददाता)** विकास खंड मिठौरा क्षेत्र अंतर्गत परसा राजा में स्थित मां काली मंदिर से शुरू हुए इस भव्य जुलूस में क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए।।जुलूस परसा राजा में स्थित मां काली मंदिर से दरहटा ,झंजझनपुर और फिर वापस? परसा राजा मां काली मंदिर पर आकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान लोगों ने गगन भेदी जयकारा लगाया। भक्ति गीतों की धुनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा भारी संख्या में स्थानीय लोगों के सहयोग से जुलूस का आयोजन शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से सम्पन्न हुआ, जो क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और एकता की मिसाल पेश करता है। झंडा यात्रा में शामिल अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा ,उपाध्यक्ष अंगद गुप्ता , प्रिन्स पटेल,आदर्श गुप्ता , आयुष पांडे अजय यादव ,कमलेश पटेल हिमांशु यादव शेतेन्द्र वर्मा, दिग्विजय यादव, राकेश गुप्ता, ग्राम प्रधान योगेन्द्र यादव, समाजसेवी विनोद गुप्ता, अमितेश सिंह ठाकुर कसमरिया और समस्त ग्रामवासिय? मौजूद रहे।

## स्वान को भोजन कर फाउंडेशन ने बच्चों में जगाई अपनेपन व मानवता की भावना

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित मां के नाम साप्ताहिक सेवा पखवाड़ा के पांचवें दिन जीवन धन स्वान को भोजन कराकर बच्चों एवं जनमानस में अपनेपन और मानवता की भावना जागृत की गई।संस्था के संस्थापक संरक्षक बसंत राम ने बताया कि फाउंडेशन परिवार विगत कई वर्षो से निरंतर सेवा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं के लिए मानव ही एकमात्र सहारा है, प्रकृति और जीव-जंतुओं की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है।अध्यक्ष नेहा कुमारी ने जनमानस से अपील की कि पशुओं के प्रति संवेदना रखें और अपने घर से थोड़ा सा भोजन पशुओं के लिए अवश्य निकालें, क्योंकि स्वान हमारे घर और परिवार की सुरक्षा भी करते हैं।

## कड़ाके की ठंडक में याद आ रहा पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल का कार्यकाल



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जैसे ही नगर में कड़ाके की ठंड पड़ी लोगों को नगर पंचायत रामनगर के निवर्तमान चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी की याद आने लगी। उनके कार्यकाल में ठंड से बचाव के लिए जो व्यवस्थाएं की जाती थीं वे आज भी नगरवासियों को याद हैं। नगरवासियों ने बताया कि श्री त्रिपाठी अपने कार्यकाल के दौरान घर-घर जाकर सभी ग्यारह वार्डों में जरूरतमंदों को सम्मान के साथ वार्ड सभासद को लेकर कम्बल वितरित करते थे। ठंड से बचाव के लिए केवल मुख्य चौराहों पर ही नहीं बल्कि गलियों और सड़क किनारे जरूरी जगह परबअलाव जलवाने की व्यापक व्यवस्था की जाती थी जिससे कोई भी जरूरतमंद ठंड में परेशान न हो। लोगों का कहना है कि उनके सरल, शांत और सामान्य मिलनसार व्यवहार के कारण नगर में कभी पक्ष-विपक्ष का भेदभाव नहीं दिखा और न ही उनके द्वारा किसी को सत्य गया भले ही उन्हें उसका वोट न मिला हो।उनके कार्यकाल में नगर का माहौल शांतिपूर्ण रहा और किसी भी वर्ग को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।नगरवासियों ने यह भी याद किया कि कोरोना काल जैसी आपदा के समय भी श्री त्रिपाठी नगर के लोगों की हर संभव मदद के लिए आगे खड़े रहे। जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने और लोगों को हौसला देने में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई।आज जब ठंड अपने चरम पर है तो लोग उनके कार्यकाल में की गई व्यवस्थाओं को याद कर रहे हैं और कह रहे हैं कि ऐसे जनप्रतिनिधि विरले ही मिलते हैं जनता के सुख-दुख को अपनी प्राथमिकता बनाते हैं। आज के समय केवल एकल शासन है जहां सब कुछ केंद्रीयकृत है और व्यवस्थाएं सर्व हित की न होकर खास हित की हैं।

### जिला सेवायोजन कार्यालय पर एक दिवसीय रोजगार मेला

**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)**जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला 08 जनवरी को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जायेगा, जिसमें निजी क्षेत्र लगभग 05 कम्पनियों द्वारा प्रतिभागकर साक्षात्कार परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in आनलाइन आवेदन कर अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों, बायोडाटा तथा फोटो सहित जिला सेवायोजन कार्यालय, बाराबंकी में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले नियोजकों का विवरण जिला सेवायोजन कार्यालय, बाराबंकी के सूचना पट पर आयोजन की तिथि को उपलब्ध रहेगा।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरक्षण, दिए निर्देश

**बाराबंकी।** अपर पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में मंगलवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों की परेड, अनुशासन एवं शारीरिक क्षमता की भी समीक्षा की गई तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## मनुष्य का शरीर बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता हैः सम्राट स्वामी



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** कस्बा मसौली स्थित बाबा राम शरण दास भगवत दास कुटी हनुमान मंदिर परिसर में चल रहे विराट रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन प्रयागराज लहुरी (काशी) से पधारे यज्ञ सम्राट स्वामी प्रमोदानन्द जी महाराज ने अपने सत्संग में मानव जीवन की महत्ता पर प्रकाश डाला। महाराज जी ने कहा बड़े भाग्य मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ ग्रंथहि गावा। उन्होंने बताया कि मनुष्य का शरीर बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है और जो व्यक्ति मुक्ति की कामना से संतों के चरणों में जाता है उससे बड़ा भाग्यशाली कोई नहीं होता। स्वामी जी ने आगे कहा कि भक्त के घर की तीन प्रमुख पहचान होती है। तुलसी सेवा, गौसेवा और सालिकराम सेवा। जिन घरों में ये तीनों सेवाएं नियमित रूप से होती हैं, वहां अकाल मृत्यु का नहीं होती र। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा (भुल्लन वर्मा), मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहित वर्मा (हिंदू), सचिव राहुल ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने महाराज जी को जय श्रीराम लिखे पटके एवं माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के पुजारी रामलाल दास सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सत्संग का लाभ लिया।

## भाजपा नेता विवेक नेताइक्कांडो अकादमी का किया शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिले में खेल एवं आत्मरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत पुलिस लाइन चौराहा स्थित बिन्द्रा स्वीट्स के बगल में काव्या ताइक्कांडो अकादमी का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विवेक सिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और फीता काटकर अकादमी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अकादमी के संचालक, इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट एवं चार बार नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित नीरज शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह के दौरान अकादमी के प्रशिक्षु बच्चों ने ताइक्कांडो के हैरतअंगेज़ करतब दिखाकर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर नीरज शर्मा ने बताया कि काव्या ताइक्कांडो अकादमी लखनऊ में विगत कई वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रही है, जहाँ से अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक अकादमी के माध्यम से 10 हजार से अधिक बालिकाओं को निशुल्क आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस के 70 से अधिक पीआरडी (पिआरडी) जवानों को भी ताइक्कांडो एवं आत्मरक्षा की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। नीरज शर्मा ने कहा कि बाराबंकी में अकादमी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जिले में खेल संस्कृति को विकसित करना, बच्चों और बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए सक्षम बनाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर करना है।

## चीनी मिल प्रबंधन ने गरीबों में बांटे कंबल, सिसवा स्टेशन पर दिखी मानवीय पहल



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** भीषण ठंड को देखते हुए मंगलवार तड़के सुबह करीब छह बजे आईपीएल चीनी मिल सिसवा बाजार की ओर से सामाजिक सरोकार की सराहनीय पहल की गई। चीनी मिल के इकाई प्रमुख संदीप पवार के नेतृत्व में विभागाध्यक्ष (उत्पादन) राजकुमार विभागाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) लोकेश दीक्षित एवं विभागाध्यक्ष (गन्ना) धीरज सिंह ने सिसवा बाजार रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचकर गरीब एवं बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किए। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों ने इस मानवीय कार्य के लिए चीनी मिल प्रबंधन और अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे समय में

## कतरारी से कार्यालय तक भव्य स्वागत पंकज चौधरी के अभिनंदन में उमड़ा जनसैलाब

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के जनपद आगमन पर पूरे महराजगंज में उत्सव जैसा माहौल रहा। कतरारी और टोल प्लाजा से लेकर नगर के प्रमुख चौराहों तथा भाजपा जिला कार्यालय तक जगह-जगह पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और नारों के बीच उनका भव्य स्वागत किया गया।

**जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत**

कतरारी और टोल प्लाजा पर जेसीबी से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यहां पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। परतावल में निर्भय सिंह के नेतृत्व में शिवशंकर बर्मा व सतीश मध्देसिया ने स्वागत किया। भिटौली में जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर रौनियर और पूर्व जिला मंत्री प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व में अभिनंदन हुआ। शिकारपुर में धीरू सिंह, दिनेश जायसवाल और इंद्रजीत गुप्ता के नेतृत्व में स्वागत हुआ। गौरनिया में



प्रधान रामेंद्र पटेल तथा रामपुरवा में जिला पंचायत सदस्य अभय बहादुर सिंह और चौधरी विजय सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**नगर में भव्य अभिनंदन**

हनुमानगढ़ी पर मुरली निगम, सतीश वर्मा, मोहित मधेशिया व श्याम नारायण यादव की टीम ने स्वागत किया। सक्सेना तिराहे पर पूर्व पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सनंदन पटेल, राजीव शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अभिनंदन किया।

**जिला कार्यालय में सम्मान सभा**

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित सम्मान सभा में व्यापार मंडल, ईंट भट्ठा संघ, अधिवक्ता संघ, राइस मिलर संघ सहित विभिन्न संगठनों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

**कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ — पंकज चौधरी**

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि संगठन और कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही सशक्त होगी। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है।

**2027 में बड़ी जीत का लक्ष्य**

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए 2027 में ऐतिहासिक जीत का आह्वान किया।

**नेताओं ने बताया प्रेरणास्त्रोत**

पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने इसे संगठन के लिए गर्व का विषय बताया। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि यह जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण है।

**जिलाध्यक्ष ने जताया आभार**

भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ओम प्रकाश पटेल ने किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ऋषि त्रिपाठी, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई डीएचएस एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओं की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी को क्षेत्र भ्रमण करने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि जो आशा डिलीवरी नही करा रही है उन्हें चिन्हित कर नोटिस निर्गत करें। सभी एमओआईसी सुनिश्चित कर ले कि डिलीवरी घर पर नहीं होना चाहिए। सभी गर्भवती महिलाओ का प्रसव अस्पताल में ही हो। घर पर प्रसव होने पर एमओआईसी जिम्मेदार होगे। एनबीएसयू को 24 घंटे सक्रिय करें जिससे कोई भी गर्भवती महिला व उसके परिजन सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकें। बीएचएनडी दिवस में कम एचआरपी वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका बेहतर इलाज कराये और सावधानियां बरतने का सलाह दें। काम न करने वाले डाक्टर/सीएचओ/ आशा/ एएनएम को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। टीकाकरण का शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग कराने का निर्देश दिया। काम न करने वाली आशा व सीएचओ के विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा अनटाइड फन्ड, परिवार नियोजन, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, रोगी कल्याण समिति, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, आदि की समीक्षा की गयी। ई-संजीवनी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मरीजों को टेली मेडिसिन सुविधा उपलब्ध करानें हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि वार रूम का निरीक्षण करे। इमरजेंसी में रेफरल रजिस्टर बनाने का निर्देश दिया। इसके साथ मातृ शिशु मृत्यु दर की समीक्षा की गयी। सम्भव अभियान की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि सैम मैम बच्चों को चिन्हित करें।

बैठक में उपरोक्त के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0ए0के0झा, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, प्र0 जिला विद्यालय निरीक्षक दयाशंकर यादव, डैम राजेश मिश्रा, डी0सी0पी0एम0, समस्त सीएचसी/पीएचसी के एम0ओ0आईसी0, बीपीएम, बीसीपीएम आदि उपस्थित थे।

# राजकीय जिला पुस्तकालय एवं ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के संबंध में जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**




**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में राजकीय जिला पुस्तकालय एवं पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रगति की समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं आम नागरिकों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रोजगारपरक जानकारी तथा ज्ञानवर्धक साहित्य सुलभ हो सकेगा। यह पहल डिजिटल इंडिया और साक्षर भारत के उद्देश्यों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चयनित ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, इंटरनेट कनेक्टिविटी और तकनीकी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि डिजिटल लाइब्रेरी में ई-बुक्स, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अध्ययन सामग्री, सामान्य ज्ञान, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास से जुड़ी जानकारी तथा अन्य उपयोगी डिजिटल कंटेंट उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, स्थानीय स्तर पर विद्यार्थियों और ग्रामीणों को डिजिटल संसाधनों के उपयोग हेतु प्रशिक्षित करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि इस योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने योजना के क्रियान्वयन में विभागीय समन्वय पर बल देते हुए कहा कि पंचायती राज, शिक्षा एवं पुस्तकालय विभाग आपसी सहयोग से कार्य करें। जिला विकास अधिकारी श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं मॉनिटरिंग की जानकारी दी। जिला पंचायत राज अधिकारी श्री लालजी दुबे ने डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना से संबंधित प्रशासनिक एवं तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। बैठक में अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा मुख्य कोषागार अधिकारी ने भी अपने-अपने विभागों से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना की नियमित समीक्षा की जाए तथा किसी भी स्तर पर आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना जिले के शैक्षिक और सामाजिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसे जनसहभागिता के साथ सफल बनाया जाएगा।

# नेपाल ले जाई जा रही 6 बोरी यूरिया खाद जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल सीमा पर खाद तस्करी के खिलाफ सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को 43वीं वाहिनी एसएसबी सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी खुनवा के नाका दल ने नेपाल ले जाई जा रही 6 बोरी यूरिया खाद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से दो साइकिल भी बरामद की गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगवार को सीमा चौकी खुनुवा का नाका दल दैनिक प्रचालन गतिविधि के तहत सीमा स्तंभ संख्या 555 के समीप तैनात था। इसी दौरान नाका दल ने देखा कि दो व्यक्ति साइकिल पर बोरियां लादकर भारत से नेपाल की ओर जा रहे हैं। जवानों को देखकर दोनों संदिग्ध साइकिल और सामान छोड़कर नेपाल की ओर भागने लगे, लेकिन नाका दल ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान कुल 6 बोरी यूरिया खाद और 2 साइकिल बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम अजय पाल पुत्र रामसेवक पाल, ग्राम गुजरौलिया, पोस्ट चेतरा तथा रियाज़ अहमद पुत्र बरसाती, ग्राम करहिया, पोस्ट चेतरा, जिला सिद्धार्थनगर बताया।

आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे यह यूरिया खाद शोहरतगढ़ बाजार से खरीदकर नेपाल में अधिक कीमत पर बेचने ले जा रहे थे। इसके बाद नाका दल ने बरामद खाद, साइकिल एवं दोनों आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई हेतु सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा को सुपुर्द कर दिया।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के दीपक शुक्ला बने जिला प्रभारी

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने अपनी अंबेडकर नगर जिला इकाई का कमान संभालने के लिए दीपक शुक्ला को जिला प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद से ही स्थानीय सामाजिक व राजनीतिक हल्कों में उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर के नेतृत्व में एक समारोह आयोजित कर दीपक शुक्ला का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने उन्हें शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ नेता संजीव मिश्र, केशव श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्त, आनंद मिश्र, नगर उपाध्यक्ष अरुण मिश्र, पिमो नगर अध्यक्ष सोनू गौड तथा मीडिया प्रभारी विकास निषाद ने मिष्ठान खिलाकर नए प्रभारी का अभिनंदन किया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है, जो ब्राह्मण समुदाय के हितों के संरक्षण और समाज में उनके योगदान को रेखांकित करने के साथ-साथ शिक्षा, सामाजिक न्याय और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्यरत है। दीपक शुक्ला की नियुक्ति को संगठन की जिला स्तर पर मजबूती और विस्तार की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। राम किशोर राजभर ने कहा कि इस नियुक्ति से जिले में संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा मंगलवार को मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ बुद्ध बालिका महाविद्यालय, गौतमपल्ली, भीमापार से किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवादी से 6 फ़रवरी तक है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची दिया गया है। सभी लोग सूची में अपना नाम देख सकते है उसमें यदि कोई त्रुटि है तो आपत्ति एवं दावे 6.02.2026 तक दिये जायेगे, जिसका निस्तारण कराया जायेगा। अन्तिम प्रकाशन 6.03.2026 को कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों से कहा कि आप लोग फार्म-06 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा ले। यदि किसी को कोई समस्या हो तो सम्बन्धित बीएलओ से सम्पर्क कर सकते है अथवा तहसील से भी सम्पर्क कर सकते है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य किया जा रहा है। वेबसाइट www.ceouttarpradesh.nic.in बटन पर क्लिक करके मतदाताओं द्वारा अपने से संबंधित विवरण की पुष्टि की जा सकती है। मतदात https://electoralsearch.in पर भी अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते है। अपने मोबाइल में Ecinet App Voter एवं Help Line App डाउनलोड करके भी उक्त सेवायें प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञानप्रकाश, व अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# बाइक लेकर चोर हुए फरार, पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग




**ढेबरुआ थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बढ़नी बस स्टाप चौराहे पर आंखो के सामने से बाइक ले उड़े चोर, खोजबीन जारी**

**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बढ़नी अंतर्गत नगर पंचायत बढ़नी बस स्टाप चौराहे पर लोगों की आंखों के सामने से दिन के उजाले में चोर बाइक लेकर फरार हो गये,जो क्षेत्र में चर्चा का बिषय बना हुआ है।

उक्त मामला बीते रविवार का बताया जा रहा है। जो ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मिश्रोलिया निवासी फुरकान पुत्र सलीम ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि बीते रविवार की दोपहर हमारा भाई उस्मान Pzz A W1187 हीरो स्पेलेंडर काळी कलर की बाइक लेकर बढ़?नी बाजार गये थे। जो बढ़नी पचपेड़वा मार्ग पर स्थित आलम इलेक्ट्रानिक दुकान के पास ख?ड़ी करके एक दुकानदार से बात चीत कर रहे थे। तभी देखते ही देखते एक अज्ञात व्यक्ति अचानक बाइक सवार हो भाग निकला। हो हल्ला मचाने और पीछा कर पकहने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन उस ब्यक्त व गाड़ी का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। उक्त संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुटी हुई है। शिकायती पत्र के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जोगिया में हिंदू सम्मेलन हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जोगिया क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के उद्देश्य से 'हिन्दू आयोजन समिति' द्वारा प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

भूमि पूजन कार्यक्रम में आरएसएस के जिला प्रचारक विशाल जी एवं जिला कार्यवाह शिवेंद्र सिंह जी उपस्थित रहे। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन की भूमिका, सामाजिक दायित्वों और राष्ट्रसेवा के मूल्यों पर मार्गदर्शन दिया।

जिला प्रचारक विशाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक केंद्र समाज को जोड़ने और युवाओं में संस्कारों के संवर्धन का कार्य करते हैं। यह भविष्य में धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रप्रेरित गतिविधियों का सशक्त मंच बनेगा।

आचार्य द्वारा भूमि पूजन की समस्त प्रक्रिया विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराई गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां दीं। इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह अविनाश जी, दिवाकर विक्रम जी, बिपिन जी, महेन्द्र जी, अच्युतानंदन, दीपक मौर्य, अजय उपाध्याय, विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष श्रीष चौधरी जी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुंडई के बल पर आम का पेड़ काट लेने का मामला पुलिस ने किया दर्ज

**जलालपुर।** अम्बेडकरनगर मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरौना निवासी शकुंतला पत्नी राम अवतार ने जलालपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गाटा संख्या 408 में एक आम का पेड़ सुखा हुआ था जिस पर विपक्षी राजेंद्र प्रसाद सचिन विपिन विवेक कल धीरेंद्र पप्पू धर्मेंद्र सहित अन्य लोगों ने जबरन गुंडे के बल पर काट रहे थे इसी दौरान जब लकड़ी काटने का विरोध किया गया तो विपक्षियों ने लाठी डंडे से मारपीट कर शुरू कर दिया जिस पर डायल 112 पर मामले की सूचना दी गई इसके बावजूद भी विपक्षियों द्वारा जबरन पेड़ काटकर गिरा दिया तथा 2 फरवरी सुबह लगभग 6:00 बजे लकड़ी को उठा ले गई जिसको लेकर परिजनों ने लकड़ी ले जाने का विरोध किया तो विपक्षियों ने परिवार शकुंतला शीला रेनू सहित अन्य परिजनों को बुरी तरह पिटाई कर दिया घटना से आहट पीड़ितों ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर विपक्षियों पर कार्रवाई किए जाने तथा पेड़ को वापस कराए जाने की मांग की है।

# नगपुर हॉस्पिटल में ट्रस्ट के माध्यम से टीबी मरीजों को बांटे गए कम्बल

**अवधनामा संवाददाता, जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगपुर स्वास्थ्य केंद्र जनपद अंबेडकर नगर में आज दोपहर 2:00 बजे आशीर्वाद सेवा ट्रस्ट जलालपुर परिवार द्वारा और नगपुर हॉस्पिटल के डॉक्टर के साथ मिलकर अस्पताल परिसर में चिन्हित टीवी मरीजों को ट्रस्ट के माध्यम से कंबल और खजूर का पैकेट वितरित किया गया। आशिर्वाद सेवा ट्रस्ट में अमित टंडन, कृष्ण कुमार रिन्नू, कुलदीप अग्रहरी आलोक बाजोरिया विनोद मल्होत्रा श्याम विमल आदि कार्यकर्ता सक्रिय हैं।वहीं पर मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर जयप्रकाश और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी और चीफ फार्मासिस्ट मनोज कुमार यादव और सेवा ट्रस्ट के तमाम कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।



# खड़ंजे किनारे झाड़ियों में छिपा कुआं बना हादसे का सबब

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** विकास खंड जलालपुर के हजपुरा गांव के बीच से गुजरने वाले खड़ंजे के किनारे स्थित एक पुराना कुआं इन दिनों ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। गांव निवासी शिव मूरत विश्वकर्मा के दरवाजे पर स्थित यह कुआं पूरी तरह झाड़ियों और जंगल से घिर चुका है। सुरक्षा के नाम पर केवल बांस-बल्ली लगाकर खानापूर्ती की गई है, जो किसी भी तरह से पर्याप्त नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी कुएं के जीर्णोद्धार के नाम पर पूर्व प्रधान राम सरन राजभर द्वारा 86 हजार रुपये की धनराशि बिना कोई कार्य कराए ही निकाल ली गई, लेकिन आज तक कुएं की मरम्मत नहीं कराई गई। इस मामले ग्रामीणों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित व मौखिक शिकायतें दी गई, मगर हर बार केवल आश्वासन देकर बात टाल दी गई। बताया गया कि गांव के बीच से निकलने वाला यह खड़ंजा देर रात्रि तक अत्यंत व्यस्त रहता है। रात के अंधेरे में झाड़ियों से ढका यह कुआं राहगीरों को दिखाई नहीं देता, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, कुएं के आसपास स्थित घरों के बच्चे भी दिनभर यहां खेलते रहते हैं, जिससे उनकी जान पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब चार दशक पहले जिनके घर के सामने कुआं हुआ करता था, उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था, और उन्हें 'नंबरदार' कहा जाता था। ग्रामीण कैलाश नाथ मिश्रा, त्रिपुरारी मिश्रा, राम मूरत विश्वकर्मा, गंगाराम गुप्ता सहित अन्य लोगों ने खंड विकास अधिकारी जलालपुर से मांग की है कि इस उपेक्षित और खतरनाक कुएं का तत्काल जीर्णोद्धार कराया जाए अथवा इसे सुरक्षित ढंग से ढंकवाया जाए, ताकि समय रहते किसी अनहोनी से बचा जा सके।



# पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** थाना वजीरगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 344/2025 से संबंधित प्रकाश में आये वांछित शातिर चोर - 1.अनुज सिंह उर्फ दद्दू सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम मझंगवा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार किया गया। वादिनी रेनू सिंह ग्राम पंचायत मझगवा विकास खण्ड वजीरगंज द्वारा थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि पंचायत भवन मझगवा विकास खण्ड का ताला तोड़कर अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की गयी।वादिनी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर पूर्व में ही प्रकाश में आये शातिर चोर 01. मदन सिंह, पुत्र स्व0 शिव कुमार सिंह, निवासी ग्राम विश्नोहरपुर, थाना नवाबगंज, जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस व उनकी निशानदेही से चोरी का माल बरामद किया गया था ।

# एसपी गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली देहात में ग्राम प्रहरियों को कंबल एवं टॉर्च का किया गया वितरण



**देवी अवस्थी संवाददाता**

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा थाना कोतवाली देहात परिसर में ग्राम प्रहरियों के साथ एक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ग्राम प्रहरियों को शीतकाल को दृष्टिगत रखते हुए कंबल एवं उनके कर्तव्यों के सुचारु निर्वहन हेतु टॉर्च वितरित किए गए। सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने ग्राम प्रहरियों से संवाद स्थापित कर उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। महोदय द्वारा ग्राम प्रहरियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना स्थानीय पुलिस को देने एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने ग्राम प्रहरियों की भूमिका को ग्रामीण स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा भविष्य में भी समन्वय एवं सजगता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक गोण्डा अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात श्री शमशेर बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के डिजिटल क्राप सर्वे के संबंध में डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ डिजिटल क्रॉप सर्वे के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की समीक्षा करना तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना था।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि डिजिटल क्रॉप सर्वे शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका सीधा लाभ किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, फसल बीमा, मुआवजा एवं सहायता कार्यक्रमों में प्राप्त होता है। इसलिए सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय से सर्वे पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल माध्यम से किए जा रहे फसल सर्वे से भूमि उपयोग एवं फसल पैटर्न की सटीक जानकारी उपलब्ध होती है, जिससे नीति निर्धारण एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आती है। उन्होंने निर्देशित किया कि सर्वे के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा सही एवं अद्यतन डेटा अपलोड किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। मुख्य राजस्व अधिकारी श्री महेश प्रकाश ने राजस्व एवं कृषि विभाग के बीच समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के सफल क्रियान्वयन के लिए टीम वर्क अत्यंत आवश्यक है। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारीगण, जिला विकास अधिकारी श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत अधिकारी श्री लालजी दुबे तथा उपनिदेशक कृषि श्री प्रेम कुमार ठाकुर ने अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# ट्रेलर की चपेट में आई 14 वर्षीय छात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के शोहरतगढ़-खुनुवां मुख्य मार्ग पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बगहवा चौराहा स्थित वर्मा टेंट हाउस के सामने विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर की चपेट में आने से साइकिल सवार 14 वर्षीय छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार करहिया गांव निवासी अरविंद की पुत्री चावला (14), जो कक्षा नौ की छात्रा है, सुबह करीब दस बजे साइकिल से बगहवा स्थित सरदार पटेल कोचिंग सेंटर ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। इसी दौरान नेपाल की ओर जा रहे बॉक्साइट लदे ट्रेलर संख्या यूपी 70 क्यूटी 9051 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में छात्रा का एक पैर घुटने के नीचे से बुरी तरह जख्मी हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्रा को तत्काल जिला मुख्यालय भेजवाया। परिजनों के मुताबिक छात्रा का इलाज जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर नेपाल जाने वाले ट्रक और ट्रेलर अक्सर सड़क किनारे खड़े रहते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और आए दिन हादसे होते रहते हैं। दुर्घटना के समय भी सड़क के एक तरफ भारी वाहन खड़ा था, जिससे ट्रेलर का पिछला पहिया छात्रा और उसकी साइकिल की चपेट में आ गया।

पुलिस चौकी प्रभारी बीरेंद्र कुमार पासवान ने बताया कि हादसे के बाद ट्रेलर चालक हरिश्चंद्र यादव, निवासी ग्राम मुआमा, थाना सुरांव, जिला प्रयागराज को ट्रेलर सहित हिरासत में ले लिया गया है।

## संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता पर सवाल

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अपदस्थ करके हथकड़ियों में उनके देश से उठाकर न्यूयॉर्क में लाने की घटना को लेकर भारत की संतुलित प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। अमेरिका से व्यापारिक रिश्तों को लेकर जारी बातचीत के बीच अमेरिकी कार्रवाई की कड़ी आलोचना राष्ट्रीय कूटनीतिक लिहाज से सही नहीं कही जाएगी। वैसे भी ट्रंप जैसे राष्ट्राध्यक्ष के दौर में तो कड़ी प्रतिक्रिया अपने राष्ट्रीय हितों को संकट में डालने जैसा ही माना जाएगा। लेकिन जिस तरह भारत के लोगों ने इस कार्रवाई के विरोध में प्रतिक्रिया जताई है, उसे भी भारतीय लोक की स्वाभाविक प्रक्रिया का ही हिस्सा माना जाना चाहिए। भारतीय लोक स्वभाव से ही लोकतांत्रिक है और उसे लोकतांत्रिक सत्ताओं का सैनिक कार्रवाई के जरिए उखाड़ना पसंद नहीं रहा है। भारतीय लोक का मानस कमजोर के पक्ष में खड़े होने का रहा है। इसलिए अधिसंख्य भारतीय प्रतिक्रियाएं निकोलस मादुरो के पक्ष और अमेरिका के विरोध  में है।

अमेरिकी कार्रवाई ने दो तरह प्रस्थापनाएं की हैं। पहली यह कि ताकतवर के लिए कुछ भी करना संभव है। वह उसे नियमों और कानूनों की परिभाषा में बांध सकता है। दुनिया लाख चिल्लाती रहे कि किसी राष्ट्राध्यक्ष की सत्ता को उखाड़ फेंकना और उसे गिरफ्तार करके अपने कानूनों के दायरे में लाना अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है, लेकिन इसका अमेरिका की सेहत पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ने जा रहा। अमेरिका ने एक तरह से इतिहास को ही दोहराया है। अमेरिका अपने हितों के खिलाफ जिस देश को सिर उठाते देखता है, उसके खिलाफ उसे सैनिक, कूटनीतिक और आर्थिक कार्रवाई करने में देर नहीं लगती। इस मौके पर जार्ज बुश सीनियर के दौर को याद किया जाना चाहिए। कुवैत में इराकी सेना की कार्रवाई के खिलाफ उन्होंने खाड़ी युद्ध छेड़ दिया था। बेशक इस युद्ध की आग में झुलसने के चलते वे सत्ता में दोबारा वापसी नहीं कर पाए। लेकिन उनके अधूरे कार्य को उनके बेटे जार्ज बुश जूनियर ने पूरा किया। बेशक इसके लिए मुस्लिम चरमपंथियों और ओसामा बिन लादेन के कुख्यात संगठन अलकायदा ने मौका मुहैया कराया।

इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन की सत्ता को तहस-नहस करने के लिए तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश जूनियर और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने एक बहाना बनाया। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से इराक भेजे गए वैज्ञानिकों और पर्यवेक्षकों ने कथित रूप से रिपोर्ट दी कि इराक के पास व्यापक जनसंहार के रासायनिक हथियार हैं। अमेरिका की नजर में सद्दाम तानाशाह थे,इस लिहाज से ये हथियार मानवता के लिए घातक हो सकते थे।फिर क्या था,संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रस्ताव की आड़ में अमेरिका और ब्रिटेन ने इराकी शासन के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। अमेरिका की अगुआई वाली सेनाओं के हमले में इराक तहस-नहस हो गया। सद्दाम गिरफ्तार कर लिए गए, उनके खिलाफ मुकदमा चलाया गया और उन्हें व्यापक  नरसंहार का दोषी ठहराते हुए फांसी पर लटका दिया गया। बाद के दिनों में बीबीसी ने रिपोर्ट दी कि जिन घातक रासायनिक हथियारों को खत्म करने के नाम पर इराक पर मित्र देशों की सेनाओं ने हमला किया, असलियत में ऐसे हथियार तो इराक के पास थे ही नहीं। बीबीसी को यह खबर लीक करने का शक हथियार जांचने पहुंचे अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों की टीम के सदस्य रहे ब्रिटिश वैज्ञानिक विलियम केली पर किया गया। बीबीसी के कई अधिकारियों और पत्रकारों को इस खबर के लिए अपनी नौकरी गवांनी पड़ी। एक सुबह टहलने गए विलियम केली भी रास्ते में मृत पाए गए। इराक में अमेरिकी तर्ज का लोकतंत्र स्थापित तो हो गया है,लेकिन क्या वहां शांति आ पाई है? कुछ ऐसा ही यक्ष प्रश्न वेनेजुएला को लेकर उभरने वाला है। सवाल यह है कि क्या डोनाल्ड ट्रंप की कार्रवाई के बाद वेनेजुएला में जो सत्ता स्थापित हुई है, क्या वह सही मायने में लोकतंत्र स्थापित करके वहां नशा के कारोबार को रोक पाएगी। नशे के कारोबार की बात इसलिए की जा रही है, क्योंकि ट्रंप ने मादुरो पर बड़ा आरोप लगाया है कि वे नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहे थे, जिससे अमेरिकी हितों को चोट पहुंच रही थी। हालांकि उनके इस आरोप को अमेरिका की ही उपराष्ट्रपति रहीं कमला हैरिस ने नकारा है। उनका कहना है कि ट्रंप की कार्रवाई की मूल वजह के पीछे तेल का खेल है।

### माँ

माँ  शब्द   मिटाये भूख प्यास,
माँ  से  जीने   की   बढ़े आस।
माँ का मतलब जो जान लिया,
खुद  को  वह  पहचान  लिया।
माँ   न   होती    मैं   न  होता,
मैं  न  होता   तो  क्या   होता?
भाई   बहना    पत्नी   ललना,
सब तभी मिले  जो माँ ने जना।।
माँ   के  ममत्व  की  रसधारा,
जीवन को  सफल  बनाती है।
'माँ'  शब्द  लबों पर  आते ही,
हर  कष्ट  शमित  हो जाती है।
देव,   दनुज,   गंधर्व    आदि,
सब माँ  का ही गुणगान किये।
माँ  की  ममता  के खातिर ही,
इह लोक में देवभी वास किये।।
सुत  जनन  की चाहत में माता,
अति  दारुण कष्ट सहन करती।
परिवारी  पीड़ा  का  रौद्र   रूप,
वह  गर्भागत  हित में सह लेती।
गोदी  में  लाल  जो लसे व हँसे,
सो   धात्री  धन्य  हो  जाती  है।
भूखी     रहकर    भी     अम्बा,
निज सुत  की  भूख मिटाती है।।

-डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव

### शहीद वन्दना

अमर  वीरों की चलो  आओ करें  हम वन्दना।
देश  हित  जीये  मरे  जो  करें  उनकी अर्चना।
कर गये  जो  धन्य जीवन जान देकर शान से।
उन शहीदों की चलो  हम करें सबअभिवंदना।।
हो  गये   कुर्बान  जो  जन  राष्ट्र रक्षा के लिए।
शीश अर्पित कर दिये जो भालभारत के लिए।
वीरवर  वे  लाल  भारत  याद  आयेंगे  सदा।
जिन्दगी  जिनकी  रही  है  देश  सेवा के लिए।।
अमरगाथा जिन जनों की है लिखी इतिहास में।
नाम  रोशन  राष्ट्र  का  जो  कर  गये संसार में।
पुष्प अर्पित कर करें उनकी चलो हम वन्दना।
कर दिये जीवन समर्पित देश  के जो प्यार में।।
क्रांति वीरों  की  कहानी को कभी मत भूलना।
फाँसी पर हँसते हुए भाया था जिनको झेलना।
करो  वन्दन  पुष्प अर्चन उन शहीदों की सदा।
समर में जिनका सफ़र था शत्रुओं से  जूझना।।

-डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव
प्रधानाचार्य
राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज
अम्बेडकरनगर, उत्तर प्रदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है। 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था।**

# सोमनाथ : अटूट आस्था के 1000 वर्ष

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है...सौराष्ट्रे सोमनाथं च...यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है :


नरेन्द्र मोदी

'सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत॥'

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है।

दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनः निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे। 1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है।



हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे। सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है। 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। और हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा, दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे। इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्जागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा। ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी।

# 'अंकिता' पर पहाड़ से लेकर मैदान तक सियासत में उबाल

**अंकिता प्रकरण में धामी सरकार पर लगातार दबाव बनता जा रहा है। जनता सरकार से पूछ रही है वीआईपी कौन है और सरकार मौन क्यों है? अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी में असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चुप्पी भी इस प्रकरण के रहस्य को उजागर कर रही है। सरकार में शामिल भाजपा के तमाम मंत्रियों की जुबां पर ताले लग गए हैं।**

तीन बरस पहले उत्तराखंड को झकझोर देने वाले अंकिता भंडारी हत्याकांड के अनसुलझे राज अब परत दर परत खुलते जा रहे हैं। इस मामले को उत्तराखंड की राजनीती की एप्सटीन फाइल्स माना जा रहा है जहाँ नेताओं पर यौन शोषण करने के सीधे आरोप लग रहे हैं।  हाल ही में भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर और अभिनेत्री उर्मिला सनावर के बीच सोशल मीडिया पर हुई बहस ने इस केस को एक बार फिर से नया मोड़ दे दिया है।  खुद को सुरेश की पत्नी बताने वाली उर्मिला ने दावा दिया है कि अंकिता पर स्पेशल सर्विस के लिए दबाव डालने वाला वीआईपी कोई और नहीं बल्कि भाजपा के ही नेता थे। उन्होंने भाजपा के केंद्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम समेत कई पदाधिकारियों पर भी घिनौने कृत्य करने के आरोप लगाए हैं। हालाँकि सुरेश राठौर और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम उर्फ़ गट्टू ने इन आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया है।  इस खुलासे के बाद उत्तराखंड की राजनीती में भूचाल आ गया है और धामी सरकार पर सीधे सवाल उठ रहे हैं आखिर क्यों उसने इस प्रकरण पर ख़ामोशी की चादर ओड़ ली है और इन सब आरोपों के बीच भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम ने राज्य सरकार से अपील की है उन पर सोशल मीडिया पर चल रहे ऑडियो और वीडियो हटाए जाएँ। गौतम का साफ़ कहना है इससे उनकी छवि खराब हो रही है और उनके खिलाफ साजिश की जा रही है। उन्होनें उत्तराखंड के गृह सचिव शैलेश बगौली  को बाकायदा इस बारे में एक पत्र भी लिखा है।


हर्षवर्धन पान्डे

अंकिता भंडारी उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के एक छोटे से गाँव डोभ-श्रीकोट की 19 बरस की बेटी थी। घर की गरीबी का सपना लेकर वह 2022 में पहाड़ों से निकलकर सीधे मैदान में आई और ऋषिकेश के यमकेश्वर ब्लाक के वनंतारा रिसॉर्ट के रिसेप्शनिस्ट की 10 हजार रु. की नौकरी करने लगी। नौकरी शुरू किये अभी 15 दिन भी नहीं हुए थे कि रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य ने अंकिता पर दबाव डाला कि वह एक वीआईपी गेस्ट स्पेशल सर्विस दे। अंकिता ने इससे साफ़ इंकार कर दिया। उसने अपने दोस्त पुष्पदीप को व्हाट्सएप पर और रिसॉर्ट के साथी विवेक आर्य को बताया कि उसे जान का खतरा है। पुलकित आर्य भाजपा के पूर्व में मंत्री विनोद आर्य के बेटे हैं। 18 सितम्बर 2022 को अंकिता का फ़ोन बंद हो गया और वह लापता हो गई। 6 दिन बाद 24 सितम्बर को पास की चिल्ला नहर से उसकी गली हुई लाश मिली। जांच में पता चला पुलकित आर्य ने अपने दो साथियों रिसॉर्ट मैनेजर सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के साथ मिलकर अंकिता पर हमला किया और उसे नहर में फेंक दिया, जहाँ डूबने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद जो हुआ वह न्याय के बजाय पूरी तरह से सबूत मिटाने की कोशिश लगता है।  रिसॉर्ट के उस हिस्से को आधी रात में यमकेश्वर की भाजपा विधायक रेनू बिष्ट ने बुलडोजर से तोड़ दिया गया जहाँ अंकिता रहती थी। मुख्यमंत्री धामी और तत्कालीन पुलिस प्रमुख ने एक्स हैंडल पर कहा था कि उन्होनें त्वरित न्याय कर दिया है लेकिन सवाल यह है अंकिता प्रकरण पर अगर सबूत मिटाए गए तो असली न्याय कैसे होगा? इस प्रकरण में पहले मामला पुलिस को सौंपा गया लेकिन जनता के गुस्से के बाद धामी सरकार ने एसआईटी बैठाई। दिसंबर 2022 में 500 पेज की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल हुई जिसमें वीआईपी का जिक्र तो कई जगह आया लेकिन उसका नाम पता करने की कोशिश कहीं भी नहीं की गई। अंकिता की मां ने वीआईपी का नाम तक बताया था लेकिन सरकार के हाथों खेल रही राज्य की पुलिस ने उनसे पूछताछ तक नहीं की। 30 मई 2025 को कोटद्वार की अदालत ने पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को दोषी ठहराया और तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपियों ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में अपील की लेकिन वीआईपी से पर्दा आज तक नहीं हटा। तमाम सामाजिक संगठनों ने मांग की कि वीआईपी को सामने लाओ और सजा दो। सुप्रीम कोर्ट के वकील कॉलिन गोंसाल्विस ने भी इस मसले पर अपनी आवाज उठायी।




एक हफ्ते पहले सोशल मीडिया पर भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर के बीच झगड़ा हुआ। उर्मिला ने एक वीडियो में खुलासा किया कि वह वीआईपी दुष्यंत गौतम है जो भाजपा का बड़ा नेता है। उन्होनें यह भी कहा अकेले गौतम ही नहीं इस मामले में भाजपा के अन्य पदाधिकारियों की भी गहरी संलिप्तता है। उर्मिला ने यह भी कहा अंकिता के कमरे में बुलडोजर चलवाने वाली महिला का नाम भी उन्हें पता है साथ में उन्होंने भाजपा के कई नेताओं पर यौन दुराचार करने के आरोप भी लगाए जिससे ठण्ड में उत्तराखंड की राजनीती गर्म हो गई। विपक्षी दल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पीसीसी दफ्तर दिल्ली में इस पर बड़ी प्रेस कांफ्रेंस उर्मिला के वीडियो के साथ कर दी और साफ कहा अंकिता प्रकरण की सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो। गोदियाल ने इस पर धामी सरकार को अल्टीमेटम देने के साथ ही राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। अंकिता प्रकरण में धामी सरकार पर लगातार दबाव बनता जा रहा है। जनता सरकार से पूछ रही है वीआईपी कौन है और सरकार मौन क्यों है?  अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी में असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चुप्पी भी इस प्रकरण के रहस्य को उजागर कर रही है। सरकार में शामिल भाजपा के तमाम मंत्रियों की जुबां पर ताले लग गए हैं। अंकिता भंडारी मामले में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने बीते दिनों एक कॉन्फ्रेंस की जिसमें वह भी पत्रकारों के सवालों से बचते नजर आए। घटना के तोड़े गए रिसॉर्ट को लेकर पूछे गए सवाल पर सुबोध उनियाल कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। आम जनमानस में यह धारणा तेजी से बनी है धामी सरकार इस मामले में लीपापोती कर रही है। अंकिता प्रकरण में सबूतों से बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ की गई है। भारतीय दंड संहिता के मुताबिक सबूतों को मिटाना भी खड़ एक बड़े अपराध की श्रेणी में आता है। अगर अपराधी निर्दोष थे तो सबूतों से कैसा डर और सबसे बड़ा सवाल वह जमीन जो आयुर्वेदिक दवाइयों के लिए ली गई थी, उस पर रिसॉर्ट कैसे बना गया? अंकिता केस सिर्फ हत्या का का नहीं, यौन शोषण और सत्ता के दुरूपयोग से भी जुड़ा है।  अंकिता ने अपनी इज्जत बचाने की कोशिश की लेकिन उसे जान देकर कीमत चुकानी पड़ी। उर्मिला के आरोप बताते हैं सत्ता के सिंहासन पर बैठे बड़े-बड़े सूरमा इसमें शामिल हो सकते हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार ने अपने राज्य की बेटी की अस्मिता बचाने के लिए क्या किया?

# भारत में महिला कैदियों की बढ़ती संख्या

**रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से 2022 के बीच भारतीय जेलों में महिला कैदियों (विचाराधीन और सजायाफ्ता दोनों) की संख्या 9,089 से बढ़कर 23,772 हो गई। यह लगभग 162 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके विपरीत, इसी अवधि में भारत की कुल जनसंख्या में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई,जबकि पुरुष कैदियों की संख्या 3,10,310 से बढ़कर5,49,351 हुई, जो करीब 77 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाती है।**

वैश्विक स्तरपर भारत की सांस्कृतिक चेतना में नारी को देवी का दर्जा प्राप्त है। शक्ति, दुर्गा सरस्वती और लक्ष्मी के रूप में स्त्री भारतीय सभ्यता की आत्मा रही है।शासन-प्रशासन ने महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, राजनीतिक भागीदारी और सुरक्षा से जुड़े अनेक कार्यक्रम शुरू किए। भारत की सभ्यता में नारी को शक्ति, मातृत्व और देवत्व का प्रतीक माना गया है। वेदों से लेकर संविधान तक, महिला को सम्मान, समानता और गरिमा का अधिकार देने की बात की जाती रही है। स्वतंत्र भारत में भी महिला सशक्तीकरण को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार घोषित किया गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला, महिला हेल्पलाइन, मिशन शक्ति, स्टैंड- अप इंडिया जैसी असंख्य योजनाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि राज्य महिला उत्थान को प्राथमिकता देने का दावा करता है। इसके बावजूद,यदि हम आपराधिक न्याय व्यवस्था के आंकड़ों की ओर देखें तो एक गहरी चिंता उभरती है। इंस्टीट्यूट फॉर क्राइम एंड जस्टिस पॉलिसी रिसर्च की वर्ल्ड फीमेल इम्प्रिजनमेंट लिस्ट यह बताती है कि बीते दो दशकों में भारतीय जेलों में बंद महिलाओं की संख्या,पुरुषों और सामान्य जनसंख्या की तुलना में दोगुनी गति से बढ़ी है। यह तथ्य केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक और लैंगिक संरचनाओं पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। विदेशी नागरिकों, विशेषकर बांग्लादेशी मूल की महिलाओं के खिलाफ सघन अभियानों के कारण भी महिला कैदियों की संख्या में वृद्धि हुई है। एक अनुमान के अनुसार, केवल पश्चिम बंगाल की जेलों में ही लगभग 358 बांग्लादेशी महिलाएं कैद में हैं। इनमें से कई मानव तस्करी, अवैध प्रवास या जबरन अपराध में धकेली गई पीड़िताएं भी हो सकती हैं। यह स्थिति भारत की जेल व्यवस्था को एकअंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार और कूटनीतिक आयाम भी प्रदान करती है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से 2022 के बीच भारतीय जेलों में महिला कैदियों (विचाराधीन और सजायाफ्ता दोनों) की संख्या 9,089 से बढ़कर 23,772 हो गई। यह लगभग 162 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके विपरीत, इसी अवधि में भारत की कुल जनसंख्या में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई,जबकि पुरुष कैदियों की संख्या 3,10,310 से बढ़कर5,49,351 हुई, जो करीब 77 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाती है।यह असंतुलन इस ओर संकेत करता है कि महिलाओं के मामले में या तो अपराध के स्वरूप बदले हैं, या कानून,व्यवस्था और न्यायिक व्यवहार में ऐसा परिवर्तन आया है,जिसने महिलाओं को अपेक्षाकृत अधिक संख्या में जेल तक पहुंचाया है।


किशन भावनानी

इस मूल प्रश्न को समझने की करें तो सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिस दौर में महिला सशक्तिकरण बढ़ रहा है,उसी दौर में महिलाएं अपराध से विमुख क्यों नहीं हो रहीं? क्या अधिकारों की जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक संरचनाएं उन्हें सुरक्षित विकल्प नहीं दे पा रही हैं? कई मामलों में जांच के दौरान यह सामने आया है कि मादक पदार्थों और अन्य तस्करी गतिविधियों में महिलाओं को जानबूझकर शामिल किया जा रहा है, क्योंकि उन्हें कानून से कम संदेहास्पद माना जाता है। इस संदर्भ में यह आशंका भी उठती है कि कहीं पुरुषङ्प्रधान आपराधिक नेटवर्क अपने बचाव के लिए महिलाओं को आगे तो नहीं कर रहे।अमेरिका और चीन जैसे विशाल आबादी वाले देशों की तुलना में भारत में महिला कैदियों की कुल संख्या अपेक्षाकृत कम है। इससे एक प्रकार का संतोष मिल सकता है, लेकिन यह संतोष भ्रमित करने वाला है। मात्र 4 प्रतिशत हिस्सेदारी के बावजूद महिला अपराधियों की संख्या में तेज़ी से वृद्धि होना यह दर्शाता है कि समस्या की जड़ें गहरी हैं और भविष्य में इसके सामाजिक परिणाम गंभीर हो सकते हैं।



केवल अपराध नहीं सामाजिक-संरचनात्मक संकट इसको समझने की करें तो, महिलाओं के जेल जाने को केवल अपराध में वृद्धि के रूप में देखना एक सतही दृष्टिकोण होगा। वास्तविकता यह है कि अधिकांश महिला कैदी हिंसक अपराधी नहीं हैं। वे या तो गरीबी-जनित अपराध, परिस्थितिजन्य अपराध, पारिवारिक दबाव में किए गए अपराध, या कानूनी अज्ञानता के शिकार मामले हैं। अंतरराष्ट्रीय अध्ययन बताते हैं कि महिला अपराध अक्सर सर्वाइवल क्राइम होते हैं,यानें जीवित रहने की मजबूरी से उपजे अपराध।भारत में महिला कैदियों का बड़ा हिस्सा अंडरट्रायल है। वर्षों तक मुकदमे लंबित रहते हैं, जमानत की प्रक्रिया जटिल होती है और कानूनी सहायता तक पहुँच सीमित रहती है। गरीब, अशिक्षित और सामाजिक रूप से हाशिए पर खड़ी महिलाएँ इस प्रणाली में सबसे पहले फँसती हैं और सबसे अंत में बाहर निकलती हैं। यह स्थिति सीधे-सीधे संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता), अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) तथा अनुच्छेद 39 (निःशुल्क कानूनी सहायता) के उल्लंघन की ओर संकेत करती है। एक बहु-आयामी विश्लेषण करने की करें तो महिला कैदियों की संख्या में वृद्धि के पीछे पहला बड़ा कारण आर्थिक असमानता और स्त्री-गरीबी है। भारत में महिलाओं की श्रम भागीदारी दर चिंताजनक रूप से कम है। अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएँ असुरक्षित मजदूरी, ऋण जाल और शोषण का शिकार होती हैं। जब जीवन की बुनियादी आवश्यकताएँ पूरी नहीं होतीं, तो छोटी-मोटी चोरी, अवैध व्यापार या तस्करी जैसे अपराधों में फँसना उनकी मजबूरी बन जाता है। दूसरा कारण घरेलू हिंसा और पितृसत्तात्मक दबाव है। कई मामलों में महिलाएँ अपने पति या परिवार के पुरुषसदस्यों के अपराधों में सह-अभियुक्त बना दी जाती हैं। ड्रग्स, अवैध शराब, मानव तस्करी या आर्थिक अपराधों में महिलाओं की भूमिका अक्सर गौण होती है, लेकिन कानून उन्हें मुख्य आरोपी के समान दंडित करता है। यह दर्शाता है कि न्याय प्रणाली लिंग-संवेदनशीलता से अभी भी वंचित है।तीसरा बड़ा कारण कानूनी जागरूकता की कमी है। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की महिलाएँ अपने अधिकारों, जमानत प्रक्रियाओं और कानूनी उपायों से अनभिज्ञ रहती हैं। वे पुलिस हिरासत में दिए गए बयानों के कानूनी निहितार्थ तक नहीं समझ पातीं। कई बार फर्जी मुकदमे या मामूली अपराधों में भी उन्हें लंबे समय तक जेल में रहना पड़ता है। इसको समझने की करें तो, महिला सशक्तीकरण की योजनाएँ प्रायः कल्याणकारी स्वरूप की हैं, जबकि आपराधिक न्याय प्रणाली आज भी दंडात्मक मानसिकता से संचालित होती है। पुलिस तंत्र में महिला अधिकारियों की संख्या सीमित है।

# कड़ाके की ठंड में गरीबों का सुरक्षा कवच बना योगी मॉडल

**अवधनामा संवाददाता**



**मुरादाबाद।** जिले में मंगलवार को कोहरे की चादर खिंचने के साथ शीतलहर चलने से सर्दी बढ़ गई है। हालत यह रही कि दोपहर पर कोहरा व धुंध छायी रहने से जनजीवन प्रभावित हुआ। प्रशासन ने ठंड के बचाव के लिए जरूरी कदम उठाते हुए सर्दी से बचने की सलाह भी दी है।

सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल के नेतृत्व में जिले को शीतलहर के प्रभाव से बचाने के लिए एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना लागू की गई है। जिले में कुल 20 रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है जिनमें 12 स्थाई और 8 अस्थाई रैन बसेरे शामिल हैं। इन केंद्रों पर लगभग 290 लोगों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था है। स्थाई रैन बसेरों में स्वच्छ पेयजल, गर्म बिस्तर, साफ-सफाई और महिलाओं व पुरुषों के लिए पृथक कमरों व शौचालयों का इंतजाम है। रेलवे स्टेशन स्थित रैन बसेरे में 35 और कुंदनपुर में 50 लोग इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप सिंह के अनुसार, जिला प्रशासन द्वारा अब तक कुल 9015 कंबलों का वितरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त सीएसआर के माध्यम से जरूरतमंदों, बच्चों और गौशाला के केयरटेकर्स को छह हजार कबल अलग से बांटे गए हैं। जिले की चारों तहसीलों में 116 चिह्नित स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं ताकि सड़कों पर रहने वाले और राहगीरों को राहत मिल सके। ठंड से होने वाली किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस की टीमें गठित की गई हैं। टीमें रात में भ्रमण कर खुले में सो रहे लोगों को रैन बसेरों में जाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सख्त हिदायत दी है कि शीतलहर के कारण

- जिला प्रशासन द्वारा जिले में बनाए गए 20 रैन बसेरे
- जिले में 319 स्थानों पर जलाए जा रहे हैं अलाव

लापरवाही से होने वाली किसी भी दुर्घटना पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।

जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टर और दवाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा यातायात विभाग को कोहरे में दुर्घटनाएं रोकने हेतु वाहनों पर रिफ्लेक्टर और सड़कों पर कैट्स-आई लगवाना अनिवार्य किया है। उन्होंने पशुपालन विभाग को बेसहारा पशुओं और गौशालाओं में ठंड से बचाव के विशेष इंतजाम करने को कहा है। जिलाधिकारी ने कहा है कि उनका प्रयास है कि भीषण ठंड में किसी भी असहाय व्यक्ति को असुविधा न हो और हर जरूरतमंद को सरकारी सुरक्षा कवच प्राप्त हो सके।

## एआरटीओ ने चलाया नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान

**मथुरा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह बनाये जाने के निर्देश दिये। उक्त माह को जीरो फेटेलिटी माह के रूप में बनाया जाना है। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एआरटीओ राजेश राजपूत द्वारा जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपो पर नो हेल्मेट-नो फ्यूल का अभियान चलाया। उन्होनें जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों से अनुरोध किया कि कार्यालय में आने वाले समस्त कर्मचारी तथा आगुंतको को नो हेल्मेट-नो फ्यूल योजना का शत प्रतिशत पालन कराया जाये।

इसी क्रम में एआरटीओ राजेश राजपूत के निर्देशन संदीप चौधरी, यात्रीकर अधिकारी तथा पूजा सिंह, यात्रीकर अधिकारी द्वारा छाता क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रो में टेम्पो ड्राइवरों के साथ बैठक कर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया तथा अपने वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बिठा करा/लटका कर यात्रा न करने एवं वैध प्रपत्र पूर्ण होने के उपरांत ही वाहन को मार्ग पर संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# मतदाता बनकर मजबूत लोकतंत्र बनाने में निभाएं अहम भूमिका : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौली।** पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंदौली में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार द्वारा माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुआ। छात्रा अंतिमा उपाध्यक्ष द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत सुनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मतदाता रजिस्ट्रेशन हेल्प डेस्क का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। साथ ही उपस्थित वहां बीएलओ से फार्म संबंधित जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा के जिन युवाओं की आयु 01 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण हो गया है, वे अपने नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्मङ्क6 तथा घोषणा पत्र भरकर बी.एल.ओ. को सौंप सकते हैं। इसके साथ ही जिन नागरिकों का

- युवा मतदाताओं से नाम जुड़वाने की अपील

नाम वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे भी फार्म-6 के माध्यम से अपना नाम शामिल करवा सकते हैं। यह अवधि नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पात्र मतदाता अपना फार्मङ्क6 और घोषणा पत्र बी.एल.ओ. को दे सकते हैं । जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची में दर्ज सभी मतदाताओं के गणना पत्रक प्राप्त होने के पश्चात आज दिनांक 06 जनवरी को मतदाता सूची का आलेख प्रकाशन कर दिया गया है। यह सूची जिला मतदाता सूची जिला निर्वाचन अधिकारी के पोर्टल से प्राप्त कर सकते है।

इसी क्रम में पात्र मतदाताओं का कोई भी नाम छूटने न पाए, इसके लिए बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर निरंतर सत्यापन और जानकारी संकलन का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अपील किया कि सभी पात्र नागरिक विशेष रूप से वे जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष हो गई है,अपने नाम जुड़वाने हेतु समय पर फार्म-6 जमा कराएं। उन्होंने आगे बताया कि जो मतदाता किसी अन्य स्थान से जिले में स्थानांतरित हुए हैं, वे फॉर्म-8 सहित बी.एल.ओ. को प्रस्तुत करें, ताकि उनकी प्रविष्टि सही रूप से अद्यतन की जा सके। जिलाधिकारी ने सभी पात्र नागरिकों से समय पर आवश्यक प्रपत्र जमा कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है।

# ई-रिक्शा पर पुलिस का एक्शन

**अवधनामा संवाददाता**

- 100 से अधिक ई रिक्शाओ को वृंदावन पुलिस ने किया सीज



**वृंदावन (मथुरा)।** धर्मनगरी वृंदावन में बढ़ते ई-रिक्शाओ से होने वाले जाम को देखते हुए वृंदावन पुलिस ने ई रिक्शा चालकों पर लगाम कसना प्रारंभ कर दिया है। सोमवार की सुबह से ही वृंदावन पुलिस के द्वारा लगातार गलत रूट और बिना रूट के चलने वाले ई रिक्शा पर कार्रवाई करते हुए करीब 100 से अधिक ई रिक्शाओं पर लगाम लगाते हुए चालान और सीज की कार्रवाई की गई। वृंदावन कोतवाली के क्राइम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मथुरा एसएसपी दिलीप कुमार के निर्देशन में आज से वृंदावन में गलत रूट और बिना रुट की परमिशन के चलने वाले ए रिक्शाओं पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वृंदावन के अलग-अलग क्षेत्र में जगह-जगह पर वृंदावन पुलिस के द्वारा गलत रूट और बिना रूट के चलने वाले आई-रिक्शाओं को पड़कर उन पर चालान और चीज की कार्रवाई की गई है। वहीं उन्होंने बताया कि करीब 100 से अधिक ई रिक्शाओं पर कार्रवाई की गई है।

### चालकों का हो रहा उत्पीड़न

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों को बिना विश्वास में लिए जबरन कथित तौर पर रूट के नाम पर की जा रही अवैध वसूली में और तेजी लाने के लिए नगर निगम पुलिस का सहारा लेकर बिना रूट नम्बर के ऑटो एवं ई-रिक्शाओं को सीज व चालान कराकर संविधान का खुलेआम मजाक बनाया जा रहा है और ई-रिक्शा ऑटो चालकों का शोशल उत्पीड़न एवं मानसिक प्रांतणा दी जा रही है।

## पुलिस की वर्दी में बेखौफ बदमाश... चांदी कारोबारी को लूटा

**मथुरा।** बदमाश इतने बेखौफ हो गए हैं कि अब पुलिस की वर्दी में भी वारदात को अंजाम देने से नहीं डर रहे हैं। सोमवार रात को रेलवे जंक्शन पर मध्य प्रदेश से आ रहे चांदी कारोबारी का अपहरण करने का प्रयास किया। विरोध करने पर करीब 7 लाख रुपए की चांदी और सात हजार रुपये की नगदी लेकर भाग गए। मामले की जानकारी होने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और बदमाशों की धरपकड़ में जुट गई।

हाथरस जिले के थाना सादाबाद के गांव गोपुरा निवासी योगेश कुमार ने बताया कि वह चार जनवरी को कारोबार के सिलसिले में मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में गए थे। चांदी की पायल बेचकर वह तीन किलो 282 ग्राम कच्ची चांदी और 7500 रुपये नकद लेकर पातालकोट एक्सप्रेस से मथुरा लौट रहे थे। सोमवार रात ढाई बजे वह रेलवे स्टेशन के गेट नंबर तीन से निकलकर बाहर ऑटो स्टैंड की ओर बढ़े।

# नफरतों की आंधियां मिटायी जाए...

**अवधनामा संवाददाता**



**गाज़ीपुर।** हृदयेश पुरस्कार संस्थान एवं सृजन-सारथीके संयुक्त तत्वावधान में जनपद के महावीर प्रसाद द्विवेदी कहे जाने वाले साहित्यकार श्रीकृष्ण राय 'हृदयेश' के नखास स्थित 'गौतम आश्रम' पर 'सरस काव्यगोष्ठी' का आयोजन किया गया।

हृदयेश की नतिनी कार्यक्रम की आयोजिका डॉ. ऋचा राय ने समस्त कवियों एवं श्रोताओं का वाचिक स्वागत कर हृदयेश जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए हिन्दी साहित्य में उनके महत्तर अवदान को रेखांकित किया। काव्यपाठ में डॉ.अक्षय पाण्डेय ने नववर्ष पर अपना नवगीत ऑसू का एक स्वाद/एक रंग रक्त का/युद्धों ने चेहरा बदरंग किया/वक्त का/गया किन्तु करके भयभीत गया/और एक वर्ष आज बीत गया। सुनाकर खूब वाहवाही अर्जित की। व्यंग्य-कवि अनिल कुमार

- गौतम आश्रम पर हुआ सरस काव्य गोष्ठी

सिंह अनिलाभ ने जो लोग मेरा रोज़ हाल पूछ रहे थे/उनको पता नहीं है क्या? रहता कहाँ हूँ मैं। प्रस्तुत कर सोचने पर बाध्य किया। हरिशंकर पाण्डेय ने अपना गीत अधिकारी बन बहुत जी लिये/पुत्र रूप धर आओ तो/राह निहारें बूढ़ी अंखियाँ/उनसे जरा बतियाओ तो। प्रस्तुत कर अतीव प्रशंसा अर्जित की।

नगर के वरिष्ठ कवि,वीररसावतार दिनेशचन्द्र शर्मा ने ज़मीं पर चॉद सितारों की दुनिया बनाने वालों/अंधेरों में भी दिलों से दीपक की लौ जलाना होगा। प्रस्तुत कर श्रोताओं में ओजत्व का संचार किया। पूर्व प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने अपनी कविता रउरा के पा के आज ई धरती अघा गइल/ रउरे दरस-परस से ई लोगवा धधा गइल। सुना कर खूब वाहवाही लूटी। वरिष्ठ शायर कलीम अखूतर ने गंगाजमुनी संस्कृति को संबलित करने वाला शेर नफरतों की ऑधियॉ मिटायी जाए/आओ प्रेम का दिया जलाया जाए। सुना कर खूब तालियां बटोरी। अन्त में इस कावय-गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि कामेश्वर द्विवेदी ने नववर्ष पर अपनी छान्दस कविता मुस्कान बिखेर चतुर्दिक जो कुसुमित नव पुष्प सुगंधित हो/यह पावन वर्ष नया शुभ हो शुभ कर्म निरन्तर वंदित हो। प्रस्तुत कर खूब प्रशंसित हुए।

# जिलाधिकारी ने मतदान की महत्ता पर डाला प्रकाश

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** भारत निर्वाचन आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 06 जनवरी को बाबू शिवनाथ अग्रवाल महाविद्यालय, मथुरा में एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जिलाधिकारी महोदय, उपजिलाधिकारी महोदय, तहसीलदार सदर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, वित्त एवं राजस्व, महाविद्यालय के मुख्य प्रॉक्टर डॉ. रवीश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप मां सरस्वती एवं महाविद्यालय के संस्थापक बाबू शिवनाथ जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलितकर कर किया गया। तत्पश्चात् जिलाधिकारी महोदय का स्वागत महाविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. रवीश शर्मा द्वारा दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। अपने प्रेरक संबोधन में जिलाधिकारी महोदय ने कहा- मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक कर्तव्य है। एक-एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाया जाता है, जिससे कोई भी पात्र नागरिक अपने मतदान अधिकार से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी महोदय ने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा नियमित रूप से मतदान करें।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल का विराट व्यक्तित्व प्रदान करता है देशवासियों को नई प्रेरणा

**अवधनामा संवाददाता**



अटल स्मृति सम्मेलन में शामिल महापौर व अन्य अतिथि।

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कमेटी के आह्वान पर महापौर विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह अटल स्मृति सम्मेलन टाउन हॉल स्थित नगर निगम सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछडा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि पूर्व पीएम अटल जी का विराट व्यक्तित्व देशवासियों को नई प्रेरणा प्रदान करता है।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पिछडा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व पर चर्चा कर उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अटल जी की नीति में दूरदृष्टि, नेतृत्व में सेवा भाव और निर्णयों में राजनीतिक कुशलता थी। भारत ने अपना दूसरा परमाणु परीक्षण प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में 11 से 13 मई 1998 में सफलतापूर्वक किया और इस परीक्षण के बाद भारत एक परमाणु हथियार राज्य के रूप में उभरा। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा हिमाचल प्रदेश की जनता को अटल टनल जैसा अमूल उपहार दिया गया, जिसने लाहौल-स्पीति को वर्ष भर देश से जोड़ा और सामरिक दृष्टि से भी देश को मजबूती प्रदान की। इसके अलावा पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाकर गांव से शहरों को जोड़ा। उप्र राज्य बाल अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ विशेष गुप्ता ने कहा कि अटल ऐसे सर्वमान्य नेता थे,जिन्हें पक्ष और विपक्ष दोनों सम्मान देते थे। संसद में उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भी उन्हें भविष्य का प्रधानमंत्री बताया था। अटल जी ने मूल्यों और विचारधारा पर आधारित राजनीति के माध्यम से विकास व सुशासन की नींव रखी। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करके किया। महानगर के प्रसिद्ध व वरिष्ठ साहित्यकारों और कवियों ने अपनी काव्य पंक्ति और रचनाओं के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी।

## तहरीर मिलने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने पकड़ा चोर

**भाटपार रानी, देवरिया।** श्रीरामपुर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चोरी की एक घटना में तहरीर मिलने के महज 24 घंटे के भीतर ही उस घटना का पर्दाफाश कर दिया।पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बिहार के एक चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।श्रीरामपुर थानाध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मिश्रौली निवासी राजू पटेल ने 4 जनवरी 2026 को थाना में तहरीर देकर अवगत कराया था कि 3 जनवरी 2026 की रात में उनके घर से किसी अज्ञात चोर द्वारा दो मोबाइल तथा एक कपड़ा बैग चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही थी। थानध्यक्ष ने बताया कि सोमवार की सुबह चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बंकूल घाट पुल के पास से चोरी हुई दो मोबाइल तथा एक बैग के साथ घटना को अंजाम देने वाले चोर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# संतों की संगति से अच्छे विचार पैदा होते : भवानी नंदन यति

**हिमांशु राय**

- कहा, समय निकालकर भगवान की पूजा अवश्य करनी चाहिए



**गाजीपुर।** जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर और सिद्धपीठ हथियाराम मठ के प्रमुख स्वामी श्री भवानी नंदन यति महाराज, अपनी पारंपरिक रामहित यात्रा के दौरान सादात क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में रुके। हरिहररात्मक पूजा करने के बाद, महाराज श्री ने मौजूद शिष्यों और भक्तों को धार्मिक प्रवचन देते हुए कहा कि जीवन की व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर भगवान की पूजा अवश्य करनी चाहिए।

महामंडलेश्वर स्वामी ने कहा कि संतों की संगति में रहने और सत्संग में भाग लेने से अच्छे विचार पैदा होते हैं। उन्होंने व्यक्ति के अंदर प्रेम, भक्ति, विश्वास और भगवान के प्रति समर्पण की भावना के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों से मानवता को अपनाने का आग्रह किया। महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति महाराज वर्तमान में सनातन धर्म और सिद्धपीठ हथियाराम मठ की प्राचीन संत परंपरा को निभाते हुए रामहित यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान, वे गांवों का दौरा कर रहे हैं और अपने शिष्यों और भक्तों को धार्मिक प्रवचन दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान, पूर्व ग्राम प्रधान अंकुर सिंह ने वैदिक ब्राह्मणों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ महामंडलेश्वर को शॉल और अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भूख से जूझते हाथों तक पहुँची खुशी

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** कुछ जन्मदिन केक और मोमबत्तियों तक सीमित नहीं रहते वे समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचकर इंसानियत का अर्थ रचते हैं ऐसा ही एक उदाहरण राया निवासी श्रीमान मोहन नारायण अग्रवाल स्वामी जी के जन्मदिन पर देखने को मिला। जब उन्होंने तालियों और औपचारिकताओं से दूर रहकर भूख से जूझते जरूरतमंदों के लिए गरम भोजन की सेवा का मार्ग चुना। स्वामी जी ने अपने जन्मदिन पर पहले किसी अनजान की थरथराती प्रतीक्षा को तोड़ा गरम भोजन ने ठंडी आँखों में भरोसे की नमी भर दी और यह एहसास कराया कि खुशियाँ बाँटने से ही पूरी होती हैं। यह सेवा किसी दिखावे का नहीं बल्कि इंसानियत से किया गया एक मौन वादा थी।



### शिविर में 31 जरूरतमंदों को मिला नया सहारा

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वावधान में श्री अग्रवाल शिक्षा मंडल (रजि.), मथुरा के सहयोग से आयोजितकिया गया, दिव्यांग सहायता मासिक शिविर में 31पंजीकृत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायता प्रदान की गई। शिविर में शामिल दिव्यांगों का परीक्षण एवं उपकरण वितरण नई दिल्ली स्थित भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ की नई दिल्ली की एम्स शाखा की विशेषज्ञ डॉ. सुख शरण कौर जी द्वारा किया गया। उपकरणों का निर्माण भगवान महावीर विकलांग समिति कोटा के टेक्निशीयन विनोद पाण्डेय द्वारा किया गया।

# कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करना बहुत जरूरी



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन अमित राय एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. आजाद बेग के देवरिया आगमन पर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए देवरिया कांग्रेस जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष से संगठन की वर्तमान स्थिति एवं आगामी रणनीति को लेकर सार्थक चर्चा हुई। टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रकोष्ठ अध्यक्षों ने कहा कि कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संगठन को जनता से जोड़ते हुए समन्वय को और सशक्त करने का आह्वान किया गया। बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि जिले के पदाधिकारी जनता से सीधा संवाद स्थापित करें और संगठन के साथ निरंतर तालमेल बनाए रखें।

## 126 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**भाटपार रानी, देवरिया।** श्रीरामपुर पुलिस ने सोमवार की सुबह मॉर्निंग वॉकर चेकिंग के दौरान क्षेत्र के बजाज शुगर मिल बाईपास सड़क प्रतापपुर से एक मोटरसाइकिल पर लादकर बिहार ले जाते समय दो बोरी में 14 पेटी अवैध देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। बरामद की गई शराब की कुल मात्रा 126 लीटर बताई जा रही है।इस बाबत जानकारी देते हुए श्रीरामपुर थानाध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान बिहार के सिवान जिले के मैरवा थाना क्षेत्र के मैदनिया गांव निवासी प्रभु दयाल कुमार सिंह पुत्र नंद जी सिंह के रूप में हुई। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई राघवेंद्र सिंह,हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, कांस्टेबल रवि प्रकाश पटेल तथा राजेंद्र राव शामिल रहे।

# मरीज फाइलेरिया प्रभावित अंग की करें देखभाल : वरुण चौरसिया

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भलुअनी ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरौली में मंगलवार को सीएचओ के नेतृत्व में गठित पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) के सदस्य सहयोग से फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी प्रशिक्षण दिया गया। मरीजों को रुग्णता प्रबंधन और दिव्यांगता निवारण किट का वितरण किया गया, जिससे वह घर पर ही अपने घावों और पैरों की बेहतर देखभाल कर सकें। इसके साथ ही व्यायाम करने के टिप्स दिए गए। इस दौरान 10 फाइलेरिया (हाथीपांव) के मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। सीएचओ ने डेमो देकर प्रभावित अंग की साफ सफाई की जानकारी दी।

पीएसपी सदस्य सीएचओ वरुण चौरसिया ने कहा कि फाइलेरिया

- प्रभावित अंग की देखभाल के लिए दिया गया प्रशिक्षण

प्रभावित अंग की सही देखभाल, साफ सफाई और व्यायाम से हाथीपांव को आराम मिलता है। सीएचओ ने किट में मौजूद सामग्री जैसे साबुन, टावेल, एंटीसेप्टिक व अन्य उपकरणों के उपयोग की विधि करके दिखाया व मरीजों को समझाया। पीएसपी सदस्य ग्राम प्रधान विनय पाण्डेय ने बीमारी की गंभीरता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता, लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे व्यक्ति के हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। पीएसपी सदस्य एएनएम नेहा ने बताया कि महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन भी फाइलेरिया हो सकता है। शुरुआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। इस बीमारी से साल में एक बार लगातार पांच साल दवा के सेवन से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में सहयोगी संस्था सीफारजिला प्रतिनिधि सहित पीएसपी सदस्य संगिनी मंजू देवी, फाइलेरिया मरीज जोखू, आशा, आंगनबाडी, फाइलेरिया मरीज, वालेंटियर और ग्रामीण मौजूद रहे।

# कृष्ण कुटीर में मोहिनी दासी के भजनों पर थिरकीं वृद्ध माताएं

**अवधनामा संवाददाता**

- मथुरा के वृद्धाश्रम में भी हुई भजन संध्या



**वृंदावन (मथुरा)।** भारत सरकार के महिला व बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित और उप्र महिला एवं बाल कल्याण निगम द्वारा नगला रामताल में वृद्ध माताओं के लिए संचालित 'कृष्ण कुटीर' में भजन गायिका मोहिनी कृष्ण दासी की भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें वृद्ध माताएँ भक्ति रस से सराबोर हुई।

नववर्ष के अवसर पर हुई भव्य भजन संध्या में राधा रानी सहित अन्य इष्ट देवों के भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए गये। गोप गोपी सेवा संस्थान वृंदावन से जुड़ी भजन गायिका मोहिनी के साथ शिवम ने भी मधुर वाणी में भजन गाये और कार्यक्रम को मधुर बना दिया। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण कुटीर के प्रबंधन की ओर से शिल्पा मुरगई ने भजन गायिका मोहिनी एवं शिवम को सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कथा वाचिका मोहिनी कृष्णदासी ने कृष्ण कुटीर में निवासरत समस्त वृद्ध माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक शिक्षान्नयन संस्थान द्वारा कृष्ण कुटीर का संचालन वृद्ध माताओं की भावनाओं के अनुरूप बहुत बेहतर तरीके किया जा रहा है। यहाँ खान-पान से लेकर आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की जो व्यवस्था है, वह अन्य संस्थाओं के लिए अनुकरणीय है। वृद्ध माताएँ यहाँ स्वयं को अपने घर जैसा सुरक्षित और आत्मीय वातावरण महसूस करती हैं। भजन संध्या के दौरान मोहिनी कृष्णदासी ने लाडली तुझे तुझको बरसाना सहित अनेक लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी।

# 14 जनवरी को चिंतन शिविर में भारी संख्या में इलाहाबाद पहुंचे

■ कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्षों को पहनाई 21 किलो की माला



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रयागराज में भाकियू टिकैत हाई कमान द्वारा होने वाले चिंतन शिविर की तैयारी में स्थानीय जिला कमेटी द्वारा आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सहित जिलाध्यक्षों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा जनपद कन्नौज सहित आसपास जनपदों से भारी संख्या में कार्यकर्ता चिंतन शिविर में पहुंचे। मंगलवार को जिला कार्यालय इस्माइलपुर में आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान ने कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। चिंतन शिविर इलाहाबाद में पहुंचने के लिए तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने तहसील अध्यक्षों सहित ब्लॉक अध्यक्षों, ग्राम पंचायत अध्यक्षों एवं जिले के पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया। इसके उपरांत उन्होंने 14 जनवरी 2026 को चिंतन शिविर में रवाना होने के लिए निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं को चिंतन शिविर में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत संगठन की मजबूती को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या आलू फसल की कम कीमतें हैं। जिसको लेकर शीर्ष नेताओं को अवगत कराना है। सबसे अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी एवं जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर कार्यकर्ताओं 21 किलो की फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला महासचिव नफीस सिद्दीकी, प्रमोद तिवारी, धर्मेंद्र सिंह राजपूत बबलू ठाकुर, सत्यम प्रजापति, समधन नगर अध्यक्ष मुईन अहमद, सुरेश यादव, उपेंद्र राजपूत, जीतू यादव, राजा सिंह चौहान, डब्लू ठाकुर, श्रीकांत शुक्ला, मो शहराज हुसैन, राहुल कुमार, अजय शेर, राजीव त्रिपाठी, नौमान सिद्दीकी, जैनुल अंसारी, शादाब, आफ्ताब खॉन, अर्सलान, शकील हुसैन, असगर, नरेश राजपूत सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रमा हास्पिटल में 78 मरीजों को मिला निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श

**आजमगढ़।** रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 78 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि जनवरी माह में मौसम में ठंडा होना शुरू हो जाता है, मौसम पांच घंटे में बदलता रहता है ऐसे में सजग रहते हुए गर्भवती महिलाएं अपना ख्याल रखें। अपने स्वास्थ्य को लेकर नियमित चेकअप कराते रहे और डॉक्टर के संपर्क में रहे। गर्भवती महिलाओं को अपनी देखभाल के साथ-साथ नवजात के टीकाकरण पर भी ध्यान देना चाहिए और डॉक्टर की सलाह के अनुसार सभी टीके लगवाने चाहिए। साथ ही इस समय में संक्रमण के बचाव के प्रति गंभीर रहे। रमा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा. अमित सिंह ने बताया कि उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने को हम कटिबद्ध है। इस निशुल्क कैम्प से अधिक से अधिक महिलाएं लाभांवित हो। इस बार 78 महिलाओं का निःशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया।

## दिल्ली बैठक में आरक्षण के सख्त पालन और जवाबदेही की

**अवधनामा संवाददाता**



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में ऑल इंडिया माइनॉरिटी एम्प्लॉइज़ एंड पेंशनर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सामिन अंसारी ने यूनाइटेड तेलंगाना एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन फॉर माइनॉरिटीज़ के राज्य अध्यक्ष शेख निसार अहमद तथा तेलंगाना से आए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अल्पसंख्यक कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक का मुख्य विषय तेलंगाना राज्य में अल्पसंख्यक कर्मचारियों को आरक्षण नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही बाधाएं तथा अनुकंपा नियुक्तियों में हो रही देरी रहा। सामिन अंसारी ने कहा कि आरक्षण नीतियों के पालन में लापरवाही से अल्पसंख्यक कर्मचारियों को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने देशभर में अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़े संगठनों में समर्पित पदों के सृजन और कैडर गठन की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि समान प्रतिनिधित्व और करियर उन्नति सुनिश्चित की जा सके। वहीं, शेख निसार अहमद ने अनुकंपा नियुक्तियों में हो रही देरी, पारदर्शिता की कमी और नियमों से विचलन पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों के परिवारों, को समय पर न्याय और आजीविका का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सभी विभागों में आरक्षण मानकों के समान रूप से पालन और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

बैठक में दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि अल्पसंख्यक कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर एवं समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने नीति-निर्माताओं और संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर ठोस नीतिगत सुधार तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली व स्क्रैपर सहित चालक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तालग्राम क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा सीमा पर ईसन नदी के पास खनन विभाग टीम द्वारा छापेमारी कर मौके से ट्रैक्टर ट्राली व स्क्रैपर बरामद करते हुए एक चालक को हिरासत में ले लिया जबकि दूसरा चालक मौके से फरार होने में सफल रहा खनन विभाग की टीम द्वारा विधिक कार्रवाई की गई है। मंगलवार को जिला खनन अधिकारी राजीव रंजन के निर्देशन में खनन विभाग के अधिकारी संदेश कुमार ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम मजपुर्वा सीमा पर स्थित ईसन नदी के पास छापा मार कार्रवाई की। खनन विभाग की टीम को देखकर एक ट्रैक्टर चालक मौके से फरार होने में सफल रहा जबकि दूसरे चालक को खनन विभाग की टीम ने हिरासत में ले लिया। खनन विभाग की टीम ने मौके से एक ट्रैक्टर ट्रॉली एवं स्क्रैपर बरामद किया है। हिरासत में मौजूद ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम ऋषभ निवासी खानपुर थाना कसावा बताया है।

## गौवंश संरक्षण के लिये केटल कैचर को जीपीएस से लैस करें : जिलाधिकारी



**कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने गौवंश संरक्षण अभियान की समीक्षा की। जिसमें जनपद के विकास खण्डों में उपलब्ध केटल कैचर को जी0पी0एस0 प्रणाली से लैस करने हेतु मुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। मंगलवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा केटल-कैचर के माध्यम से निराश्रित/बेसहारा घूम रहे गोवंशों को गोवंश आश्रय स्थलों में गोवंश संरक्षण अभियान में तेजी लाने के निर्देश देनें के उपरान्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों के माध्यम से गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को ठण्ड से बचाने हेतु तिरपाल की व्यवस्था, अलाव की व्यवस्था एवं गोवंशों को ढकने के लिये काउकोट इत्यादि सुमुचित व्यवस्थाओं को देखना सुनिश्चित करें। जिसके अनुपालन में संबांधित अधिकारियों द्वारा गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी गयी।

## जिलाधिकारी ने किया लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण



**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डॉ0 वी.के. सिंह द्वारा लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां जनरल वार्ड, इमरजेंसी, पुरुष वार्ड, आईसीयू इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर को चैक किया। उन्होंने शौचालय व अस्पताल परिसर में साफ सफाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दहेज उत्पीड़न का आरोप



**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)** मेरठ के दिल्ली गेट थाना क्षेत्र से एक विवाहिता के उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के महज 6 महीने बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की शादी मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार लगभग 7 माह पूर्व आस मोहम्मद पुत्र मोबीन, निवासी पटौदी, हरियाणा के साथ हुई थी। पीड़िता का कहना है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग लगातार दहेज की मांग करते रहे, जिसको लेकर घर में आए दिन विवाद होता था। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने पीड़िता के साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता वर्तमान में मेरठ के दिल्ली गेट थाना क्षेत्र की निवासी है। घटना से आहत पीड़िता कप्तान कार्यालय पहुंची और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# माघ मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा को लग रहे साइन बोर्ड

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** माघ मेला शुरू होने के बाद नगर निगम प्रशासन ने श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए दिन रात लगी हुई है। पहले पर्व पौष पूर्णिमा बीतने के बाद अब दूसरे पर्व पर श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने के लिए चौराहों पर साइन बोर्ड लगाने की तैयारी की जा रही है। जिससे आने वाली भीड़ और श्रद्धालुओं को संगम के साथ-साथ अन्य घाटों पर पहुंचने में परेशानियां न हो। माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को नगर निगम प्रशासन की ओर से लगवाई जा रहे साइन बोर्ड के माध्यम से उन्हें सुविधा मिलेगी। इस साइन बोर्ड के जरिए दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु सकुशल घाट पर पहुंच सकेंगे। खंभों पर लगाए जा रहे साइन बोर्ड में आने-जाने वाले मार्गों की पूरी जानकारी होगी। जिससे यात्रियों को परेशानियां न हो। ।

नगर निगम के अधिकारी प्रमुख स्थानों और चौराहों पर खंभों में लगाए गए होर्डिंग्स और पोस्टर को हटवा रहे है। चौराहे पर काफी तेजी से यह कार्य किया जा रहा है। नैनी, झूंसी और फाफामऊ सहित शहर के कई चौराहों पर होर्डिंग्स और पोस्टर हटाकर उनके स्थान पर साइन बोर्ड लगाया जा रहा है। इसके लिए अधिकारी पूरी सक्रियता से लगे हुए है जिससे आने वाले पर्व से पहले श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की जा सके।

मेला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ने मेला क्षेत्र में भी यह व्यवस्था लागू की है। नैनी के अरैल घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मेला क्षेत्र में भी जगह जगह खंभों पर साइन बोर्ड लगाया है। अधिकारियों के कहना है कि इस साइन बोर्ड के माध्यम से आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी।

# जिलाध्यक्ष ने नफरत के बदले बांटे गुलाब के फूल व कलम

■ डोर टू डोर तलवार बांटने के विरुद्ध एआईएमआईएम ने दिया सामाजिक भाईचारे का संदेश

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एआईएम आईएम राष्ट्रीय अध्यक्ष असदउद्दीन ओवैसी के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली के दिशा निर्देश पर सेंट्रल प्रदेश अध्यक्ष शेख ताहिर सिद्दीकी की अगुवाई में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष इशरत खॉन द्वारा गाजियाबाद में डोर टू डोर तलवार बांटने के विरुद्ध सामाजिक सौहार्द और सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से गुलाब के फूल व कलम वितरण का आयोजन किया गया। मंगलवार को ग्राम सारोंतोप में एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खॉन की अगुवाई में नफरतों को फैलानें के घृणित कार्य गाजियाबाद में पिंकी चौधरी ने डोर टू डोर तलवार बांटने का असंवैधानिक कार्य किया था, उसके खिलाफ संविधान की बात करते हुए एक मोहब्बत का पैगाम डोर टू डोर पेन और गुलाब भेंट कर प्रेम, भाईचारे और शांति का संदेश दिया, वहीं कलम देकर शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुये कहा कि हमारे सदर का पैगाम पढ़ेगा नौजवान बढ़ेगा भारत, जिसमें बच्चों से मुस्तकबिल में कम से कम एलएलबी करने की बात कही गई, जिससे नाइंसाफी के खिलाफअपने घर, गांव व क्षेत्र की बात संविधान के दायरे में रहते हुए मजबूती से रख सकें। कहा कि तलवार के बदले कलम ही भारत को आपस में मोहब्बत का पैगाम दे सकती है। इस दौरान कोषाध्यक्ष अब्दुल अलीम अली सहित संगठन के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने बताया कि जनपद इटावा में मात्र 9,96,613 मतदाता निकले



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** एसआईआर प्रकिया के बाद चुनाव आयोग ने जारी की मतदाता सूची। ज़िला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में मात्र 9,96,613 मतदाता निकले,इटावा में एसआईआर से पहले 12,29,631मतदाता थे। 2,33040 मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए। इटावा सदर सीट में 259195,जसवंतनगर 288681और भरथना सुरक्षित में 311237 मतदाता पाए गए। इटावा विधानसभा में 1,05610, जसवंतनगर 61,455 और भरथना 65,975 मतदाताओं के नाम काटे गए। इटावा में मतदेय स्थल 1437 हो गए है।

# निर्वाचक नामावली 11 जनवरी को समस्त मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा पढ़ी जायेगी

**अवधनामा संवाददाता**

■ उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक-01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 हेतु घोषित किये गये कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में अवस्थित समस्त विधान सभा यथा 343-अतरौलिया, 344-गोपालपुर, 345-सगड़ी, 346-मुबारकपुर, 347-आजमगढ़, 348-निजामाबाद, 349-फूलपुर-पवई, 350-दीदारगंज, 351-लालगंज (अ0जा0) एवं 352-मेंहनगर (अ0जा0) की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आज दिनाक 06 जनवरी 2025 को जनपद के समस्त मतदेय स्थल पर कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत दिनांक 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज की जायेंगी। 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण (जारी करना, सुनवाई और वेरिफिकेशन) एन्यूमरेशन फॉर्म पर फैसला और दावे और आपत्तियों का निपटारा ईआरओ द्वारा एक साथ किया जाएगा। 03 मार्च 2026 को हेल्थ पैरामीटर्स की जांच और फाइनल पब्लिकेशन के लिए कमीशन की परमिशन ली जायेगी। उसके बाद दिनांक 06 मार्च 2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होने बताया कि वर्तमान आलेख्य निर्वाचक नामावली में 17,19,537 पुरूष, 14,28,063 महिला एवं 52 अन्य इस प्रकार कुल 31,47,652 मतदाता है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में घर-घर सर्वेक्षण के दौरान 102383 मतदाता मृतक पाये गये, 263695 मतदाता अन्य स्थानों पर स्थानांतरित (शिफ्टेड) पाये गये, 47984 मतदाता डुप्लीकेट पाये गये तथा 123984 मतदाता अनुपस्थित्त पाये गये है। उक्त के अतिरिक्त 158627 मतदाता नो मैपिंग श्रेणी के पाये गये, जिनको भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी की जायेगी। उक्त नोटिसों के निस्तारण हेतु आयोग से निर्धारित 13 प्रकार के दस्तावेजों में किसी एक दस्तावेज को अपने मतदेय स्थल के बी0एल0ओ0 को अथवा सुनवाई की निर्धारित तिथि को सम्बन्धित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने कहा कि नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी होने वाली नोटिसो में सुनवाई हेतु सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का नाम, पदनाम एवं स्थान अंकित होगा। उन्होने कहा कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट भी फार्म-6 बूथ लेवल आफिसर के पास जमा कर सकते है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधान सभा निर्वाचक नामावलियां दिनाक 06 जनवरी 2025 से 06 फरवरी 2026 तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में, मतदान केन्द्रों पर पदाभिहित अधिकारी, संबंधित बी0एल0ओ0 के पास, मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, आजमगढ़ में प्रत्येक कार्यालय कार्य दिवस में निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी तथा बिना फोटो वाली निर्वाचक नामावली जनपद की वेबसाइत www.azamgarh.nic.in पर उपलब्ध रहेगी। निर्वाचक नामावली दिनांक-11 जनवरी 2026 को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बी0एल0ओ0 द्वारा पढ़ी जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि जनपद में कुल 518 बूथ बढ़े हैं, वहां पर सभी राजनीतिक दल अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर दें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद आजमगढ़ के सभी नागरिकों से अपील किया है कि अर्ह व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु अधिक से अधिक संख्या में फार्म-6 भरवाने में सहयोग करें। इस अवसर पर समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फेंड्स क्लब की जीत में संस्कार की सटीक गेंदबाजी, आदित्य ने झटके पांच विकेट



**प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता।** संस्कार श्रीवास्तव की सटीक गेंदबाजी (6 - 2 - 10 - 4) के दम पर फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने गंगा जमुना तहजीब अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में मजीदिया इस्लामिया क्रिकेट क्लब बी को 84 रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। मजीदिया इस्लामिया क्लब के आदित्य कुमार की अचूक गेंदबाजी (6 - 0 - 35 - 5) लिए लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके। मंगलवार को दौलत हुसैन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीस ओवर में आठ विकेट 142 रन (धुर्व सिंह व समर्थ मधुबन 24 - 24, नैतिक 17 रन, आदित्य कुमार 5/31, अब्दुल रेहमान 1/15, मो. आजम 1/16, हमजा अली 1/18) पर बनाए। जवाब में मजीदिया इस्लामिया क्रिकेट क्लब बी की पूरी टीम 22.1 ओवर में महज 58 रन (हमजा इक़बाल 13, अब्दुल रेहमान 10 रन, संस्कार श्रीवास्तव 4/10, अंकुश आनंद 2/06, समर्थ मधुबन 2/08, नैतिक 1/07) पर बिखर गई।

## गंगा डिग्री कॉलेज की जीत में अभिताब व वारिश चमके



**प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता।** गंगा डिग्री कॉलेज ने क्रिसमस कप अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में भवम क्रिकेट क्लब को 94 रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक हासिल किए हैं। इस जीत में अभिताब के नाबाद (64 रन, 38 गेंद, दस चौके) एवं वारिश के धमाकेदार नाबाद (75 रन, 49 गेंद, दस चौके एवं एक छक्का) की पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। मंगलवार को फोर्ड स्कूल मैदान पर गंगा डिग्री कॉलेज पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में चार विकेट पर 208 रन (वारिश 75 नाबाद, अभिताब 64 अविजित रन, आयुष त्रिपाठी 2/27,) पर बनाए। जवाब में भवम क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 21.5 ओवर में 114 रन (हनी सिंह 19, ध्रुव 16 रन, धर्मेन्द्र कुमार 2/12, शलोक पटेल 2/17) पर सिमट गई।

# मतदाताओ के पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**




**मेरठ।** चौ0 चरण सिंह विश्व विद्यालय के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियो का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 नये मतदाताओ के पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 वी0के0 सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो के क्रम में आज जनपद मेरठ की सातो विधानसभाओ के क्षेत्र में संबंधित ईआरओ के द्वारा एसआईआर का ड्राफ्ट पब्लिकेशन कर दिया गया है तथा उसकी एक प्रति राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि को उपलब्ध करा दी गई है। उन्होने बताया कि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के अन्तर्गत जनपद-मेरठ की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि यथा 43-सिवालखास, 44 सरधना, 45-हस्तिनापुर (अ0जा0), 46-किठौर, 47-मेरठ कैन्ट, 48-मेरठ एवं 49 मेरठ पुनरीक्षण का आलेख्य प्रकाशन आज दिनांक 06 जनवरी 2026 को जनपद के सभी मतदान केन्द्रों पर कराया जा रहा दक्षिण की निर्वाचक नामावलियाँ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के अनुसार तैयार हो गई हैं। विशेष प्रगाढ़ है। इसके अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, नगर क्षेत्र में नगर निगम कार्यालय/नगर पालिका परिषद कार्यालय/नगर पंचायत कार्यालय पर तथा जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय पर भी किया जायेगा। दिनांक 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक बूथ लेवल अधिकारियों व पदाभिहित अधिकारियों द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। दिनांक 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित फोटोयक्त निर्वाचक नामावली में यदि किसी व्यक्ति का नाम सम्मिलित नही है तो ऐसे व्यक्ति मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 (घोषणा पत्र के साथ) भरकर आवश्यक पर आपत्ति एवं पूर्व में शामिल नाम को अपमार्जित करवाने हेतु प्रारूप-7 में तथा निवास परिवर्तन, निर्वाचक नामावली में संशोधन, मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन व दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु प्रारूप-8 (घोषणा-पत्र के साथ) में आवेदन आलेख्य प्रकाशन अवधि में संबंधित बी0एल0ओ0 अथवा अपने मतदान केन्द्र पर पदाभिहित अधिकारी को दे सकते है। मतदाता https://voters.eci.gov.in Voter Helpline App के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन फार्म-6 भरने वाले मतदाता को अपने परिवार के किसी सदस्य के फोटो पहचान पत्र की फोटो कापी अवश्य लगानी चाहिए ताकि उनका नाम सही बूथ पर दर्ज हो सके। जनपद में विधानसभावार पूर्व एवं वर्तमान मतदेय स्थलों व एएसडी मतदाताओं का विवरण निम्नानुसार हैः- 43-सिवालखास में संभाजन के पूर्व मतदेय स्थलो की संख्या-371, संभाजन के उपरांत मतदेय स्थलो की संख्या-390, वर्तमान में एएसडी मतदाताओ की संख्या 64555, 44-सरधना में संभाजन के पूर्व मतदेय स्थलो की संख्या-373, संभाजन के उपरांत मतदेय स्थलो की संख्या-420, वर्तमान में एएसडी मतदाताओ की संख्या 79006, 45-हस्तिनापुर (अ0जा0) में संभाजन के पूर्व मतदेय स्थलो की संख्या-369, संभाजन के उपरांत मतदेय स्थलो की संख्या-397, वर्तमान में एएसडी मतदाताओ की संख्या 64550, 46-किठौर में संभाजन के पूर्व मतदेय स्थलो की संख्या-395, संभाजन के उपरांत मतदेय स्थलो की संख्या-413, वर्तमान में एएसडी मतदाताओ की संख्या 64740, 47-मेरठ कैंट में संभाजन के पूर्व मतदेय स्थलो की संख्या-439, संभाजन के उपरांत मतदेय स्थलो की संख्या-474, वर्तमान में एएसडी मतदाताओ की संख्या 149000, 48-मेरठ में संभाजन के पूर्व मतदेय स्थलो की संख्या-323, संभाजन के उपरांत मतदेय स्थलो की संख्या-342, वर्तमान में एएसडी मतदाताओ की संख्या 89057, 49-मेरठ दक्षिण में संभाजन के पूर्व मतदेय स्थलो की संख्या-488, संभाजन के उपरांत मतदेय स्थलो की संख्या-545, वर्तमान में एएसडी मतदाताओ की संख्या 154739, इस प्रकार संभाजन के पूर्व मतदेय स्थलो की संख्या-2758, संभाजन के उपरांत मतदेय स्थलो की संख्या-2981, वर्तमान में एएसडी मतदाताओ की संख्या 665647 है। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने बूथ पर उपस्थित होकर दिनांक 11 जनवरी 2026 को ग्रामसभा तथा वार्ड कमेटी की बैठको में आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जायेगा।

## भू माफियाओं से अवैध कब्जा हटवाने को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**आज़मगढ़।** विनय प्रकाश गुप्त पिता रूपनरायन ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर अवगत कराया है कि मोहल्ला मुकेरीगंज, ग्राम शिवली, तप्पा अठैसी, परगना निजामाबाद, तहसील सदर, जिला आज़मगढ़, आराजी नं 204 रकबा 920 कड़ी जो 132 की सार्वजनिक भूमि है जो आज़मगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर शहर के मध्य राजकीय पॉलिटेक्निक स्कूल के बगल में चौराहे पर स्थित है। जिसकी कीमत लगभग रुपये 30 35 करोड़ की है। जिस पर भू माफिया द्वारा विकास प्राधिकरण, तहसील, पुलिस विभाग की मिलीभगत से व गुंडों के बल पर कब्जा किया जा रहा है। प्रार्थना है कि जनहित व सरकारी हित हेतु उक्त पोखरी की भूमि आराजी न 204 रकबा 920 कड़ी की सीमांकन कराकर सुरक्षित करने व अवैध कब्जा हटवाने की कृपा करें। उपस्थित लोगों में विशाल श्रीवास्तव, मनोज कुमार जायसवाल, मोनू गुप्ता रहे।

## चालकों/परिचालकों का निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण 9 जनवरी को

**आजमगढ़।** अतुल कुमार यादव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आजमगढ़ ने समस्त व्यवसायिक वाहन चालकों/परिचालकों को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत व्यावसायिक वाहन के चालकों/परिचालकों का निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण कराया जाना है। उक्त के क्रम में जनपद में दिनॉक 09.01.2026 को समय प्रातः 11ः00 बजे से सायं 04ः00 बजे तक स्थान प्राइवेट बस स्टैण्ड निकट जजी का मैदान आजमगढ़ में स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में चालकों / परिचालकों को हेल्थ कार्ड का वितरण निःशुल्क किया जाएगा। उन्होंने समस्त व्यवसायिक वाहन चालकों / परिचालकों से अपील किया है कि उक्त स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर में सम्मिलित हो कर अपना स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण कराना सुनिश्चित करें।

# नाबालिग को इंस्टा पर प्रेम जाल में फंसाया

**आरोपी**

**एक पुलिस अधिकारियों के अनुसार, किशोरी फरवरी से सितंबर 2025 के बीच आरोपी के साथ रही।**



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती के बाद किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और ब्लैकमेल के मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो अधिनियम की कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महाराष्ट्र के पालघर में सोशल मीडिया के माध्यम से एक नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाकर अपहरण, दुष्कर्म और उसे धमकाने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पालघर के वालिव क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय पीड़िता की आरोपी से इंस्टाग्राम पर मित्रता हुई थी। बातचीत के दौरान उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद पीड़िता आरोपी के साथ मध्य प्रदेश चली गई। एक पुलिस अधिकारियों के अनुसार, किशोरी फरवरी से सितंबर 2025 के बीच आरोपी के साथ रही। इस दौरान उसे कथित तौर पर शारीरिक यातनाएं दी गई और उसका यौन शोषण किया गया। इसके बाद सितंबर में पीड़िता किसी तरह वहां से निकलने में कामयाब रही और अपने माता-पिता के पास लौट आई। पीड़िता ने बताया कि घर लौटने के बाद आरोपी ने उसे बदनाम करने और वापस बुलाने के लिए सोशल मीडिया पर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और सामग्री प्रसारित करना शुरू कर दिया। इससे पहले, पिछले वर्ष फरवरी में किशोरी के लापता होने पर उसके परिवार ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था। अब पीड़िता की बहन की नई शिकायत के आधार पर पुलिस ने 28 दिसंबर, 2025 को आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (दुष्कर्म), लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# डीएमके हिंदुओं के खिलाफः थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने के फैसले पर बोली भाजपा

**नई दिल्ली।** मदुरै हाईकोर्ट ने मंगलवार को तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने की अनुमति दे दी है। इस फैसले को भारतीय जनता पार्टी ने भक्तों की जीत बताया है।

दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कोर्ट के फैसले से स्पष्ट हो गया है कि सत्तारूढ़ दल डीएमके हिंदुओं के खिलाफ काम करती है।

तमिलनाडु के मदुरै में थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दीपथून में दीपम जलाने के मामले को लेकर मद्रास हाईकोर्ट ने एकल न्यायाधीश के फैसले को बरकरार रखा है। अब फैसले पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने तमिलनाडु सरकार पर सनातन धर्म का अपमान करने, उपहास करने और उस पर हमला करने का आरोप लगाया है।



दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोयल ने कहा कि तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सितंबर 2023 में सनातन धर्म को खत्म करने की एक दुस्साहसी और निंदनीय मांग रखी थी। उन्होंने आगे कहा कि कुछ महीनों बाद भगवान कार्तिकेय और भगवान मुरुगन से जुड़े तिरुपरनकुंड्रम पर्वत पर दीपक जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उन्होंने कहा, यह महज एक संयोग नहीं है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन और डीएमके के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने लगातार सनातन धर्म की निंदा, उपहास और उस पर हमले किए हैं।

# महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को झटका



**मुंबई।** मनसे के असंतुष्ट नेता संतोष धुरी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गएष। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएमसी चुनाव में सीट बंटवारे के दौरान मनसे के वफादार कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया गया और सीट शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) को दे दी गई। मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने धुरी का स्वागत किया।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता संतोष धुरी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का दामन थाम लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने अपने ही वफादार कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया और मुंबई नगर निगम चुनावों में सीट बंटवारे के दौरान वार्ड शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को दे दिए।

संतोष धुरी माहिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 194 से मनसे के टिकट के मजबूत दावेदार थे। लेकिन यह सीट शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को दे दी गई। मनसे और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने 15 जनवरी को होने वाले बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के लिए गठबंधन किया है। मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने संतोष धुरी का पार्टी में स्वागत किया। धुरी ने दावा किया कि राज ठाकरे की पार्टी को वही वार्ड दिए गए, जहां शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के लिए जीतना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि माहिम, दादर, सेवरी, वर्ली और भांडुप जैसे मराठी भाषी इलाकों में मनसे ने कम से कम दो सीटों की मांग की थी। लेकिन केवल एक सीट ही दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मनसे नेता संदीप देशपांडे को सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल तक नहीं किया गया।

धुरी ने कहा, महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने हम पर हिंदुत्व के नाम पर मामले दर्ज किए और हमें महाराष्ट्र से बाहर रहने पर मजबूर किया। हमने सब कुछ भुला दिया। 2017 के नगर निगम चुनाव के बाद इन लोगों ने हमारे छह नगरसेवक ले लिए, वह भी हम भूल गए। उन्होंने कहा कि शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के टिकट चाहने वालों के लिए मनसे के वफादार कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने आरोप लगाया, राज साहब ने अपनी पार्टी उद्धव ठाकरे के सामने समर्पित कर दी है।

# भाजपा आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप से एसआईआर करा रहा चुनाव आयोग



**गंगानगर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान आयोग गलत तरीके अपना रहा है, योग्य मतदाताओं को मृत दिखाया जा रहा है और बुजुर्ग व बीमार लोगों को परेशान किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग राज्य में एसआईआर अभ्यास को कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर रहा है। मुख्यमंत्री बनर्जी दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में गंगासागर मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए दो दिन की यात्रा पूरी करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान चुनाव आयोग हर तरह के गलत तरीके अपना रहा है। उन्होंने कंहा, एसआईआर कराने के लिए चुनाव आयोग हर तरह के गलत कदम उठा रहा है। वह योग्य मतदाताओं को मृत घोषित कर रहा है और बुजुर्ग, बीमार और असहाय लोगों को सुनवाई में आने के लिए मजबूर कर रहा है। वह इस काम के लिए भाजपा के आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप का इस्तेमाल कर रहा है। यह अवैध, असांविधानिक और अलोकतांत्रिक है। ऐसे नहीं चल सकता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो की ओर से यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब उनकी पार्टी के सांसद डेरेक ओब्रायन ने चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर को कराने के लिए आयोग ने मनमाने और प्रकिया के खिलाफ कदम उठाए हैं। टीएमसी ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया ने राज्य के योग्य और वास्तविक मतदाताओं की परेशानियों को काफी बढ़ा दिया है। ममता बनर्जी ने कहा, मैं जनता से अपील करती हूं कि एसआईआर में भाग लेते समय सतर्क रहें। जो लोग जरूरतमंद हैं, उनके साथ खड़े रहें। उन्हें मेरा समर्थन करने की जरूरत नहीं है, केवल लोगों का साथ दें, जो इस प्रक्रिया की वजह से परेशानी में हैं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कहा था कि वह राज्या में मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी।

# फ्लैट-विला सौंपने का वादा कर 700 खरीदारों से की 360 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** कंपनी ने लोगों को भरोसा दिया कि उन्हें तय समय पर फ्लैट/विला मिलेगा। इस भरोसे पर लोगों ने अपना पैसा लगा दिया। लंबा समय बीत गया, लेकिन लोगों को न तो फ्लैट मिला और न ही विला। ग्राहकों को फ्लैट देने या उनकी रकम वापस करने में कंपनी पूरी तरह विफल रही। लोगों की मेहनत की कमाई को हड़प लिया गया। हैदराबाद में फ्लैट/विला सौंपने का वादा किए गए 700 से अधिक घर खरीदारों से लगभग 360 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। ईडी ने इस मामले में मेसर्स साहती इंफ्राटेक वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईवीपीएल) के पूर्व निदेशक और बिक्री एवं विपणन प्रमुख बी. लक्ष्मीनारायण और संधू पूर्णचंद्र राव के खिलाफ कार्रवाई की है। कई संपत्तियों को अटैच किया गया है। ईडी ने तेलंगाना पुलिस द्वारा मेसर्स एसआईवीपीएल, बी. लक्ष्मीनारायण और अन्य के खिलाफ विश्व स्तरीय आवासीय गेटेड समुदाय के निर्माण के लिए प्री-लॉन्च ऑफर का विज्ञापन करने और संभावित खरीदारों से भारी रकम वसूलने के आरोप में दर्ज एफआईआर के आधार पर इस केस की जांच शुरू की थी। हालांकि, कंपनी ग्राहकों को फ्लैट देने या उनकी रकम वापस करने में विफल रही। इस प्रकार उनकी मेहनत की कमाई को हड़प लिया गया। ईडी की जांच में पता चला है कि एसआईवीआईपीएल के पास आवश्यक आरईआरए/एचएमडीए की अनुमति नहीं थी। परियोजना के लिए कोई एस्क्रो खाता भी नहीं था। निवेशकों से प्राप्त धनराशि विभिन्न बैंक खातों में जमा की गई थी। उसे नकद में भी एकत्र किया गया। आरोपियों ने मेसर्स एसआईवीपीएल की अवैध रूप से शुरू की गई परियोजनाओं में इन्वेंट्री की बिक्री के माध्यम से 800 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि एकत्र की। आवश्यक अनुमतियों/अनुमोदनों के बिना इन्वेंट्री की बिक्री के झूठे बहाने से जनता को धोखा दिया। उन्होंने खरीदारों से बड़ी मात्रा में नकद राशि एकत्र की, जिसे एसआईवीपीएल के खातों में दर्ज नहीं किया गया। इसका स्पष्ट उद्देश्य एसआईवीपीएल की धनराशि को छिपाना और उसका गबन करना था। सरवानी एलीट परियोजना में इन्वेंट्री की बिक्री के बहाने खरीदारों से 216.91 करोड़ रुपये से अधिक नकद एकत्र किए गए। ईडी की जांच में यह भी पता चला है कि अपराध की आय को मेसर्स सिवीपीएल के फंड को संबंधित और असंबंधित संस्थाओं/व्यक्तियों को फर्जी बैंकिंग लेनदेन के जरिए ट्रांसफर करके, बिना किसी वास्तविक कारोबार के, गबन किया गया था। इसके अलावा, निकासी के बाद मेसर्स सिवीपीएल के बैंक खातों से नकदी के रूप में अपराध की आय की एक बड़ी राशि का गबन किया गया। बी. लक्ष्मीनारायण और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा भी अपराध की आय को विदेशों में बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था। संदू पूर्णचंद्र राव भी मेसर्स सिवीपीएल से लगभग 126 करोड़ रुपये के गबन में शामिल थे, जिसमें 50 करोड़ रुपये से अधिक की राशि नकद में एकत्र की गई थी।

## गढ़चिरौली नक्सली हमले के आरोपी को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आज कई अहम मामलों की सुनवाई हुई। गढ़चिरौली नक्सली हमले के आरोपी कैलाश रामचंदानी को लंबी न्यायिक हिरासत और ट्रायल में देरी को देखते हुए कड़ी शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी गई। वहीं, छात्र चुनावों से जुड़े नियमों को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 के गडचिरोली नक्सली आईईडी हमले से जुड़े मामले में आरोपी कैलाश रामचंदानी को अंतरिम जमानत दे दी है। इस हमले में 15 पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी और मामला देशभर में काफी चर्चित रहा था। शीर्ष अदालत ने यह राहत लंबी न्यायिक हिरासत और मुकदमे में हो रही देरी को देखते हुए दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि रामचंदानी 29 जून 2019 से जेल में है और अब तक मामले में आरोप तक तय नहीं हो पाए हैं।

# उस्मान हादी के समर्थन में निकली रैली, प्रदर्शनकारियों की भारतीयों के वर्क परमिट रद्द करने की मांग



**बांग्लादेश।** बांग्लादेश के छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्यारों को पकड़ने और सजा दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को उनके समर्थकों ने मार्च निकाला। इंकलाब मंचो के प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में काम कर रहे भारतीयों का वर्क परमिट रद्द करने की भी मांग कर रहे हैं। छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर मंगलवार को ढाका में उनकी पार्टी ने एक दिवसीय रैली का आयोजन किया। इस रैली में बांग्लादेश में रहने वाले सभी भारतीयों के वर्क परमिट रद्द करने की भी मांग की। अखबार ने आयोजकों के हवाले से बताया कि न्याय के लिए मार्च सुबह करीब 11:30 बजे शाहबाग से शुरू हुआ, जिसमें कार्यकर्ता 10 पिकअप वैन में और पैदल चलकर साइंस लैब, मोहम्मदपुर, मीरपुर-10, उत्तरा, बसुंधरा, बड्डा, रामपुरा और जात्राबारी सहित कई प्रमुख चौराहों से गुजरे और शाम को शाहबाग लौट आए। प्रतिभागियों ने कहा कि विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य हादी की हत्या की जांच में प्रगति की कमी की ओर ध्यान आकर्षित करना था, और मांग की कि हत्यारे, योजनाकारों, सहयोगियों और उन्हें शरण देने वालों सहित सभी संबंधित लोगों को 12 फरवरी के संसदीय चुनावों से पहले मुकदमे के लिए लाया जाए। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने हम हादी के खून को व्यर्थ नहीं जाने देंगे,मेरा भाई कब्र में पड़ा है जबकि हत्यारा आजाद क्यों है? और लाल और हरा झंडा, इंकलाब का झंडा - आप हादी को देख सकते हैं जैसे नारे लगाए। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की कि सेना खुफिया महानिदेशालय के भीतर कथित फासीवादी सहयोगियों की पहचान की जाए। उन्हें गिरफ्तार किया जाए और न्याय के कटघरे में लाया जाए। बता दें कि 32 वर्षीय हादी, जो एक प्रमुख युवा नेता थे और जुलाई-अगस्त 2024 के जन विरोध प्रदर्शनों के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हुए थे, जिसके कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी, को 12 दिसंबर को ढाका में एक चुनावी अभियान के दौरान सिर में गोली मार दी गई थी।

## सुलावेसी प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़

**मनाडो।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में मूसलाधार बारिश से आई बाढ़ में 16 लोगों की मौत हो गई और कई गांव जलमग्न हो गए। तेज बहाव से घर बह गए, सैकड़ों लोग बेघर हुए और पुलिस-सेना की मदद से बचाव दल प्रभावित इलाकों में तैनात किए गए। इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ में 16 लोगों की मौत हो गई।अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि कई दिनों से जारी मानसूनी बारिश के बाद सोमवार सुबह नदियां उफान पर आ गईं। इसी के बाद कीचड़, पत्थरों और मलबे से भरा तेज बहाव सिआउ तागुलंदांग बियारो जिले में लोगों को बहा ले गया और कई गांव पानी में डूब गए। पुलिस और सेना की मदद से आपातकालीन बचाव दलों को सिआउ द्वीप के बुरी तरह प्रभावित चार गांवों में भेजा गया।

# डेनमार्क को वेनेजुएला समझने की कोशिश न करे ट्रंप



**कोपेनहेगन।** ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर डेनमार्क की पीएम मेटे फेडरिक्सन कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे का मतलब नाटो मिलिट्री गठबंधन का खत्म होना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए गए बयान पर डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फेडरिक्सन ने सोमवार को करारा हमला बोला और उन्होंने कहा कि डेनमार्क को अमेरिका वेनेजुएला समझने की कोशिश न करे। हम पर हमला करना नाटो मिलिट्री गठबंधन का अंत होगा।

वेनेजुएला में मिलिट्री ऑपरेशन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा था कि अब अमेरिका ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की तैयारी में है। उनके इस बयान पर डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फेडरिक्सन ने सोमवार को तीखा पलटवार किया और कहा कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका का कब्जा नाटो मिलिट्री गठबंधन का अंत होगा। बता दें कि काराकास में अमेरिकी सेना द्वारा नेता निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ने के लिए आधी रात को किए गए ऑपरेशन से पूरी दुनिया हैरान है। अमेरिका के इस कदम से डेनमार्क और ग्रीनलैंड की चिंता बढ़ गई, जो डेनिश साम्राज्य का एक अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है और इस तरह नाटो का हिस्सा है।

फ्रेडरिकसेन ने सोमवार को डेनिश ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति की ग्रीनलैंड को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना की और विनाशकारी परिणामों की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका किसी दूसरे नाटो देश पर मिलिट्री हमला करने का फैसला करता है, तो सब कुछ रुक जाएगा। यानी, हमारे नाटो और इस तरह दूसरी दुनिया की जंग खत्म होने के बाद से मिली सुरक्षा भी खत्म हो जाएगी। ट्रंप ने अपने राष्ट्रपति बनने के दौरान और अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआती महीनों में बार-बार ग्रीनलैंड पर अमेरिका के अधिकार की बात कही, और उन्होंने द्वीप पर कंट्रोल करने के लिए मिलिट्री फोर्स का इस्तेमाल करने से भी इनकार नहीं किया है। रविवार को उनकी टिप्पणियों, जिसमें उन्होंने रिपोर्टर्स से कहा, 'आइए 20 दिनों में ग्रीनलैंड के बारे में बात करते हैं' ने इस डर को और बढ़ा दिया कि अमेरिका भविष्य में ग्रीनलैंड में दखल देने की योजना बना रहा है। फ्रेडरिकसेन ने यह भी कहा कि जब ट्रंप कहते हैं कि वह ग्रीनलैंड चाहते हैं, तो उन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हम ऐसी स्थिति स्वीकार नहीं करेंगे जहां हमें और ग्रीनलैंड को इस तरह से धमकी दी जाए।÷

नीलसन ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ग्रीनलैंड की तुलना वेनेजुएला से नहीं की जा सकती है। उन्होंने अपने समर्थकों से शांत और एकजुट रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा, हम ऐसी स्थिति में नहीं हैं जहां हमें लगता है कि रातों-रात देश पर कब्जा हो सकता है और इसीलिए हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि हम अच्छा सहयोग चाहते हैं।

## लेबनान के कई इलाकों में इस्राइल का ड्रोन हमला

**सीदोन।** लेबनानी सरकार गुरुवार को एक बैठक में हिजबुल्लाह के निरस्त्रीकरण पर चर्चा करने वाली है, जिसमें सेना कमांडर जनरल रुडोल्फ हायकल भी शामिल होंगे। सोमवार को हुए हवाई हमले लिटानी नदी के उत्तर में स्थित गांवों में हुए जो इस्राइल की सीमा से काफी दूर हैं।

इस्राइल की वायुसेना ने मंगलवार लड़के दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कई इलाकों पर हमला किया, जिसमें देश का तीसरा सबसे बड़ा शहर सीदोन भी शामिल है। मंगलवार तड़के करीब एक बजे हुए हमले में दक्षिणी तटीय शहर सीदोन में एक तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत ध्वस्त हो गई।

यह घटना लेबनान के सेना कमांडर की ओर से इस्राइल के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह को निरस्त्र करने के अपने मिशन पर सरकार को जानकारी देने से कुछ दिन पहले हुई।

# ट्रंप हुए वेनेजुएला में व्यस्त, पेरिस में यूक्रेन के सहयोगी देशों की शांति वार्ता अधर में लटकी



**पेरिस।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि संभावित यूरोपीय सैन्य तैनाती में अभी भी कई बाधाएं हैं। महत्वपूर्ण विवरण को अभी भी अंतिम रूप नहीं दिया गया है और सेना भेजने के लिए हर कोई तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को सैन्य सहायता देने पर भी कई देशों को संसद की मंजूरी लेनी होगी। रूस के साथ संभावित युद्धविराम के बाद यूक्रेन की सुरक्षा तय करने में मदद करने वाली महत्वपूर्ण वार्ता के लिए सहयोगी देश मंगलवार को पेरिस में मिल रहे हैं। हालांकि, ट्रंप प्रशासन का ध्यान वेनेजुएला की ओर होने के चलते प्रगति की संभावना अनिश्चित है।

अमेरिका के वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को पकड़ने से पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कथित इच्छुक देशों के गठबंधन की नई बैठक के बारे में आशा जताई थी। ये देश कई महीनों से इस बात पर विचार कर रहे हैं कि अगर रूस यूक्रेन से लड़ना बंद करने पर सहमत हो जाता है, तो भविष्य में किसी भी रूसी आक्रमण को कैसे रोका जाए।

31 दिसंबर को अपने संबोधन में मैक्रों ने कहा कि सहयोगी देश शिखर सम्मेलन में यूक्रेन की रक्षा करने और न्यायपूर्ण और स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। मैक्रों के कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि बैठक में बड़ी संख्या में अधिकारी निजी तौर पर मौजूद होंगे, जिनमें 27 राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों सहित 35 प्रतिभागी शामिल हैं। अमेरिका का प्रतिनिधित्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर करेंगे।

मैक्रों के कार्यालय ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शुरू में विदेश मंत्री मार्को रुबियो करने वाले थे, जिन्होंने वेनेजुएला में सैन्य हस्तक्षेप से संबंधित कारणों से अपनी योजना बदल दी।

युद्ध खत्म होने के बाद प्रतिभागी पांच प्रमुख प्राथमिकताओं पर ठोस नतीजा चाहते हैं। इनमें युद्धविराम की निगरानी के तरीके, यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए समर्थन, भूमि-समुद्र-हवा में एक बहुराष्ट्रीय बल की तैनाती, रूस की ओर से एक और आक्रमण की स्थिति में प्रतिबद्धताओं के इतर यूक्रेन के साथ दीर्घकालिक रक्षा सहयोग शामिल है। हालांकि, मंगलवार को होने वाली बैठक में यह संभव हो पाएगा या नहीं, यह अब स्पष्ट नहीं है। दरअसल, ट्रंप वेनेजुएला में नेतृत्व परिवर्तन करने के अपने फैसले के बाद के उसके नतीजों से निपटने में मशगूल हैं।

यूक्रेन वॉशिंगटन से सैन्य और अन्य प्रकार की सहायता की ठोस गारंटी चाहता है, जिसे वह अन्य सहयोगियों से इसी तरह की प्रतिबद्धता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण मानता है। कीव किसी भी युद्धविराम को लेकर सतर्क है, क्योंकि उसे डर है कि इससे रूस को फिर से संगठित होने और दोबारा हमला करने का समय मिल सकता है।

# नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव, कर्फ्यू के बीच काबू में हालात

**नेपाल** नेपाल के बीरगंज में हिंसा और आगजनी के बाद तनाव व्याप्त है। स्थानीय प्रशासन ने कर्फ्यू लगाने का एलान किया है। सुरक्षाबलों की चौकसी के बीच तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। भारत हालात पर करीबी नजर बनाए हुए है। सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षाबल अलर्ट मोड पर हैं। नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव बना हुआ है। सांप्रदायिक सोशल मीडिया वीडियो से उपजा पूरा विवाद धार्मिक स्थल से जुड़ा है। चिंताजनक स्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने एहतियाती कर्फ्यू लगाने का एलान किया। पड़ोसी देश में तनाव और उथल-पुथल के बीच भारत में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नेपाल की सरकार ने कहा है कि बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। जिला प्रशासन कार्यालय, परसा ने तनावपूर्ण स्थिति के बीच कर्फ्यू आज (6 जनवरी) शाम 6 बजे तक बढ़ा दिया है। इससे पहले प्रशासन ने कर्फ्यू का वक्त दोपहर एक बजे तक बढ़ाया था। गौरतलब है कि बीरगंज की सीमा भारत में बिहार से लगती है। यहां रविवार से ही लगातार तनाव बढ़ रहा है। टिकटॉक पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव शुरू हुआ था। इसकी शुरुआत धनुषा में कमला नगरपालिका से हुई। रिपोर्ट्स में धार्मिक किताबों को जलाने की बातें भी सामने आई। हालात की समीक्षा के बाद सरकार और स्थानीय प्रशासन ने बस पार्क, नागवा, इनारवा (पूर्व); सिरसिया नदी (पश्चिम); गंडक चौक (उत्तर) और शंकराचार्य गेट (दक्षिण) को संवेदनशील इलाके के रूप में चिह्नित किया है। प्रशासन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा, कर्फ्यू के दौरान, सुरक्षाकर्मियों को देखते ही गोली मारने का अधिकार दिया गया है।



# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत नामावलियां जारी

- दावे-आपत्तियां 6 फरवरी तक
- नए मतदाता फार्म-6 से करा सकते हैं पंजीकरण
- संशोधन व स्थानांतरण हेतु फार्म-8 की सुविधा
- मतदाता सूची ऑनलाइन भी देखी व संशोधित होगी

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दि. 06.01.2026 को जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह द्वारा किया गया, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय (तहसील) में सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा, प्रत्येक पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्र) एवं मतदेय स्थलों पर सम्बन्धित पदाभिहित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा कर दिया गया है। उन्होने कलैक्ट्रेट सभागार में नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन के उपरांत राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रतियां उपलब्ध कराते हुये कहा कि यदि इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो दि. 06 फरवरी तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्यामलता आनन्द ने बताया कि उक्त स्थलों पर आलेख्य मतदाता सूची जन-सामान्य के अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होने जन-सामान्य को सूचित किया है कि वह आलेख्य प्रकाशन दिवस दि. 06.01.2026 को प्रकाशित होने वाले वाली आलेख्य मतदाता सूची का अवलोकन उक्त स्थलों पर कर सकते हैं। उन्होने बताया कि दावे और आपत्तियां दि. 06 जनवरी से दि. 06 फरवरी 2026 तक प्राप्त की जायेंगी, प्राप्त दावे, आपत्ति का निस्तारण दि. 27.02.2026 तक किये जाने हेतु आयोग द्वारा समय-सीमा निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया कि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की उपरोक्त अवधि के दौरान यदि कोई मतदाता 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के अतिरिक्त 01 अप्रैल 2026, 01 जुलाई 2026 व 01 अक्टूबर 2026 को अर्ह हो रहे हैं, तो ऐसे मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 (अनुलग्नक-प्ट) भरकर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास अग्रिम रूप से जमा कर सकते है तथा निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि में संशोधन करने, मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने, निवास परिवर्तन हो जाने के संबंध में फार्म-8 एवं घोषणा पत्र भरकर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होने बताया कि मतदाता सूची में पंजीकरण कराने या किसी भी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन इत्यादि के लिए ऑनलाइन के माध्यम से आयोग के ऐप ECINET मोबाइल एप एवं वेबसाइट https://voters-eci.gov.in के माध्यम से भी फार्म-6 व फार्म-8 घोषणा-पत्र सहित सबमिट किया जा सकता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

**प्रयागराज।** आल इंडिया लॉयर्स यूनियन इलाहाबाद हाईकोर्ट और जिला इकाई ने संयुक्त रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट नंबर 3 के बाहर डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। यह विरोध प्रदर्शन वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी शिलिया को उनके बेडरूम से राष्ट्रपति ट्रंप की सेना द्वारा उठाए जाने के विरोध में हुआ। अधिवक्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर अंतरराष्ट्रीय कानून और संस्थाओं का राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नग्न उलंघन किए जाने पर गहरी चिंता और रोष व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति ट्रंप मुर्दाबाद, राष्ट्रीय सम्प्रभुताओं का सम्मान करो, संयुक्त राष्ट्र संघ चार्टर का नग्न उल्लंघन क्यों जवाब दो आदि के गगनभेदी नारे लगाए। प्रदर्शन में अरविन्द कुमार राय, आशुतोष कुमार तिवारी, राधेश्याम द्विवेदी, यशवंत सिंह, रेखा सिंह, माता प्रसाद पाल (एआईएलजे), जफर अली, विष्णु कांत तिवारी, दीपक निषाद, आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

# गोवंश तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में थाना जीयनपुर पुलिस द्वारा गोवंश तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 04.01.2026 को थाना जीयनपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पारनकुण्डा स्थित गौशाला से कुछ व्यक्ति गोवंश चोरी कर पीकअप वाहन पर लादकर जनपद मऊ के रास्ते बिहार ले जाने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए गौशाला के पास घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। मौके पर पीकअप वाहन संख्या क्र 60 छ्ज्ञ 3511 से 04 अदद जिन्दा गोवंश बरामद किए गए। उक्त घटना के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 11/2026 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम, धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी का विवरण दिनांक 06.01.2026 को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान थाना जीयनपुर पुलिस को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त भरौली मोड़ पर मौजूद हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा समय लगभग 13:10 बजे 02 अभियुक्तों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण 1.पूरनमल यादव पुत्र प्रेमशंकर यादव, निवासी करमौता, थाना नगरा, जनपद बलिया। (वाहन स्वामी) 2.तेज प्रताप शाही उर्फ पप्पू पुत्र कल्पनाथ शाही, निवासी पारनकुण्डा, थाना जीयनपुर, जनपद आजमगढ़। (केयर टेकर) पूछताछ का विवरण गिरफ्तार वाहन स्वामी एवं केयर टेकर ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर गौवंश पशुओं की चोरी कराकर बिहार राज्य में बेचवाते थे और उससे जो रूपये मिलते हैं उन्हे सब लोग आपस में बांट लेते है। पूर्व में बरामदगी का विवरण 04 अदद जिन्दा गोवंश, घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन संख्या P 60 CT 3511 गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- 1.उ0नि0 जाफर खान, चौकी प्रभारी लाटघाट, थाना जीयनपुर, जनपद आजमगढ़, 2. उ0नि0 अजय यादव, चौकी प्रभारी अजमतगढ़, थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़, 3. का0 बृजेश यादव, थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़, 4.का0 सौरभ सिंह, थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ है।

# डीएम की अध्यक्षता में जलापूर्ति व्यवस्था के संबंध में बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में एक्सइएन जल निगम शहरी, अधिशासी अधिकारीगण तथा अन्य के साथ जलापूर्ति व्यवस्था के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर सीमान्तर्गत किसी भी वार्ड/मोहल्ले में पाईन लाईन क्षतिग्रस्त हो उसका स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल मरम्मत कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। वार्ड/मोहल्ले का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाय कि उपभोक्ता द्वारा जलापूर्ति हेतु लिये गये कनेक्शन के पानी का पाईप नाली में न हो। यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाय। नगर सीमान्तर्गत स्थापित ओवर हेड टैंक का नियमित रूप से सफाई कराया जाय एवं रजिस्टर बनाकर समयावधि दर्ज किया जाय। उपभोक्ताओं द्वारा लिया गया कनेक्शन का पानी यदि नाली में बहाया जा रहा है तो उसको तत्काल बन्द कराया जाय। नलकूपों पर लगे इलेक्ट्रानिक डोजर सिस्टम को ठीक करा कर नियमित रूप से सोडियम हाईपों क्लोराइड मिला कर जलापूर्ति सुनिश्चित किया जाय। प्रातःकाल एवं सायंकाल में सभी वार्डो/मुहल्लों में स्थलीय निरीक्षण कर जलापूर्ति के समय ओ0टी0 टेस्ट आवश्य कराये, जिससे जनता को शुद्ध जलापूर्ति मिल सकें। सभी नलकूपों/मिनी नलकूपों के आस-पास प्रतिदिन साफ-सफाई का कार्य नलकूप पर कार्यरत पम्प चालक से अपनी देख-रेख एवं निगरानी में कराया जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गत एक वर्ष में जलापूर्ति से सम्बन्धित जो भी शिकायतें दर्ज/प्राप्त है उनका निरीक्षण करा कर फीडबैक प्राप्त कर दर्ज करते हुए अवगत कराये जाए। इसके साथ ही प्रतिदिन अवर अभियन्ता (जल) एवं स्वास्थ्य विभाग के कमेस्टि के साथ हो रहे ओ0टी0 टेस्ट किया जाय। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट ,एक्सइएन जल निगम शहरी सचिन सिंह, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज, कोर्ट में पेश कर भेजा जेल



**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी संदीप गौतम को पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी मंगलवार, को सुबह 8:45 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, संदीप गौतम पुत्र बेचन गौतम, जो धनियामऊ थाना बक्शा, जौनपुर का निवासी है और उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष है, को मुखबिर की सूचना पर धनियामऊ सरायहरखू ओवर ब्रिज के पास से पकड़ा गया। उस पर थाना बक्शा में मु0अ0सं0 478/25 धारा 65(1) /351(3) बीएनएस व ङ (1) पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह के निर्देश और क्षेत्राधिकारी सदर देवेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में बक्शा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में यह गिरफ्तारी हुई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक परमानंद त्रिपाठी और हेड कांस्टेबल आदर्श कुमार सिंह शामिल थे। विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# डीएम ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अर्न्तगत मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में किया गया जिसका शुभारम्भ जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र, जिलाध्यक्ष सपा राकेश मौर्या, जिलाध्यक्ष अपना दल एस से लालबहादुर पटेल, बीएसपी से चंद्रेज भारती, सीपीआईएम से के0 एस0 रघुवंशी, कांग्रेस से अली अंसारी, शहनवाज सहित राजनैतिक दल के अन्य सम्मानित प्रतिनिधिगण, उपजिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा, बीएलओ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे स्कूली छात्र, छात्राओं को मतदाता बनने के लिए फार्म 6 व घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) प्रदान करते हुए जनपद के अन्य युवाओं व छूटे हुए लोगो को वोटर बनने हेतु प्रेरित किया। जिला निर्वाचन/जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार आज मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन पदाभिहित स्थलों (मतदेय स्थलों) निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पर किया गया। प्रकाशित अवधि में मतदाता सूची निरीक्षण हेतु निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। आलेख्य प्रकाशन अवधि में 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक जनपद में कुल नियुक्त 4172 बूथ लेविल ऑफिसर द्वारा 18 वर्ष पूरी करने वाले युवा व छूटे हुए मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने हेतु नियत प्रारूप 6 व घोषणा पत्र भरवाकर प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

मतदाता सूची में सम्मिलित मृतक, डबल, शिफ्टेड मतदाताओं के नाम विलोपित किये जाने हेतु नियत प्रारूप-7 प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि में संशोधन किये जाने, निवास परिवर्तन किये जाने, दिव्यांग के चिन्हीकरण एवं फोटो पहचान पत्र नष्ट या खोने पर दुबारा बनवाये जाने हेतु नियत प्रारूप-8 पर भरवाकर कार्यवाही की जायेगी। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित, अपमार्जित एवं संशोधित करने हेतु आनलाइन ECINET mobile app http://voters.eci. gov.in के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। आयोग के द्वारा फार्मो के निस्तारण की अवधि 27 फरवरी 2026, निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 निर्धारित की गयी है। 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरी करने वाले युवा और छूटे हुए लोग मतदाता बनने हेतु पंजीकरण कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सै0 मो0 मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, उप जिलाधिकारी संतबीर सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार सहित बीएलओ, सुपरवाइजर, छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस लाइन का एसपी ने किया निरीक्षण



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का सघन भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परिसर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना तथा पुलिस बल की सुविधाओं व अनुशासन को सुदृढ़ करना रहा। पुलिस अधीक्षक ने परिसर में निर्माणाधीन बहुमंजिला आवासीय बिल्डिंग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट प्रशिक्षुओं के रहने, खाने और प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं को परखा गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनके प्रशिक्षण का स्तर उच्च कोटि का बना रहे। श्स्वच्छ भारत अभियानश् के दृष्टिगत पूरे पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालयों और आवासों के आसपास स्वच्छता का वातावरण कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए अनिवार्य है। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन गोल्डी गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### 37 वाहनों का ई—चालान, 45 हजार समन शुल्क वसूले गये

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)**



जौनपुर—केराकत मार्ग पर स्थित प्रसाद तिराहे पर यातायात प्रभारी सुशील मिश्र द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 37 वाहनों का चालान करते हुये 45 हजार की राजस्व वसूली भी की गयी। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देश पर मंगलवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात प्रभारी सुशील मिश्रा ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सीट बेल्ट, ब्लैक फ़िल्म, डीएल, वाहन इंश्योरेंस न रहने पर 37 वाहनों का ई चालान किया गया। श्री मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत प्रसाद तिराहे पर कुल 37 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 45 हजार समन शुल्क भी वसूला गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि चालान किये गये वाहनों में अधिकतर इंश्योरेंस, डीएल आदि नहीं मिला। ब्लैक फिल्म लगे पाये गये जिसके तहत कार्यवाही की गयी। इस दौरान उपनिरीक्षक सुनील तिवारी, यज्ञ नारायण यादव, अजीत सिंह, बृज किशोर सहयोगी आदि भी मौजूद रहे।

### डूंग जी महाराज की पुण्यतिथि पर संतों का जुटान



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** सेक्टर छह स्थित श्री डूंग जी महाराज संस्थान (भूरा मठ) में मंगलवार को स्वामी हरीश्वरानंद तीर्थ जी की पुण्यतिथि मनाई गई। यहां दंडी सन्यासियों का जुटान हुआ। उन्हें भूरा मठ की तरफ से प्रसाद और कंबल वितरित किया गया। हजारों सन्त महापुरुषों सहित जरूरतमंद लोगों में कम्बल का पुनः वितरण हुआ। दंडी समाज के प्रवक्ता विद्यामार्तंड अरविंद स्वामी जोशी ने बताया कि प्रतिवर्ष माघ मास में उनकी पुण्यतिथि मनाई जाती है। इस लिहाज से मंगलवार को भी दंडी समाज से जुड़े संतों एवं आमजनमानस के लिए अन्नक्षेत्र का संचालन किया गया। इस दौरान सभी को प्रसाद के साथ कंबल भी वितरित किए गए। इसके बाद दक्षिणा देकर संतों को विदा किया गया। मठ के व्यवस्थापक आचार्य आदर्श मिश्रा और निखिल के देखरेख में हजारों लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। अरविंद स्वामी ने बताया कि भूरा मठ के संस्थापक ने ताउम्र गोसेवा की। यह सुखद पल है कि उनकी स्मृति में संगम की रेतीली धरा पर संतों का सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि स्वामी डूंग जी भी माघ मास में यहां संतों की सेवा करने आते थे। उन्होंने संतों की सेवा के लिए ही अपनी काफी सम्पत्ति भी न्योछावर कर दी। अरविंद स्वामी ने बताया कि पूरे माघमास नित्य विशाल अन्न क्षेत्र शिविर का संचालन किया जाएगा।

### श्रद्धा और भव्यता के साथ निकाली गई भगवान गणेश जी की शोभा यात्रा

**प्रयागराज।** मंगलवार को नव युवक संघ द्वारा धार्मिक श्रद्धा भव्यता के साथ गणेश शोभा यात्रा निकाली गई। पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने बादशाही मंडी गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की गणेश जी की आरती उतारी शोभा यात्रा प्रारंभ होती है। शोभा यात्रा गणेश मंदिर जानसेन गंज दक्खी लाल चूना के पास से शुरू होकर जानसेनगंज चौराहा, हिंदी साहित्य सम्मेलन मार्ग, राम भवन चौराहा, मोती पार्क बहादुरगंज, बताशा मंडी, लोकनाथ, बजाजा पट्टी, घंटा घर होते हुए सायंकाल जानसेनगंज गणेश मंदिर के पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में पंजाबी ढोल ताशा पार्टी दर्जनों डीजे रोड लाइट कलात्मक झांकियां अपने प्रदर्शन कर रही थीं। सभी भक्त भक्ति में झूम रहे थे महिलाएं भी अपने में मगन थी। गणेश जी के दर्शन के लिए भक्तजन सड़कों के दोनों ओर खड़े थे। भगवान जी ऊपर फूलों की वर्षा की जा रही थी। चौकियां अपने प्रदर्शन से लोगों को भावविभोर कर रही थी। शोभा यात्रा में पंडित दिगंबर नाथ त्रिपाठी, गौरी शंकर वर्मा, सुनील वर्मा, भरत कनौजिया, अकरम शगुन, शेरू पन्नी, विधायक और दर्जनों पार्षद शोभा यात्रा में शामिल हुए।

# जिस समाज की सत्ता होती है उसके साथ अन्याय नहीं होताः रामबृज

- बहुजनों को शासक बनाने के लिए आपसी भाईचारा को करना होगा मजबूत

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद से दिल्ली स्थित केन्द्रीय कार्यालय में केन्द्रीय नेतृत्व के समक्ष पार्टी की सदस्यता लेने के उपरांत वरिष्ठ समाजसेवी आईपी रामबृज ने प्रदेश संगठन मंत्री और मुख्य जोन इंचार्ज अनिल कुमार गौतम से मुलाकात कर संगठन के विस्तार और सेक्टर बूथ तक की मजबूती पर चर्चा की गई।

प्रदेश संगठन मंत्री और मुख्य जोन इंचार्ज अनिल कुमार गौतम ने बताया कि बहुजन महापुरुषों की विचारधारा पर चलने वाली भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एक अनुशासित पार्टी है जिसकी गैरराजनैतिक जड़ों की मजबूती एक एक कार्यकर्ता संगठन की ताकत और रीढ़ हैं। हमें संगठन को आगे बढ़ाना है तो संगठन के हित में हम सभी को ईमानदारी और मेहनत से संगठन के लिये काम करने की जरूरत है। जिस समाज की गैरराजनैतिक जड़े मजबूत नहीं होती उस समाज की राजनीति कभी भी कामयाब नही होती।

वरिष्ठ समाजसेवी आईपी रामबृज ने कहा कि राजनीति सत्ता के लिये होती है और सत्ता बिना संघर्ष के नहीं मिलती। जिस समाज की सत्ता होती है उस समाज पर अन्याय अत्याचार नहीं होता। आसपा विखंडित बहुजन समाज को रोटी-बेटी और और आपसी भाईचारा को मजबूत करके समतामूलक समाज की स्थापना और हाशिए पर रहने वाले बहुजन समाज के मान सम्मान और स्वाभिमान दिलाने के लिए संघर्षरत है।

# कोल्ड स्टोर का पुनर्निर्माण कर संचालित किया जाए : राजीव यादव

अवधनामा संवाददाता



**निजामाबाद/आजमगढ़।** निजामाबाद के गंधुई में सालों से बंद कोल्ड स्टोर का किसान नेता राजीव यादव ने दौरा किया। निज़ामाबाद क्षेत्र के किसानों की जरूरत को देखते हुए मांग की कि सरकार बंद पड़े कोल्ड स्टोर का पुनर्निर्माण कर संचालित करे। सोशलिस्ट किसान सभा महासचिव राजीव यादव ने कहा कि निज़ामाबाद में बड़े पैमाने पर सब्जी उत्पादन होता है ऐसे में जरूरत तो इस बात की है कि यहाँ नए शीतगृह बनाए जाएं पर सच्चाई यह है कि पूर्वांचल के बड़े कोल्ड स्टोरों में शामिल गंधुई कोल्ड स्टोर सालों बदहाल स्थिति में बंद पड़ा है। कोल्ड स्टोर का दौरा करते हुए राजीव ने कहा कि कोल्ड स्टोर अब सिर्फ बिल्डिंग भर रह गया है उसके साजो सामान सब गायब हो चुके हैं। ग्रामीणों के मुताबिक सहकारी व्यवस्था के तहत फैक्सफेड और शीत गृह विभाग द्वारा संचालित होता था। ग्रामीण बताते हैं कि पांच-पांच तल्ला ऊपर-नीचे वाला पूर्वांचल का सबसे बड़ा कोल्ड स्टोर था। मैनपार के 74 वर्षीय किसान राम शकल यादव कहते हैं कि हमारी जवानी में यह उस दौर में 52 लख में बना था। 1985 में तत्कालीन विधायक चंद्रबली बह्मचारी के प्रयास से तत्कालीन सहकारिता मंत्री बच्चा पाठक ने लोकार्पण किया था। 1988-1989 में किसानों का बड़े पैमाने पर आलू सड़ गया। इतनी बुरी तरह सड़ा था कि पूरे इलाके में बदबू हो गई थी। आलू सड़ने के कारणों पर ग्रामीण स्पष्ट नहीं हैं, कोई निर्माण में खामी तो कोई बिजली की सप्लाई को बताता है। ग्रामीण बताते हैं कि तहबरपुर और बिन्द्राबाजार से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था थी। आलू सड़ने के बाद कोल्ड स्टोर चला नहीं, बकाया बढ़ता गया और मौजूदा दौर में करोड़ों के मूल्य और भू भाग पर बना कोल्ड स्टोर खंडहर हो गया है। मायावती सरकार में कोल्ड स्टोर के अधिग्रहण की सूचना पर इलाके के ग्रामीण इकट्ठा होकर धरना-प्रदर्शन करने लगे और सरकार को फैसला वापस लेना पड़ा। सब्जी उत्पादन के सबसे बड़े क्षेत्र निजामाबाद के किसानों को गर्व था कि पूर्वांचल का सबसे बड़ा कोल्ड स्टोर उनके पास है पर आज वह फूलपुर और बेलाइसा के प्राइवेट कोल्ड स्टोर में जाने को मजबूर हैं।

# फाइनल सूची में कुल 35 लाख 36 हजार 456 वोटर शामिल

- 11.56 लाख वोटरों के नाम कटे, दावा या आपत्ति दर्ज करने का है मौका, 2.87 लाख को भेजा जाएगा नोटिस

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची का ड्राफ्ट मंगलवार को जारी कर दिया गया। अनंतिम सूची से 11 लाख 56 हजार 305 मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, जबकि 2 लाख 87 हजार 612 मतदाताओं को नोटिस जारी कर पहचान से जुड़े दस्तावेज मांगे जाएंगे। मौजूदा फाइनल लिस्ट में कुल 35 लाख 36 हजार 456 वोटर शामिल किया गया है। जिनमें 19 लाख 60 हजार 593 पुरुष, 15 लाख 75 हजार 536 महिलाएं और 327 ट्रांसजेंडर हैं। वह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हुई थी। इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा क्षेत्र की 12 विधानसभा सीटों में वर्ष 2025 की मतदाता सूची में कुल 46,92,860 मतदाता दर्ज थे। इनमें 25,42,506 पुरुष, 21,49,884 महिलाएं और 470 अन्य मतदाता शामिल थे। इसके अलावा 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 40,534 युवा मतदाता भी सूची में थे। पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) ने हर मतदाता के घर गणना प्रपत्र पहुंचाया, लेकिन बड़ी संख्या में मतदाता घर पर नहीं मिले या उनका पता नहीं चल सका। जांच में सामने आया कि कई मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, कुछ डुप्लीकेट हैं और कई लोग स्थान बदल चुके हैं। इन सभी को एएसडी (एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड) श्रेणी में रखा गया। एएसडी श्रेणी में कुल 11,56,305 मतदाता पाए गए, जिनमें 1.73 लाख मृतक, 1.60 लाख डुप्लीकेट और 4.88 लाख ऐसे जिनके मकान नहीं मिले। इन सभी नामों को अनंतिम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम गलती से हट गया है, तो वह 6 जनवरी से 6 फरवरी के बीच दावा या आपत्ति दर्ज करा सकता है। इसके अलावा 2,87,612 मतदाताओं को नो मैपिंग श्रेणी में रखा गया है। इन मतदाताओं या उनके माता-पिता/दादा-दादी का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नहीं मिला। ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजकर पहचान से जुड़े दस्तावेज मांगे जाएंगे।

### कांग्रेस की एसआईआर निगरानी कमेटी में प्रदीप मिश्रा अंशुमन भी

**प्रयागराज।** एसआईआर की गतिविधियों के संबंध में स्थानीय कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने हेतु भारतीय चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में कराये जा रहे एसआईआर की जिला स्तरीय निगरानी हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अनुमति के बाद उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसजनों की जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। तत्क्रम में जनपद प्रयागराज (इलाहाबाद) में सांसद उज्जवल रमण सिंह, पूर्व विधायक श्याम सूरत उपाध्याय तथा महानगर कॉग्रेस कमेटी प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन को उत्तरदायित्व दिया गया है द्य इन वरिष्ठ नेताओं को प्रयागराज की जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं में अपार खुशी है। लोगों में आशा एवं विश्वाश प्रगाढ़ हुआ है कि बीजेपी के कुचक्र से जो वोट साजिश के तहत काटे जा रहे है उस पर रोक लगेगी अब कोई वोटर बनने से वंचित नहीं हो पाएगा।

### न्यायालय सूचना

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय मा. प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय) सहारनपुर वाद सं.-688 सन 2025, श्रीमती अर्चना पत्नी राजेश पुत्री स्व0 नन्द किशोर निवासी ग्राम चिलकाना थाना ... वादिया.. नोटिस बनाम..राजेश पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार निवासी मौहल्ला कमला कालोनी चिलकाना निकट थाना चिलकाना परगना व तहसील सब्पुर जिला सहारनपुर। केयर ऑफ सुरेशपाल पुत्र सीताराम धीमान प्रतिवादी हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत अं0धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 01 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जाएगा। आज दि. 6/1/26 को मेरे द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से.. मांगे राम, प्रशासनिक अधिकारी
(प्रधान न्यायाधीश परिवार न्याया.) सहारनपुर

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:

**कार्य का नाम :** छपरा :- कोचिंग डिपो में बाउण्ड्रीवाल का प्रावधान (1600 मी.), **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-135, **अनुमानित लागत (₹) :** 2,09,51,101/-, **बिड सिक्यूरिटी (₹) :** 2,54,800/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 13.02.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 10 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-135 दिनांक 13.02.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू-399

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# एमजी विंडसर 2025 में रही भारत की सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार



**लखनऊ।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की एमजी विंडसर साल 2025 में भारत की सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार बन गई है। एमजी विंडसर ने ऑटोमोटिव बाजार में काफी मजबूत मूल्य प्रस्ताव पेश किया है तथा यह अपने सेगमेंट में मार्केट लीडर के रूप में स्थापित हो गई है। साल 2025 में इस कार की 46,735 यूनिटें बिकी हैं। एमजी विंडसर ने सफलता का एक ऐसा मानक स्थापित कर दिया है, जो इससे पहले भारत के इलेक्ट्रिक कार बाजार में अभी तक कोई भी ऑटो निर्माता कंपनी हासिल नहीं कर पाई है। इस उपलब्धि के बारे में अनुराग महरोत्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ''विंडसर आधुनिक समय का एक बेहतरीन ऑटोमोटिव चमत्कार है, जिसकी टेक्नोलॉजी तथा व्यवहारिक और भविष्य पर केंद्रित डिज़ाइन ने इलेक्ट्रिक कारों के सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं। इसने इलेक्ट्रिक कारों की खरीद को ब?ाने में बहुमूल्य योगदान दिया है। शंका के कारण इलेक्ट्रिक कार खरीदने में विलंब कर रहे लोगों ने विश्वास के साथ यह कार खरीदी है। भारत में इलेक्ट्रिक कारों के क्षेत्र में आ रही क्रांति में यह एक ट्रेंडसेटर के रूप में स्थापित हो गई है। विंडसर कार खरीदने के बाद ग्राहक ब्रांड के पक्के समर्थक बनते जा रहे हैं। वो अपने साथियों को इलेक्ट्रिक कार खरीदने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि विंडसर साल 2025 में भारत की सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार बन गई है। हमें आशा है कि साल 2026 हमारे लिए और भी अधिक यादगार होगा।'' एमजी विंडसर भारत की सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है।

यह कार परिवारों को बहुत अधिक आकर्षित करती है। इसमें काफी विशाल केबिन स्पेस, बेहतर कम्फर्ट और शानदार फीचर्स मिलते हैं। ड्राईविंग के मामले में यह असाधारण अनुभव प्रदान करती है। आज यह भारत की सबसे अधिक चहेती वाली और सबसे अधिक पुरस्कार जीतने वाली इलेक्ट्रिक कार है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने साल 2025 में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वित्तवर्ष 2024 के मुकाबले कंपनी की इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में 111 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़त दर्ज हुई है। एमजी की इलेक्ट्रिक कारों की मांग न केवल टियर 1 शहरों में दर्ज हुई, बल्कि नॉन-मेट्रो और विकसित होते हुए बाजारों में भी यह लगातार बढ़ी। इससे प्रदर्शित होता है कि भारतीय सस्टेनेबल मोबिलिटी समाधान अपनाने के लिए उत्सुक हैं। एमजी विंडसर भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी है।

## इंडियन बैंक द्वारा साइबर अपराध और ग्राहकों की सुरक्षा विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**लखनऊ।** आज इंडियन बैंक द्वारा साइबर अपराध और ग्राहकों की सुरक्षा विषय पर एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन इंदिरा नगर स्थित बैंक के स्टाफ प्रशिक्षण कॉलेज में किया गया. इस कार्यशाला की अध्यक्षता बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा की गई. कार्यशाला का आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वन समिति बैंक लखनऊ के तत्वाधान में किया गया था .सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि साइबर अपराध हम बैंकों के लिए बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि इस प्रकार की धोखाधड़ी में हमेशा किसी न किसी बैंक खाते का इस्तेमाल किया जाता है हमारा बैंक अपने ग्राहकों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए बहुत बड़ी धनराशि खर्च कर रहा है लेकिन जब हमारे ग्राहक साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं तो इससे हमारी ग्राहक सेवा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है उन्होंने डीजीपी साइबर अपराध विभाग उ. प्र. विनोद कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे अनुरोध पर इन्होंने इस गंभीर विषय पर व्याख्यान देने के लिए अपने विभाग के अनुभवी अधिकारियों को सहर्ष उपलब्ध करवाया. श्री गुप्ता ने कहा कि यह कार्यशाला राजभाषा हिंदी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और अपने ग्राहकों के प्रति हमारी चिंता दोनों का परिणाम है. अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य (सहायक महाप्रबंधक) स्टाफ प्रशिक्षण कॉलेज बीना कुमारी ने कहा कि बैंक की अपनी आंतरिक निरीक्षण व्यवस्था है लेकिन साइबर अपराध के मामले में हम खुद को असहाय पाते हैं. इस कार्यशाला में लखनऊ के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा बीमा कंपनी के विभिन्न कार्यों के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने 'उन्नत अनुसंधान पद्धतियाँ' विषय पर विंटर स्कूल 2026 का किया शुभारंभ



**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने विंटर स्कूल 2026 – शोध क्षमताओं का विस्तार~ अनुसंधान पद्धतियों पर गहन अध्ययन का औपचारिक शुभारंभ भव्य उद्घाटन सत्र एवं ज्ञान, जिज्ञासा और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रतीक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. एम. पी. गुप्ता, निदेशक, आईआईएम लखनऊ रहे। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के डीन, संकाय सदस्य, डॉक्टोरल शोधार्थी, शोधकर्ता, शिक्षाविद् एवं प्रतिभागी ऑफलाइन तथा ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे। अपने उद्घाटन संबोधन में प्रो. एम. पी. गुप्ता ने प्रभावशाली एवं वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक शोध के लिए सुदृढ़ शोध अभिकल्प, पद्धतिगत कठोरता तथा उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरणों के महत्व पर प्रकाश डाला। विंटर स्कूल 2026 एक छह दिवसीय गहन शैक्षणिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य गुणात्मक, मात्रात्मक, प्रयोगात्मक एवं मिश्रित पद्धति (मिक्स्ड-मेथड) अनुसंधान प्रतिमानों में प्रतिभागियों की शोध क्षमताओं को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी संरचित व्याख्यानों, व्यावहारिक प्रदर्शनों एवं हैंड्स-ऑन सत्रों में भाग लेंगे, जिन्हें प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं अग्रणी संस्थानों से जुड़े उद्योग विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया जाएगा। आगामी दिनों में विंटर स्कूल के अंतर्गत डेटा संग्रहण एवं डेटा शुद्धिकरण, परिकल्पना निर्माण एवं परीक्षण, प्रयोगात्मक शोध अभिकल्प तथा गुणात्मक शोध पद्धतियों सहित अनेक महत्वपूर्ण शोध विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को SmartPLS 4.0 के माध्यम से PLS-SEM, अवधारणात्मक फ्रेमवर्क विकास, इंटरप्रेटिव स्ट्रक्चरल मॉडलिंग, क्रिटिकल डिस्कोर्स एनालिसिस तथा बहु-मापदंड निर्णय-निर्माण जैसी उन्नत तकनीकों का गहन अनुभव प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में समकालीन अकादमिक प्रकाशन प्रथाओं पर विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें शोध प्रकाशन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की भूमिका तथा पांडुलिपि जमा करने से लेकर स्वीकृति तक की प्रक्रिया पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को उच्च प्रभाव वाले जर्नलों में प्रकाशन में सहायता मिलेगी।

## कमर्शियल बैंकों के लिए लाभांश भुगतान पर आरबीआई का प्रस्ताव, मुनाफे के 75% पर लग सकती है कैप



**नई दिल्ली।** आरबीआई ने कमर्शियल बैंकों के लिए लाभांश भुगतान को शुद्ध लाभ के 75% तक सीमित करने का प्रस्ताव दिया है। वहीं, आरआरबी के लिए यह सीमा 80% प्रस्तावित है। जानें नए ड्राफ्ट नियम।

बैंकिंग प्रणाली में वित्तीय अनुशासन और पूंजी की पर्याप्तता सुनिश्चित करने की दिशा में भारतीय रिजर्व बैंक ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने कमर्शियल बैंकों की ओर से शेयरधारकों को दिए जाने वाले लाभांश के लिए नए मानदंडों का प्रस्ताव दिया है। मंगलवार को जारी किए गए एक मसौदे के अनुसार, आरबीआई ने बैंकों के लिए लाभांश भुगतान को उनके शुद्ध लाभ के अधिकतम 75 प्रतिशत तक सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। आरबीआई ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (कमर्शियल बैंक्स–प्रूडेंशियल नॉर्म्स ऑन डिक्लेरेशन ऑफ डिविडेंड एंड रेमिटेंस ऑफ प्रॉफिट्स) डायरेक्शंस, 2026 का मसौदा जारी किया है। इस मसौदे के तहत, अधिकतम पात्र लाभांश भुगतान की गणना के लिए एक नई कार्यप्रणाली का सुझाव दिया गया है। प्रस्ताव के मुताबिक, भारत में निगमित बैंक निर्धारित सीमाओं तक लाभांश घोषित और भुगतान कर सकते हैं, लेकिन यह राशि उस अवधि के लिए बैंक के कर-पश्चात लाभ के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। केंद्रीय बैंक ने लाभांश की परिभाषा दी है। इसके तहत इक्विटी शेयरों पर देय राशि और अंतरिम लाभांश शामिल हैं, लेकिन इसमें परपेचुअल नॉन-क्यूमुलेटिव प्रेफरेंस शेयर्स पर दिया जाने वाला लाभांश शामिल नहीं होगा। पात्रता और बोर्ड की जिम्मेदारी आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि लाभांश की घोषणा या मुनाफे को भेजने के प्रस्ताव पर विचार करते समय, बैंक के निदेशक मंडल को बैंक की दीर्घकालिक विकास योजनाओं और पूंजी की स्थिति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। लाभांश प्रस्ताव के लिए यह अनिवार्य होगा कि जिस अवधि के लिए लाभांश प्रस्तावित किया जा रहा है, उस दौरान बैंक का एडजस्टेड प्रॉफिट आफ्टर टैक्स सकारात्मक हो।

## नेस्ले ने जहरीले पदार्थ की आशंका के बाद वापस मंगाए शिशु उत्पादों के बैच

**नई दिल्ली।** नेस्ले ने ब्रिटेन और आयरलैंड में सेरेउलाइड टॉक्सिन के जोखिम के कारण एसएमए शिशु फार्मूला के बैच वापस मंगाए। यह विषैला पदार्थ उबालने पर भी खत्म नहीं होता। जानिए क्या है पूरा मामला और कंपनी ने ग्राहकों को क्या सलाह दी है। विश्व की सबसे बड़ी खाद्य और पेय उत्पादक कंपनी नेस्ले ने ब्रिटेन और आयरलैंड में खाद्य सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आने के बाद अपने शिशु आहार उत्पादों के विशिष्ट बैचों को बाजार से वापस मंगाने की घोषणा की है। कंपनी ने यह कदम अपने एसएमए शिशु फार्मूला में एक संभावित जहरीले पदार्थ की मौजूदगी की आशंका के चलते उठाया है। सोमवार देर रात जारी एक बयान में नेस्ले ने पुष्टि की है कि वह ब्रिटेन और आयरलैंड के बाजारों से अपने एसएमए शिशु फार्मूला और फॉलो-ऑन फार्मूला के कुछ चुनिंदा बैच वापस मंगा रही है। कंपनी और ब्रिटेन की खाद्य मानक एजेंसी (एफएसए) ने संयुक्त रूप से उन उत्पादों के बैच नंबरों की सूची सार्वजनिक की है, जिनका सेवन शिशुओं के लिए सुरक्षित नहीं माना गया है। इस रिकॉल का मुख्य कारण इन उत्पादों में सेरेउलाइड नामक विषैले पदार्थ की संभावित उपस्थिति है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह टॉक्सिन शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।

# लॉर्ड्स मार्क 153 यूएस एफडीए-लिस्टेड उत्पादों के साथ पहली भारतीय कंपनियों में शामिल



**लखनऊ।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जो भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते डाइवर्सिफाइड ग्रुप में से एक है, ने 153 ऑर्थोसर्जिकल प्रोडक्ट्स के लिए यूएस एफडीए रजिस्ट्रेशन हासिल करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऐसा करने वाली यह भारत की पहली कंपनियों में से एक है, जिसने भारतीय मेडिकल डिवाइस बनाने वाली कंपनियों के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया है।यूएस एफडीए-लिस्टेड पोर्टफोलियो में ऑर्थोसर्जिकल प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज शामिल है, जिसमें ऑर्थोपेडिक ब्रेसिज़, स्पाइनल और सर्वाइकल सपोर्ट, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड घुटने और टखने के ब्रेसिज़, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड कम्प्रेशन स्टॉकिंग्स, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड हर्निया बेल्ट, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड इलास्टिक घुटने का सपोर्ट, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड ऑर्थोसिस सॉफ्ट और हार्ड सर्वाइकल कॉलर, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड चिन सपोर्ट बेल्ट, लॉर्ड्स जॉयवाइप्स डिसइंफेक्टेंट और क्लींजिंग वाइप्स, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड टेनिस एल्बो सपोर्ट, लॉर्ड्स मैजिक इलास्टिक एडहेसिव बैंडेज, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड एब्डोमिनल सपोर्ट, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड एआरएस पैड, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड ट्रैवल नेक पिलो और सर्जरी के बाद के रिहैबिलिटेशन प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जो कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं की गहराई और विविधता को दर्शाते हैं।इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा, ÷यह मील का पत्थर रेगुलेटरी पहचान से कहीं ज़्यादा है। यह हमारे इस विश्वास को मज़बूत करता है कि वर्ल्ड-क्लास मेडिकल डिवाइस भारत में ग्लोबल लेवल पर डिज़ाइन, मैन्युफैक्चर और रेगुलेट किए जा सकते हैं। 153 ऑर्थोसर्जिकल प्रोडक्ट्स के लिए US FDA की पहचान हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनियों में से एक होना हमारे सिलवासा मैन्युफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म की ताकत, हमारे रेगुलेटरी अनुशासन और भारत को विश्व स्तर पर भरोसेमंद हेल्थकेयर समाधानों के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में स्थापित करने के हमारे लॉन्ग-टर्म विज़न को दिखाता है।इस उपलब्धि से लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ की अमेरिका, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट जैसे कड़े नियमों वाले इंटरनेशनल मार्केट तक पहुंच काफी मजबूत होगी।

## स्टील सेक्टर में भूचाल; टाटा, जेएसडब्ल्यू व सेल मूल्य निर्धारण कार्टेल में दोषी

**नई दिल्ली।** रॉयटर्स की एक खबर के मुताबिक सीसीआई की गोपनीय जांच में टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू और सेल प्राइस फिक्सिंग के दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, व्हाट्सएप चैट से मिलीभगत के सबूत मिले हैं और 56 शीर्ष अधिकारियों सहित कंपनियों पर भारी जुर्माने का खतरा मंडरा रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारतीय इस्पात उद्योग के लिए एक बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। देश के प्रतिस्पर्धा नियामक, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की एक गोपनीय जांच में दिग्गज कंपनियों टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील और सरकारी कंपनी सेल को प्राइस फिक्सिंग यानी इस्पात की कीमतों में सांठ-गांठ करने का दोषी पाया गया है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार छह अक्तूबर को जारी एक गोपनीय आदेश के मुताबिक, इन कंपनियों ने प्रतिस्पर्धा विरोधी कानूनों का उल्लंघन किया है, इससे अब इन पर भारी जुर्माने का खतरा मंडरा रहा है। यह मामला केवल कंपनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने कॉर्पोरेट जगत के शीर्ष नेतृत्व को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। जांच रिपोर्ट में जेएसडब्ल्यू के प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल, टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन और सेल के चार पूर्व अध्यक्षों सहित कुल 56 शीर्ष अधिकारियों को 2015 से 2023 के बीच अलग-अलग समय पर मूल्य तय करने के लिए मिलीभगत का उत्तरदायी ठहराया गया है।

जांच के दायरे में कुल 31 कंपनियां और उद्योग समूह शामिल हैं, जो इसे इस्पात उद्योग से जुड़ा अब तक का सबसे बड़ा एंटीट्रस्ट मामला बनाता है। इस जांच की शुरुआत 2021 में हुई थी, जब कोयंबटूर कॉर्पोरेशन कॉन्ट्रैक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने तमिलनाडु की एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि इस्पात कंपनियों ने महज छह महीने में कीमतों में 55त्न की वृद्धि की और कृत्रिम रूप से आपूर्ति सीमित कर दी। इसके बाद अदालत के आदेश पर सीसीआई ने जांच शुरू की। जांच के दौरान अधिकारियों को डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं। जुलाई 2025 के एक आंतरिक सीसीआई दस्तावेज़ के अनुसार, इस्पात निर्माताओं के क्षेत्रीय समूहों के बीच व्हाट्सएप चैट का पता चला है, जो कीमतों में हेरफेर करने और उत्पादन में कटौती करने की ओर स्पष्ट संकेत देते हैं। चूंकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक है और बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ रहा है, इसलिए इस कार्टेल का प्रभाव व्यापक है। बाजार हिस्सेदारी की बात करें तो जेएसडब्ल्यू स्टील (17.5%), टाटा स्टील (13.3%) और सेल (10%) मिलकर बाजार के एक बड़े हिस्से पर नियंत्रण रखते हैं। सीसीआई नियमों के तहत, आयोग इन कंपनियों पर उनके लाभ के तीन गुना या कारोबार के 10त्न तक- जो भी अधिक हो- जुर्माना लगा सकता है। यह जुर्माना उल्लंघन के प्रत्येक वर्ष के लिए लागू होगा। कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 में अरबों डॉलर का राजस्व दर्ज किया है (टाटा स्टीलः 14.7 बिलियन डॉलर, जेएसडब्ल्यूः 14.2 बिलियन डॉलर), इससे संभावित जुर्माने की राशि बहुत बड़ी हो सकती है। इस खबर के बाद शेयर बाजार में नकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गई है। जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों में 1.33%, सेल में 3.2% और टाटा स्टील में 0.7% की गिरावट दर्ज की गई।

फिलहाल, यह सीसीआई का प्रारंभिक निष्कर्ष है। कंपनियों और अधिकारियों को अपनी आपत्तियां और पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा, जिसमें कई महीने लग सकते हैं। इसके बाद ही सीसीआई अपना अंतिम सार्वजनिक आदेश जारी करेगा। सूत्रों के मुताबिक, जेएसडब्ल्यू और सेल ने सीसीआई के समक्ष आरोपों से इनकार किया है।

यह जांच भारतीय कॉर्पोरेट इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। यदि अंतिम आदेश में ये आरोप सिद्ध होते हैं और जुर्माना लगाया जाता है, तो यह न केवल इस्पात कंपनियों की बैलेंस शीट को प्रभावित करेगा, बल्कि भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और विनियामक सख्ती के बीच एक नई बहस को भी जन्म देगा।

## एचडीएफसी बैंक स्मार्टगेटवे पेमेंट प्लेटफॉर्म सीबीडीसी (डिजिटल रुपया) के साथ हुआ इंटीग्रेट

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया की सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी), डिजिटल रुपया (ई-) को अपने ऑनलाइन मर्चेंट पेमेंट प्लेटफॉर्म, स्मार्टगेटवे में इंटीग्रेट करने की घोषणा की है। यह इंटीग्रेशन मर्चेंट को एचडीएफसी बैंक चेकआउट इकोसिस्टम के अंदर ग्राहकों को एक सुरक्षित, बिना किसी लागत वाला और सरकार समर्थित डिजिटल पेमेंट ऑप्शन देने में सक्षम बनाता है।

इस सुधार के साथ, स्मार्टगेटवे मर्चेंट अब यूपीआई, कार्ड और नेट बैंकिंग जैसे मौजूदा पेमेंट तरीकों के साथ-साथ डिजिटल रुपये के ज़रिए बिना किसी ट्रांज़ैक्शन लागत के पेमेंट स्वीकार कर सकते हैं। ग्राहकों को एक आसान डिजिटल पेमेंट अनुभव का फायदा मिलता है जो तुरंत और सुरक्षित दोनों है।

एचडीएफसी बैंक दिसंबर 2025 तक उन पायलट बैंकों में से एक है जो लगभग 8.45 लाख रजिस्टर्ड सीबीडीसी वॉलेट को सर्विस दे रहा है, जिसमें हर महीने 13,000-15,000 नए वॉलेट जोड़े जा रहे हैं।

बिना किसी लागत के स्वीकार करने की सुविधा के साथ, सीबीडीसी मर्चेंट को एक भविष्य के लिए तैयार, बिना किसी बिचौलिए वाला पेमेंट तरीका प्रदान करता है जो सेटलमेंट की निश्चितता में सुधार करता है और ऑपरेशनल खर्चों को कम करता है। उपभोक्ताओं के लिए, डिजिटल रुपया यूपीआई की सुविधा के साथ आरबीआई समर्थित डिजिटल करेंसी का अतिरिक्त भरोसा प्रदान करता है, जिससे हर ट्रांज़ैक्शन तेज़, सुरक्षित और मुफ्त हो जाता है।

मर्चेंट के लिए स्मार्टगेटवे में सीबीडीसी को इंटीग्रेट करके, एचडीएफसी बैंक ग्राहकों को पेमेंट करने का एक और तरीका दे रहा है, और सरकार समर्थित डिजिटल करेंसी के फायदों को ज़्यादा व्यवसायों तक पहुंचा रहा है। यह पहल एचडीएफसी बैंक को एक डिजिटल-फर्स्ट लीडर के रूप में मज़बूत करती है और इनोवेशन के प्रति इसकी निरंतर प्रतिबद्धता और भारत को कैश-लाइट, समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में इसके समर्थन को दर्शाती है।

## एयरबीएनबी रिपोर्टः कॉन्सर्ट्स और म्यूजिक फेस्टिवल्स तय कर रहे हैं जेन जेड की ट्रैवल प्लानिंग

**नई दिल्ली।** म्यूजिक अब युवा भारतीयों की यात्रा की दिशा तय कर रहा है। एयरबीएनबी की अनुभव-आधारित ट्रैवल इन साइट्स के अनुसार, जेन जेड अब लाइव कॉन्सर्ट और म्यूजिक फेस्टिवल्स के इर्द-गिर्द अपनी यात्राओं की योजना बना रहे हैं। यह उनके लिए नए शहरों को एक्सप्लोर करने का जरिया बन रहा है जहां वे सिर्फ इवेंट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कुछ दिन ठहरते भी हैं और स्थानीय इलाक़ों को तसल्ली से जानते-समझते हैं। नई पीढ़ी यात्रा के फैसले अब सांस्कृतिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर लेती है।लाइव इवेंट्स और आईआरएल (इन-रियल-लाइफ़) अनुभव यह तय कर रहे हैं कि वे कहां जाएं, किसके साथ यात्रा करें और गंतव्य के साथ कितनी गहराई से जुड़ें। म्यूजिक कॉन्सर्ट्स और फेस्टिवल्स में बढ़ती दिलचस्पी ने एक नए तरह के ट्रैवलर को जन्म दिया है–जो संगीत को नए गंतव्यों की खोज का जरिया मानता है। एयरबीएनबी में हम देख रहे हैं कि कॉन्सर्ट टूरिज्म युवा यात्रियों को शहरों के नए इलाक़ों और स्थानीय समुदायों से जोड़ रहा है और इसका सार्थक असर पड़ रहा है। यह उभरता हुआ ट्रेंड यात्रियों के व्यवहार को नए सिरे से गढ़ रहा है, जहां ऐसे जगहों की मांग बढ़ रही है जो समूहों को साथ समय बिताने, आराम से रहने और यादगार साझा अनुभव बनाने का मौका दें और यही वह अनुभव है जो एयरबीएनबी बेहतरीन तरीके से ऑफर करता है। लोलापालूज़ा इंडिया जैसे बड़े फ़ॉर्मैट के फेस्टिवल इस बदलाव की साफ झलक देते हैं, जहां पिछले संस्करणों में हजारों फ़ैन्स मुंबई पहुंचे।62% अटेंडीज़ का कहना है कि फेस्टिवल का माहौल उन्हें बार-बार खींच लाता है, जबकि 98% ने दोबारा आने की इच्छा जताई, जो दिखाता है कि म्यूजिक आधारित ट्रैवल तेजी से एक मेन स्ट्रीम सांस्कृतिक व्यवहार बनता जा रहा है। इसी बढ़ती लोकप्रियता को आगे बढ़ाते हुए, एयरबीएनबी ने लोलापालूज़ा इंडिया के साथ अपनी पहली ग्लोबल लाइव म्यूज़कि पार्टनरशिप की है। इसके तहत मेहमानों को2026 के एडिशन में म्यूजिक के और करीब लाने वाले फैन्स के लिए खास, अनोखे अनुभव और आरामदायक ठहरने के विकल्प किए जाएंगे।

# घरेलू निवेशकों की दमदार वापसी, 2026 में एफआईआई की वापसी पर टिकी बाजार की नजर



**मुंबई।** पिछले साल 2025 में विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली के बावजूद घरेलू निवेशकों (डीआईआई) के रिकॉर्ड निवेश से भारतीय शेयर बाजार स्थिर बना रहा। कमजोर आय, ऊंचा मूल्यांकन और रुपये की गिरावट एफआईआई की निकासी की मुख्य वजह रही। 2026 में आय में सुधार और रुपये में मजबूती से विदेशी निवेशकों की वापसी की उम्मीद है।

साल 2025 भारतीय शेयर बाजार के लिए काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। जहां एक ओर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने लगातार शेयर बेंचे तो वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने निवेश को लगातार बढ़ाया। इसकी वजह से शेयर बाजार में स्थिरता बनी रही।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार डीआईआई का इक्विटी प्रवाह 90 अरब डॉलर के साथ अब तक का सबसे उच्च स्तर का इनफ्लो रहा, जबकि एफआईआई ने 2025 में लगभग 19 अरब डॉलर के साथ इक्विटी से अब तक उच्च स्तर का आउटफ्लो रहा है। जानकारों का कहना है 2026 में भारतीय शेयर बाजार में एफआईआई की वापसी कर सकते हैं। पिछले साल रिकॉर्ड निकासी को प्रेरित करने वाली परिस्थितियां अब सामान्य हो रही है, साथ ही आय में वृद्धि भरोसा, मूल्यांकन और मैक्रो स्थिरता अनुकूल हो रही है।

रिपोर्ट के अनुसार बिकवाली का मुख्य कारण कॉरपोरेट कंपनियों की कमजोर आय, प्रीमियम मूल्यांकन, अमेरिकी टैरिफ और डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी रही। रिपोर्ट के अनुसार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इससे विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार की संभावनाओं को लेकर आशंकित हैं। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने भी भारतीय वित्तीय बाजारों से विदेशी निवेशकों को बाहर निकलने में मदद की। रिपोर्ट बताती है कि भारतीय रुपया 2025 में डॉलर के मुकाबले 4.72 प्रतिशत गिरा, जो वर्ष 2022 के बाद का इसका सबसे खराब प्रदर्शन रहा है, उस दौरान यह 10 प्रतिशत गिरा था।

## सुप्रीम कोर्ट ने सीमा शुल्क मामले में अदाणी पावर की अपील स्वीकारी, गुजरात हाई कोर्ट का आदेश रद्द



**नई दिल्ली।** अदाणी पावर से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट का 2019 फैसला रद्द कर कहा है कि 2015 के आदेश के अनुसार SEZ से DTA आपूर्ति पर सीमा शुल्क न लगाया जाए। क्या है पूरा मामला विस्तार से समझें। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात हाईकोर्ट के 2019 के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एसईजेड में स्थित और घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) को आपूर्ति की जाने वाली विद्युत ऊर्जा पर सीमा शुल्क लगाने के मामले में अदाणी पावर लिमिटेड को राहत देने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजारी की पीठ ने गौर किया कि उच्च न्यायालय ने जुलाई 2015 में 26 जून, 2009 से 15 सितंबर, 2010 तक फर्म द्वारा अपनी एसईजेड इकाई से डीटीए में भेजी गई विद्युत ऊर्जा पर लगाए गए सीमा शुल्क को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट नवंबर 2015 में उच्च न्यायालय के 2015 के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा,हमारा मानना है कि एक बार जब 2015 के फैसले में इस कर को अधिकार क्षेत्र से बाहर घोषित कर दिया गया था और इस अदालत ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, तो प्रशासनिक अधिकारियों के लिए यह अनिवार्य था कि वे अपने आचरण को उस घोषणा के अनुरूप बनाएं। मामले में आगे कहा गया, न्यायिक निर्णय सलाह या राय नहीं हैं; वे कानून के बाध्यकारी आदेश हैं। पीठ ने कहा कि जब कार्यपालिका न्यायिक रूप से रद्द किए गए कर को नए बहाने से लागू करना जारी रखती है, तो वह संवैधानिक अनुशासन का उल्लंघन करती है और कानून के शासन में जनता के विश्वास को कमजोर करती है।

# हिंदी ज़ी5 की नई डॉक्यू-सीरीज 'हनीमून से हत्या, सच्ची घटनाओं पर आधारित और रोमांच से भरपूर




**नई दिल्ली।** ज़ी5, भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, अपनी नई सच्ची अपराध डॉक्यू-सीरीज हनीमून से हत्या के लॉन्च की घोषणा करता है, जो 9 जनवरी 2026 को प्रीमियर होगी। यह सीरीज असली घटनाओं पर आधारित है, जहां पत्नियों ने अपने पतियों की हत्या की, यह सि? सुर्खियों तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सवाल उठाती है ङ्क औरतें हत्या क्यों करती हैं। हनीमून से हत्या उन शादियों की कहानी बताती है, जो शुरुआत में खुशहाल लग रही थीं लेकिन बाद में हिंसा में बदल गई, यह सीरीज उन भावनात्मक, सामाजिक और मानसिक वजहों को समझने की कोशिश करती है, जिनकी वजह से ये महिलाएँ ऐसे काम कर बैठीं, जिसने पूरे देश को चौंका दिया। बिना सनसनी फैलाए या कोई फैसला सुनाए, सीरीज असली घटनाओं को वैसे ही दिखाती है जैसे वो हुई, और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती है कि बंद दरवाजों के पीछे की जटिल हकीकतें क्या हैं। यह सच्ची अपराध डॉक्यू-सीरीज भारत के कुछ सबसे चौंकाने वाले और चर्चा में रहे मामलों को फिर से सामने लाती है, जैसे मेघालय सोनम राजा रघुवंशी केस, मेरठ ब्लू ड्रम केस, भिवानी इन्फ्लुएंसर केस, मुंबई टाइल केस (नालासोपारा टाइल केस), और दिल्ली इलेक्ट्रिक शॉक केस, जिन्होंने पूरे देश का ध्यान खींचा और व्यापक बहस छेड़ी। विस्तृत तथ्यात्मक विवरण, घटनाओं का पुनर्निर्माण, साक्षात्कार और पुरालेख सामग्री के माध्यम से, यह सीरीज हर अपराध की पूरी कहानी पेश करती है और भावनात्मक आघात, नियंत्रण, दबाव और निराशा के बार-बार दिखने वाले पैटर्न को उजागर करती है, जो अक्सर तब तक नजर नहीं आते जब तक कोई त्रासदी घटित नहीं होती। कावेरी दास, चीफ चैनल ऑफिसर और टीवी एवं बिज़नेस हेड हिंदी ज़ी5, ने कहा, ÷हनीमून से हत्या के साथ, हम अपनी डॉक्यूमेंट्री की श्रृंखला को और गहरी, भावनात्मक रूप से प्रभावशाली कहानियों तक बढ़ा रहे हैं। आज के तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश में, शादियों में मौजूद दबावों को समझना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। ये कहानियाँ उन दरारों को उजागर करती हैं, जो अक्सर तब तक नजर नहीं आतीं जब तक बहुत देर हो जाती है। दर्शक एक ऐसी शो की उम्मीद कर सकते हैं जो भावनात्मक गहराई, यथार्थवाद और ऐसे अंतर्दृष्टि से भरी हो, जो कहानी खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक साथ रहती है।

# विकास की नई इबारत लिखेगा कुशीनगर, स्मार्ट सिटी की कवायद तेज

- 150 एकड़ में विकसित होगा टाउनशिप, 100 एकड़ भूमि अधिग्रहण
- कसया क्षेत्र के साखोपार और बहोरापुर में बनेगा स्मार्ट सिटी

शकील अहमद

### टाउनशिप में होंगी ये सुविधाएं

चौड़ी और स्मार्ट सड़कें बनाई जाएंगी। बेहतर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होगी। निर्बाध जल और बिजली आपूर्ति, हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था, हरित क्षेत्र, पार्क और सार्वजनिक स्थल होंगे। व्यापार और रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। परियोजना के पूरा होने से ग्रामीण इलाकों का आधुनिक शहरी स्वरूप में बदलाव होगा। बुद्ध स्थली पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।



कुशीनगर में टाउनशिप के लिए जमीन चिन्हित की गई है। टाउनशिप और स्मार्ट सिटी से कुशीनगर की ख्याति और बढ़ेगी। इसके लिए किसानों से जो भी जमीन प्रशासन लेगा, उसका उचित मुआवजा देगा। इसका लगभग प्रस्ताव तैयार हो चुका है। कसाडा बोर्ड की बैठक में इसके लिए हरी झंडी मिल जाएगी, क्योंकि तब तक बाकी प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा।

**महेंद्र सिंह तंवर, डीएम**

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर के समीप अब विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। कसया तहसील क्षेत्र के साखोपार और बहोरापुर गांवों में स्मार्ट सिटी विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। टाउनशिप के तहत चुने गए गांवों के लिए तहसील प्रशासन ने 100 एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है, जबकि कुल प्रस्तावित परियोजना करीब 150 एकड़ में विकसित की जानी है। आगामी दिनों में होने वाली कसाडा बोर्ड की बैठक में इस परियोजना पर मुहर लगने की पूरी संभावना हैं, क्योंकि पिछले महीने हुई कसाडा बोर्ड की बैठक में इस पर चर्चा हो चुकी है और इससे जुड़ी लगभग सारी प्रक्रिया जिला प्रशासन की ओर से पूरी कर ली गई है। प्रस्तावित स्मार्ट सिटी की लोकेशन रणनीतिक रूप से बेहद अहम मानी जा रही है। यह परियोजना कुशीनगर से महज 10 किमी और कसया व जिला मुख्यालय के बीच लगभग छह किमी की दूरी पर एनएच-28बी के समीप स्थित है। ऐसे में इसे पर्यटन, व्यापार और आवासीय विकास के लिहाज से भविष्य का बड़ा केंद्र माना जा रहा है।

कसया तहसील प्रशासन ने किसानों से सहमति लेकर करीब 70 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की रिपोर्ट शासन को भेजने के लिए तैयार कर लिया है। प्रशासन का कहना है कि किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा, जिससे उनका आर्थिक सशक्तिकरण होगा।

ग्रामीणों का मानना है कि मुआवजे से न केवल उनकी आय बढ़ेगी, बल्कि वे बच्चों की शिक्षा, रोजगार और व्यवसाय में निवेश कर सकेंगे। कुछ जमीन पडरौना तहसील में जिला मुख्यालय के आसपास भी चिन्हित किया गया है। टाउनशिप के साथ स्मार्ट सिटी बनाने का जिला प्रशासन का प्रयास है, ताकि बुद्ध स्थली को विकास का पंख लग सके। टाउनशिप तथा स्मार्ट सिटी का सीधा असर कुशीनगर के अंतराष्ट्रीय पर्यटन पर पड़ेगा। बुद्ध स्थली के पास विकसित होने वाली यह सिटी देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए बेहतर ठहराव, आवागमन और सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इससे कुशीनगर की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि स्मार्ट सिटी बनने से क्षेत्र में व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। युवाओं को काम के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

# भीषण ठंड का प्रकोप जारी, 6 डिग्री तक पहुंचा पारा, मथौली में नहीं जला अलाव

अवधनामा ब्यूरो

- लगातार शीतलहर से लोगों की दिनचर्या ठप, पशु पक्षी भी बेहाल

**कुशीनगर।** जिले में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है, मंगलवार को सबसे ठंडा दिन (कोल्ड-डे) के रूप में दर्ज किया गया। आसमान में घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। सर्द हवाओं को बीच लोगों का दिनचर्या पूरी तरह से ठप हो गया है, आवश्यक कार्य के लिए लोगों को निकलना पड़ रहा है। गलन व सर्द हवाओं के बीच पार गिरकर 06 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, लेकिन नगर पंचायत मथौली में कहीं अलाव की व्यवस्था नहीं दिखा।

बता दें कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पछुआ हवाओं के चलने की वजह से मौसम में नमी छाई है, जिससे गलन भरी ठंड महसूस की जा रही है। बीते एक और दो जनवरी को धूप निकलने के बाद लगातार तीन दिन तक सुबह कोहरा और दिन में शीतलहर से लोग परेशान रहे। हालत यह थी कि रविवार को शीतलहर के चलते दिन का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था, वहीं सोमवार को सुबह करीब आठ बजे धूप निकलने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होकर दिन का तापमान दो 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

धूप निकलने से बाजार में चहल पहल रविवार की अपेक्षा अधिक दिखी तो वहीं पार्कों में बच्चे झूलों पर झूला झूलते मिले। मगर, सूरज ढलते ही सर्द हवाएं चलने से रात में गलन बढ़ जा रही है। पछुआ हवा चलने से लोगों को ठंड में परेशानी झेलनी पड़ रही है। दिन के समय भी ठंडी हवा चलने की वजह से धूप निकलने के बाद बावजूद बाइक सवारों को गलन भरी ठंड महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में और ठंड पड़ सकती है।

# पुलिस फैमिली वेलफेयर एसो. के तत्वाधान में डीआईजी व एसपी ने अमहट घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



बृजेश कुमार शुक्ल

**बस्ती ।** पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ प्लास्टिक निस्तारण हेतु अमहट घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें रिक्रूट आरक्षियों ने भी हिस्सा लिया। नव वर्ष के अवसर पर सार्वजनिक जगहों जैसे पार्क, सड़क, उपवन इत्यादि में प्लास्टिक के निस्तारण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस , प्रशासनिक अधिकारियों एवं रिक्रूट आरक्षियों द्वारा अमहट घाट पर बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वयं झाड़ू उठाकर अमहट घाट एवं आसपास के क्षेत्र से प्लास्टिक कचरा, पॉलीथीन तथा अन्य अपशिष्ट सामग्री को इकट्ठा कर सुरक्षित निस्तारण किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल घाट को स्वच्छ बनाना था, बल्कि आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना भी था।

पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी ने अभियान के दौरान कहा कि स्वच्छ भारत , स्वस्थ भारत , श्रेष्ठ भारत के तहत ये अभियान चलाया गया। अमहट घाट जैसे सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहता है, बल्कि आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिलती है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने सभी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से पुलिस और जनता के बीच का संबंध मजबूत होता है।

# सेवरही में आभूषण की दुकान से 7 लाख के गहने चोरी

- सवा किग्रा चांदी, 30 हजार रुपए नगदी समेत अन्य कागजात भी उठा ले गए चोर

अवधनामा संवाददाता





**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत के तुलसीनगर में एक आभूषण की दुकान से बीती रात भीषण चोरी की घटना सामने आई है। दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 7 लाख के गहने व नगदी समेत आवश्यक कागजात भी चोरी कर ले गए। इतनी भीषण चोरी से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सेवरही के तुलसी नगर निवासी व संघ के नगर कार्यवाह राजेंद्र वर्मा पुत्र मोतीलाल वर्मा कस्बे के मेन रोड पर स्टेट बैंक के सामने सोनेड्ढचांदी के आभूषण की दुकान चलाते हैं। मंगलवार को सुबह दस बजे जब वह अपनी दुकान खोले तो दुकान का सारा समान बिखरा और तिजोरी खुला देख कर सन्न रह गए। सोमवार की रात में चोर उनकी दुकान में घुस कर तिजोरी का ताला तोड़कर तीस हजार रुपए नकदी के साथ लगभग 40.500 ग्राम सोने आभूषण व लगभग सवा किलो ग्राम चांदी के जेवर व बही खाता भी चोरी कर ले गए। कस्बे के बीच और मेन रोड पर चोरी की इस घटना की सूचना मिलते ही संघ के कार्यकर्ताओं और व्यापारियों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। सूचना मिलते ही सेवरही के एसएचओ आनंद कुमार गुप्ता व कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा मय फोर्स मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का जायजा लेते हुए पीड़ित दुकानदार से भी पूछताछ की। बता दें कि पुलिसिया गश्त के बावजूद इतनी भीषण चोरी के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पुलिस के कार्यप्रणाली पर भी तरह तरह के सवाल उठ रहे है।

# रामकोला चीनी मिल ने 2 जनवरी तक भुगतान किसानों के खाता में भेजा

अवधनामा संवाददाता

- रामकोला चीनी मिल द्वारा अब तक 120 करोड़ 32 लाख रुपए भुगतान किया गया

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल रामकोला द्वारा किसानों को गन्ना मूल्य का समयबद्ध भुगतान लगातार जारी है। मिल प्रबंधन ने 27 दिसंबर से 02 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का 16 करोड़ 32 लाख रुपये किसानों के बैंक खातों में सीधे अंतरित कर दिया है। जनपद में सबसे पहले पेराई प्रारंभ करने के साथ ही समय पर भुगतान कर मिल ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

प्रधान प्रबंधक श्री यशराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चालू पेराई सत्र में अब तक किसानों को कुल 120 करोड़ 32 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं, इस अवधि में 32 लाख 28 हजार कुंतल गन्ने की पेराई पूर्ण की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मिल की प्राथमिकता किसानों के हितों की रक्षा करना है और भुगतान व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित किया जा रहा है। प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील की कि वे मिल को ताजा, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त गन्ने की ही आपूर्ति करें, जिससे पेराई कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। उन्होंने यह भी कहा कि किसान अपनी पूरी गन्ना उपज चीनी मिल को ही दें, ताकि उनका बेसिक कोटा बढ़े और भविष्य में उन्हें अधिक आर्थिक लाभ मिल सके।

उन्होंने किसानों से यह आग्रह भी किया कि वे निर्धारित तौल सीमा का पालन करें, जिससे गन्ना उतारने में अनावश्यक विलंब न हो और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। इस अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय एवं गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# जरुरतमंदो की सेवा सबसे बड़ा धर्म : डॉ असीम

- गरीब, असहाय लोगों में कंबल वितरण पुनीत कार्य : सोनिया

अवधनामा संवाददाता



**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत सेवरही कार्यालय परिसर में ठंड से बचाव हेतु तमकुहीराज विधायक डॉ असीम कुमार राय ने जरुरत मंद लोगों के बीच कम्बल वितरित किया। विधायक ने सरकार की योजनाओं के साथ साथ अपने विधानसभा में कराए गये कार्यों को स्मरण कराते हुए केन्द्र व प्रदेश की सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा व सुशासन के संकल्प के साथ हम जनता के हित में कार्य करते रहेंगे।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनिया जायसवाल ने कहा कि गरीब व असहाय, पीड़ित व्यक्तियों की सेवा करना भगवान की सेवा है ठंड के मौसम में नगर पंचायत क्षेत्र के गरिबों में कम्बल वितरित कर उनकी सेवा करनें का अवसर प्राप्त हुआ है। कम्बल वितरण से गरीबों को ठंड से निजात दिलाने का प्रयास किया गया है। जिससे गरीब लोग खण्ड से अपना बचाव कर सकें। चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल ने कहां कि नगर के सभी वार्डो के गरीब,असहाय महिला पुरुष नगरवासियों की आज सहयोग कर प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। मेरा नगर की समस्या व विकास कार्य के प्रति निरन्तर प्रयास रहता है। जिसे पुरा करने में क्षेत्रीय विधायक डॉ असीम कुमार राय व देवरिया सांसद शशांक मणी जी का इस नगर को भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धनन्जय तिवारी ने गरीबों में कंबल वितरित करतें हुए इसे सबसे सराहनीय कदम बताया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश ब्याहुत, पूर्व मंडल अध्यक्ष हिमांशु जायसवाल, सभासदगण पप्पू जायसवाल, लव जायसवाल, सुभाष यादव, सुधीर तिवारी, बैजनाथ वर्मा, नगीना प्रसाद, लिपट उर्फ बेड़ा, सुमीत रौनियार, प्रमोद मद्धेशिया, राहुल मद्धेशिया, आलोक जायसवाल, संतोष वर्मा, ब्यास निषाद, मुन्ना कुशवाहा, व्यापारी नेता सुकदेव रौनियार, मक्खन जायसवाल आदि के साथ बड़ी संख्या में महिला पुरुष व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06 मार्च को किया जाएगा : कृत्तिका ज्योत्स्ना

बृजेश कुमार शुक्ल



**बस्ती ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अद्यतन आलेख्य मतदाता सूची को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने कलेक्टे सभागार में उपलब्ध करा दिया है। उन्होने कहा कि मतदाता सूची उपलब्ध कराने का उद्देश्य यह है कि राजनैतिक दल मतदाता सूची का अवलोकन कर सके तथा किसी प्रकार की त्रुटि, विलोपन या संशोधन से संबंधित कोई आपत्ति हो तो निर्धारित समयसीमा के भीतर उपलब्ध करा दें।

उन्होने बताया कि दावे और आपत्तियॉ प्राप्त करने की अवधि दिनॉक 06.01 से 06.02.2026 शुक्रवार, नोटिस चरण (जारी करना, सुनवाई और सत्यापन) गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे और आपत्तियों का निस्तारण दिनॉक 06.01 से 27.02.2026 तक, स्वास्थ्य मापदण्डों की जॉच करना और अन्तिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना दिनॉक 03.03.2026 मंगलवार एवं निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनॉक 06.03.2026 शुक्रवार को आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 1900430 मतदाताओं के गणना प्रपत्र वितरित किए गये थे, जिसके सापेक्ष 1602143 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड किया गया है, जिसमें 6,73,060 मतदाताओं को सेल्फ कैटेगरी (35.42प्रतिशत) में, 8,17,411 मतदाता प्रोजेनी (43.01 प्रतिशत) में, 1,49,0471 मतदाताओं को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैप किया गया, 1,13,363 (5.86 प्रतिशत) मतदाता 2003 की मतदाता सूची से मैप नही हुए है, जिनको नोटिस जारी किया जायेगा और ऐसे सभी मतदाताओं को आयोग द्वारा निर्धारित अभिलेखो में से कतिपय अभिलेखों को प्रस्तुत किया जाना होगा। 1900430 मतदाताओं में से 2,98,287 (15.70 प्रतिशत) मतदाताओं को अनकलेक्टेबल श्रेणी में रखा गया है, जिनमें डेथ कैटेगरी 57,467 (3.02 प्रतिशत), अनट्रेसेबल 57,404 (2.86 प्रतिशत), स्थायी रूप से स्थानांतरित 1,48,055 (7.79 प्रतिशत), पहले से नामांकित 37,277 (1.96 प्रतिशत), अन्य 1,084 (0.06 प्रतिशत) मतदाता शामिल हैं। बैठक में एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष सिंह, संबंधित राजनैतिक दलों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मतदाता सूची प्रकाशित, 6 फरवरी तक कर सकेंगे आपत्ति

**कुशीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अर्हता तिथि एक जनवरी-26 के आधार पर जिले की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन सोमवार को जिले के सभी बूथों पर कर दिया गया। अब मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए 6 फरवरी तक दावा, आपत्ति की जा सकेगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में कुल 26,95,030 मतदाता दर्ज हैं। इनमें से 21,92,390 मतदाताओं के फार्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं और इन्हीं नामों को आलेख्य प्रकाशन सूची में शामिल किया गया है। शेष 5,02,640 मतदाताओं के फार्म विभिन्न कारणों से डिजिटाइज नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान 81,671 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, 1,57,376 मतदाता अनुपस्थित पाए गए, जबकि 1,96,987 मतदाताओं ने अपना निवास स्थान बदल लिया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फार्म-6 भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं।

# सड़क सुरक्षा -जीवन रक्षा के संदेश के साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम शीघ्र शुरू किए जायेंगे



अवधनामा संवाददाता

- जिला मुख्यालय पर एक महीने के भीतर कलर कोड युक्त ई -रिक्शा रूट प्रणाली को लागू किया जाएगा

**अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सड़क सुरक्षा के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से एक्सप्रेस वे और राष्ट्रीय राजमार्गो पर सड़क दुघर्टनाएं कम करने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। जागरूकता अभियान के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा शपथ दिलाने की तैयारी चल रही है। 15 जनवरी के बाद जागरूकता कार्यक्रम और तेज किए जायेंगे।

सड़क सुरक्षा समिति के सचिव और लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने बताया कि डी एम की ओर से दिए गए निर्देशों पर शत प्रतिशत अमल करने के लिए सभी सम्बंधित विभागों से पत्राचार किया जा रहा है। मुख्य मार्गो के किनारे झाड़ियों और कंटीले पेड़ों को काटने का काम तेजी से चल रहा है। सभी ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेफ्लेक्टिव टेप चिपकाए जा रहें हैं ताकि घने कोहरे में दुर्घटनाएं कम हों सके। सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा के संदेश के साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम शीघ्र शुरू किए जायेंगे। जिला मुख्यालय पर एक महीने के भीतर कलर कोड युक्त ई -रिक्शा रूट? प्रणाली को लागू किया जाएगा।

**लोक निर्माण विभाग की ओर से तैयार की गई सड़क सुरक्षा शपथ –**

दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट अवश्य पहनेंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएंगे। लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे। तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलायेंगे। गलत दिशा में वाहन नहीं चलायेंगे।

## जनकल्याणकारी दिवस की तैयारी के बीच बसपा कार्यकर्ताओं ने मनाया सुरेश कमल का जन्म दिन

**अवधनामा संवाददाता, अमेठी।** कड़ाके की ठंड में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता 15जनवरी को पार्टी सुप्रीमो बहन मायावती के जन्म दिवस की तैयारी में लगे हुए हैं। मंगलवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश कमल का जन्म दिन भी मनाया और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। विभा गेस्ट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जिला अध्यक्ष सुरेश कमल को जन्म दिन की बधाई दी। जन्म दिन मनाने के बाद बसपा कार्यकर्ताओं ने 15जनवरी को कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जाने के लिए कार्ययोजना तैयार की। जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने बताया कि 7 जनवरी को अमेठी और गौरीगंज तथा नौ जनवरी को तिलोई और जगदीशपुर में विधानसभा स्तरीय बैठकें की जाएंगी। अयोध्या के लिए पांच बड़ी बसें बुक की जा चुकी हैं ?।हर पोलिंग बूथ से कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जाने की तैयारी की जा रही है।इस अवसर पर जिला प्रभारी अरुण कुमार गौतम, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती,जिला उपाध्यक्ष बबलू पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज कोरी, लक्ष्मण प्रसाद, सिद्धार्थ कनौजिया, ललित कुमार आदि मौजूद रहे।



## क्षेत्रीय सेवा योजना पर एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है : अवधेन्द्र प्रताप वर्मा

**अवधनामा संवाददाता, बस्ती ।** क्षेत्रीय से सेवायोजन कार्यालय पर 9 जनवरी दिन शुक्रवार को एक दिवसी रोजगार मेले का आयोजन किया गया है । यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने बताया कि पूर्वाहन 11:00 से आयोजित होने वाले इस मेले में प्रतिष्ठित कम्पनी भारत शीट लिमिटेड (जॉइंट वेंचर सुजकी मोटर) मे मशीन आपरेटर पद पर पुरुष व महिला दोनों वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए जिनका वेतनमान -15000/CTC(08 hour) + 8/hour इन हैण्ड वेतन निर्धारित है और योग्यता- (12 पास, आई0टी0आई पास ) है व एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस बस्ती बीमा द्वारा सलाहकार के पद हेतु वेतनमान कमीशन बेस पर आधारित शैक्षिक योग्यता इंटर से स्नातक पास पुरुष व महिला वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ दिनांक 09 जनवरी 2026 को स्थान- क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय कैम्पस कटरा मूड़घाट रोड बस्ती मे पूर्वान्ह 11:00 बजे से निःशुल्क प्रतिभाग सकते है। अथवा इच्छुक जाबसीकर सेवायोजन पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस कार्य हेतु कोई मार्गव्यय देय नही होगा।

## समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव बने अरविन्द यादव

**अवधनामा संवाददाता, कसया, कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति पर ग्राम लछिया देवरिया जनपद कुशीनगर निवासी अरविन्द कुमार यादव को समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश की कार्यकारणी में प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर समर्थकों में खुशी का माहौल है। अरविंद यादव को मनोनीत होने पर पार्टी के आला कमान ने यह विश्वास जताया है कि श्री यादव मिले उपरोक्त उत्तरदायित्व का समाजवादी पार्टी की विचारधारा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष की नीतियों एवं कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा व लगन से जन जन तक पहुंचाते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगे। इस उपलब्धि पर मनोनीत प्रदेश सचिव श्री यादव ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसे पुरे मनोयोग से उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर श्रीराम यादव ग्राम प्रधान, सुजीत यादव, अमीरुद्दीन अनवर, हेमंत यादव, विनय कुशवाहा, अनिल यादव, संदीप यादव, पेशकार अंसारी, गोविन्द भारती आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



# गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज-पिपराइच मार्ग पर जगदीशपुर गांव के समीप एक गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह आनन्द दूबे पुत्र दीनानाथ दूबे (35) वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 हरिहरनाथ दक्षिणी नगर पंचायत कप्तानगंज अपने पल्सर बाइक से पिपराइच से कप्तानगंज की तरफ आ रहा था। कप्तानगंज से गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली पिपराइच चीनी मिल जा रहा था। अभी दोनों जगदीशपुर गांव के पोखरे के समीप पहुंचे ही थे कि तभी बाइक सवार ट्राली के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके से कांस्टेबल मनोज राम, पंकज पहुंचकर घायल व्यक्ति को 108 नंबर एम्बुलेंस के माध्यम से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत आनंद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रविन्द कुमार राय ने बताया कि शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उधर युवक के मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# भाजपा के राज में ब्राह्मण समाज सबसे अधिक उपेक्षित, बहन मायावती को याद कर रही जनता, 2027 में बनेगी बसपा की सरकार : जितेन्द्र मिश्र

- 15 जनवरी को बहन मायावती का 70 वां जन्म दिवस जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा, ब्राह्मण समाज जोर शोर से भागीदारी करेगा
- बसपा ने ब्राह्मण समाज को राजनीति में शीर्ष पर पहुंचाया, भाजपा, सपा ने हमेशा उपेक्षा की

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी के नेता जितेन्द्र कुमार मिश्र ने मंगलवार को पार्टी मुखिया के जन्म दिवस पर 15 जनवरी को आयोजित जनकल्याणकारी दिवस की तैयारी को लेकर जनसंपर्क किया। जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने पार्टी समर्थकों से 15 जनवरी को मंडल स्तरीय कार्यक्रम में अयोध्या पहुंचने की अपील की। गौरीगंज में बैठक में उन्होंने कहा कि सपा और भाजपा के कुशासन से ऊबी प्रदेश की जनता बहन मायावती के शासन की याद कर रही है। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में बसपा के पक्ष में माहौल है। 2027में उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार बनेगी।

हाल ही में भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की अलग से बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा के राज में ब्राह्मण और दलित समाज सबसे अधिक उपेक्षित रहा है। ब्राह्मण समाज की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। दलितों, पिछड़ों और महिलाओं पर अपराध चरम सीमा है। ब्लाक,थाना तहसील, कलेक्ट्रेट हर जगह भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। मुख्यमंत्री को जनशिकायतों की झूठी रिपोर्ट दी जा रही है। अफसर भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। हर जगह फरियादियों की भीड़ लगी रहती है।एक ही मामले को लेकर लोग बार बार थाने और तहसील के चक्कर लगा रहे हैं, कोई सुनवाई नहीं। पैसा लिए बगैर अधिकारी कर्मचारी कोई छोटा सा भी काम करने को तैयार नहीं है।

बसपा नेता जितेन्द्र मिश्र ने कहा कि 15जनवरी को प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर बहन मायावती जी का जन्म दिन मनाया जाएगा। इस समारोह में ब्राह्मण समाज बढ़ चढ़ कर भागीदारी करेगा। बहुजन समाज पार्टी एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है जिसने ब्राह्मण समाज को राजनीति में सबसे अधिक आगे बढ़ाया है। 2007 मे जितने विधायक बसपा से हुए, उतने आज तक कभी नहीं हुए। निगम,आयोग और बोर्ड में भी ब्राह्मण समाज को लालबत्तियां मिलीं। अमेठी से आशीष शुक्ला चुनाव हार गए थे, फिर भी बहन मायावती ने उन्हें लालबत्ती दी, विधानसभा और लोकसभा दोनों का टिकट दिया।

भारतीय जनता पार्टी के शासन में आम ब्राह्मण कार्यकर्ताओं की बात तो दूर विधायक तक की नहीं सुनी जा रही। जितेन्द्र मिश्र के साथ बैठे हुए बसपा जिलाध्यक्ष सुरेश कमल ने कहा कि बहन मायावती जी ने अमेठी संसदीय क्षेत्र को जिला बनाकर यहां की जनता को विकास और रोजगार के नये अवसर प्रदान किए। अमेठी की नई पहचान बनी। जनता बहन मायावती जी को याद कर रही है। इस बार चारों विधायक बसपा के जीतेंगे।

# जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय (तहसील) में सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा, प्रत्येक पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्र) एवं मतदेय स्थलों पर सम्बन्धित पदाभिहित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा 06 जनवरी 2026 को करा दिया गया है। उक्त मतदेय स्थलों पर आलेख्य मतदाता सूची जनसामान्य के अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी। अतएव जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि वे आलेख्य प्रकाशन दिवस 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित होने वाले वाली आलेख्य मतदाता सूची का अवलोकन अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर कर सकते हैं। दावे और आपत्तियां 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक प्राप्त की जायेंगी तथा उनका निस्तारण 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) तक किये जाने हेतु आयोग द्वारा समय-सीमा निर्धारित की गयी है। आयोग द्वारा 04 अर्हक तिथियां निर्धारित की गयी है, अतः दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की उपरोक्त अवधि के दौरान यदि कोई मतदाता 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 2026, 01 जुलाई, 2026 व 01 अक्टूबर, 2026 को अर्ह हो रहे हैं, ऐसे मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 (अनुलग्नक-प्ट) भरकर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जमा कर सकते है तथा निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि में संशोधन करने/मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन / दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने/ निवास परिवर्तन हो जाने के संबंध में फार्म-8 एवं घोषणा पत्र भरकर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जा सकता है।मतदाता सूची में पंजीकरण कराने या किसी भी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन इत्यादि के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से भी फार्म-6 व फार्म-8 घोषणा-पत्र सहित सबमिट किया जा सकता है। आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी बहराइच की शासकीय वेबसाइट बहराइच डाट एनआईसी डाट इन पर जनसामान्य हेतु उपलब्ध है।

# राहुल को कोर्ट ने किया तलब

■ 19 जनवरी को पेश होने का आदेश

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मंगलवार को सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद अदालत ने राहुल गांधी को धारा 313 सीआरपीसी के तहत तलब किया है। उन्हें 19 जनवरी को खुद कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। करीब 40 मिनट तक चली सुनवाई में राहुल गांधी के वकील काशी शुक्ला ने गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह पूरी की। वहीं शिकायतकर्ता विजय मिश्रा के वकील संतोष पांडेय ने अदालत को बताया कि अब उनकी ओर से कोई और गवाह पेश नहीं किया जाएगा। कोर्ट क्यों तलब कर रही है राहुल गांधी को एमपी/एमएलए कोर्ट के जज शुभम वर्मा ने राहुल गांधी को इसलिए तलब किया है ताकि वे अपने खिलाफ आए सबूतों पर सफाई दे सकें। कानून के अनुसार, किसी भी आरोपी को दोषी ठहराने से पहले उसका पक्ष सुना जाना जरूरी होता है। यह पूरा मामला 2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। चुनाव प्रचार के दौरान बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने कहा था:÷जो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसका अध्यक्ष हत्या का आरोपी है। सुप्रीम कोर्ट ने खुद लोया मामले में इसका उल्लेख किया है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि अमित शाह की कोई विश्वसनीयता है। इस बयान के बाद सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। जज लोया केस से जुड़ा विवाद बता दें कि जस्टिस बी.एच. लोया दिसंबर 2014 में नागपुर में एक शादी समारोह के दौरान मृत पाए गए थे। वे उस समय सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर केस की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें अमित शाह आरोपी थे।

## सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाना तहसील प्रशासन के लिए बना टेढ़ी खीर

**सुलतानपुर।** जिले की बल्दीराय तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाना तहसील प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। तालाब, खलिहान, नाली, चकरोड, घूर, गड्ढा, नवीन परती सहित अन्य सरकारी भूमि पर दबंगों का कब्जा वर्षों से बना हुआ है, लेकिन प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में असफल नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि योगी सरकार और उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद तहसील प्रशासन कब्जेदारों को पूरी तरह बेदखल कराने में नाकाम साबित हो रहा है। कई मामलों में न्यायालय अथवा राजस्व न्यायालय से आदेश होने के बाद भी मौके से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका है।जानकारी के अनुसार पहले तहसील क्षेत्र में 217 गांव थे, जो अब 160 गांवों में सीमित हैं, लेकिन अधिकांश गांवों में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे जस के तस बने हुए हैं। ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायतें की गई, मुकदमे भी दर्ज हुए और कई मामलों में कब्जेदारों को बेदखल करने के आदेश भी पारित हुए, बावजूद इसके दबंगों का कब्जा हट नहीं सका।

# डीएम ने रोडवेज बस स्टैण्ड पर स्थापित रैन बसेरे का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** बढ़ती शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सोमवार को देर षाम रोडवेज बस स्टैण्ड पर नगर पालिका द्वारा बनाये गये रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पर्याप्त संख्या में बेड, कंबल, स्वच्छ एवं सुरक्षित, सोने की व्यवस्था रात्रि में प्रकाश एवं ताप व्यवस्था स्वच्छ पेयजल शौचालय एवं साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई। डीएम ने अधिषाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए की शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए ब्लोवर की व्यवस्था के साथ-साथ अतिरिक्त कंबल, गद्दा, तकिया, चादर, बिस्तर, रूम हीटर, फोल्डिंग एवं गर्माहट से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण रूप सुनिश्चित कर लें उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की रात्रि में सभी अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें और यदि खुले में सो रहा कोई व्यक्ति मिल जाये तो उनको तत्काल जागरुक कर सम्मानपूर्वक रैन बसेरा में पहुंचाया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। डीएम ने कहा कि तहसील प्रशासन सभी के लिए 24 घंटे तत्पर तैयार है किसी को भी किसी भी स्तर पर कोई भी समस्या नहीं होने दी जाएगी कोई भी ठंड में बाहर नहीं सोएगा रैन बसेरे में रुकने वाले व्यक्ति का स्वास्थ्य परीक्षण /चिकित्सा उपचार भी कराया जाएगा।

# विकास कार्यों में अनियमितताओं पर कर्मचारियों को फटकार

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अपर जिलाधिकारी विशु राजा के साथ नगर पंचायत मक्खनपुर के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्य प्रणाली और विकास कार्यों में अनियमिताएं पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को फटकार लगाई, जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम कार्यालय के मीटिंग हॉल को बारीकी से निरीक्षण किया, उन्होंने निर्देश दिए की मीटिंग हॉल की क्षमता को बढ़ाते हुए कम से कम 100 लोगों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए, निरीक्षण के दौरान मीटिंग हॉल में रखे फर्नीचर की गुणवत्ता खराब पाई गई, जिलाधिकारी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए फर्नीचर खरीद प्रक्रिया और गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए, यहां पर राजस्व कर की समीक्षा के दौरान वॉटर टैक्स और हाउस टैक्स की वसूली की स्थिति अत्यंत खराब मिली, जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया की वसूली में लापरवाही बरतने वाले पटल सहायकों की जिम्मेदारी तय की जाए, और शत प्रतिशत वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत कार्यों को समय से और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए, निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और टैक्स वसूली के लक्ष्य को पूरा नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने कहा कि यहां पर नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन इसी माह में अवश्य पूरा कर लिया जाए।

## प्रेस क्लब का जिला अधिकारी ने किया निरीक्षण आवश्यक दिशा निर्देश

**शाहजहांपुर।** जनपद में बने सूचना संकुल भवन/प्रेस क्लब का जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया साफ सफाई व्यवस्था और हाल का निरीक्षण करते हुए जिला अधिकारी ने कहा प्रेस क्लब सिर्फ नाम का नहीं काम का होना चाहिए इसके लिए जिलाधिकारी ने मेंटेनेंस,इंटरनेट कनेक्टिविटी, रंगाई पुताई सहित तमाम मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा प्रेस क्लब का सही से उपयोग हो इसके लिए प्रेस क्लब के अंदर एक लाइब्रेरी बनवाई जाएगी, साथ ही एक यूट्यूब स्टूडियो बनाया जाएगा जहां बैठकर पत्रकार अपना काम सही से कर सकेंगे जिलाधिकारी बोले जिस एजेंसी ने यह प्रेस क्लब बनाया है उस एजेंसी ने सही से नहीं बनाया है प्रेस क्लब में तमाम कमियां है इतनी बड़ी बिल्डिंग का सही से उपयोग नहीं हो पा रहा है इसके लिए सारे प्रयास किए जाएंगे।

# सेवा भाव या गरीबी का सार्वजनिक तमाशा

अवधनामा संवाददाता



**धनपतगंज/सुलतानपुर।** पीरो सरैया गांव में सोमवार को जो हुआ, उसे अगर कम्बल वितरण कहा जाए तो कम्बल की भी बेइज्जती होगी। यहाँ गरीबों को ठंड से बचाने का नहीं, बल्कि नेताओं को कैमरों में चमकाने का कार्यक्रम था। मंच पर खड़े माननीय गण ऐसे मुस्कुरा रहे थे, जैसे ठंड इन्होंने ही पैदा की हो और अब वही महान दानी बनकर उसे खत्म करने आए हों। सामने बैठी बेचारी बुढ़िया काँप रही थी लेकिन ठंड से कम, और इन एहसानों के बोझ से ज़्यादा। कम्बल हाथ में देते वक्त नेताओं के चेहरे पर जो गर्व था, मानो कोई महादान कर रहे हों। जैसे ये कम्बल नहीं, स्वर्ग की चाबी बाँट रहे हों। बुढ़िया का हाथ थरथरा रहा था और कैमरा क्लिक-क्लिक कर रहा था। गरीबी यहाँ ज़रूरत नहीं, प्रॉप थी; मजबूरी यहाँ पृष्ठभूमि थी; और नेता मुख्य अभिनेता। यह सेवा नहीं, सेल्फी सेवा है। यह करुणा नहीं, कैमरा कृपा है। यह मदद नहीं, मार्केटिंग मॉडल है। कम्बल से पहले मंच, बुढ़िया से पहले बैनर, और जरूरत से पहले न्यूज़ कवरेज। यही है इनकी प्राथमिकता। अगर सच में ठंड से राहत देनी होती तो चुपचाप दे देते। लेकिन नहीं यहाँ तो गरीब की पीठ पर हाथ नहीं, पोस्टर चिपकाया जाता है। बेचारी बुढ़िया ठंड से नहीं मरेगी साहब, इनके एहसानों के बोझ तले दबकर मरेगी। क्योंकि ठंड तो मौसम की मार है लेकिन यह तमाशा3 यह व्यवस्था की मार है।

## रोड डायवर्जन से जाम की समस्या का होगा समाधान



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता लाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने तथा षहर में जाम की स्थिति को सुधारने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने रोडवेज बस स्टैण्ड, मरीमाता चौराहा इत्यादि जगहों पर बसों के सचांलन का आवागमन देखा। उन्होनें श्रावस्ती, गोण्डा व बलरामपुर जाने वाली बसों का डायवर्जन कराने के भी निर्देष दिये। डीएम ने निर्देष दिया कि जो बसे बाहर से जा सकती है वह अन्दर प्रवेष न करे। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो। उन्होनें कहा कि केडीसी के पहले हम कोई व्यवस्था दे की सवारी वहां से निकल जाय और सीधे चली जाय। रोडवेज विभाग ने एक वर्कषाप की जमीन के लिए अनुरोध किया गया है। प्रयास यही किया जायेगा जिन बसों का यहां प्रवेष न हो वह बाहर से ही निकल जाय। जल्द ही एक हफ्ते के अन्दर जो कार्यवाही की जानी है इसको विस्थापित कराया जायेगा।

## बिना जनसमर्थन और सामाजिक सरोकार के होर्डिंगों के सहारे चुनावी तैयारी में जुटे भावी प्रत्याशी

**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। चुनावी माहौल बनते ही कई भावी प्रत्याशियों ने अपने नाम और फोटो वाली होर्डिंग लगाकर मैदान में उतरने का दावा शुरू कर दिया है।हालांकि जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि कई ऐसे भावी प्रत्याशी हैं, जिन्होंने न तो कभी गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और न ही समाज के किसी मुद्दे पर सक्रिय भूमिका निभाई। इसके बावजूद होर्डिंगों और प्रचार माध्यमों के सहारे खुद को मजबूत दावेदार बताने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ चुनिंदा लोगों से सीमित संवाद कर भावी प्रत्याशी होने का दावा करना जनता के बीच स्वीकार्य नहीं है। चुनाव के समय जब ये प्रत्याशी गरीबों और वंचितों के मसीहा बनकर सामने आते हैं, तब जनता उनके पूर्व कार्यों और सामाजिक योगदान को परखती है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि केवल प्रचार और होर्डिंगों के दम पर चुनावी सफलता हासिल करना आसान नहीं है।

## जनपद स्तरीय वित्तमान समिति की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय वित्तमान समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में वर्ष 2026-27 में कृषि, औद्यानिक, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य पालन की विभिन्न फसलों/ क्रियाओं की वित्तमान निर्धारित किये जाने हेतु नवीन दरों पर विस्तृत चर्चा की गयी। वित्तमान में प्रमुखता से धान व गेहूं की नवीन दरें यथा रू0 85250/- प्रति हेक्टेयर स्वीकृत की गयी जो गत वर्ष 2025-26 से 12.2 प्रतिशत अधिक है तथा गेहूं की नवीन दरें यथा रू0 86150/- प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गयी जो गत वर्ष से 7.2 प्रतिशत अधिक हैं। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक पुरुषोत्तम कुमार मिश्र, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर जिला, जिला कृषि सुरक्षा अधिकारी संजय कुमा, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर डा. एन.पी. गुप्ता, सहायक एवं आयुक्त सहायक निबन्धक सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, ए.एल.डी.एम रवि शर्मा, डी.डी.एम. नाबार्ड प्रवेश गंगवार, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 भरत सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बाँदा में यूको बैंक ने धूमधाम से मनाया 84वाँ स्थापना दिवस



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** यूको बैंक बाँदा शाखा में बैंक का 84वाँ स्थापना दिवस बैंक कर्मियों एवं सम्मानित ग्राहकों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे बैंक परिसर को फूलों एवं आकर्षक सजावटी सामग्री से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे उत्सव का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक अमित शुक्ला ने उपस्थित ग्राहकों को यूको बैंक द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं बैंकिंग योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य केवल वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना ही नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ विश्वासपूर्ण और दीर्घकालिक संबंध स्थापित करना भी है।

सहायक प्रबंधक शिव सिंह ने कार्यक्रम में आए सभी सम्मानित ग्राहकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उन्हें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा बैंक की प्रगति और उपलब्धियों से अवगत कराया।

गौरतलब है कि जब से अमित शुक्ला ने बाँदा शाखा की जिम्मेदारी संभाली है, तब से बैंक और ग्राहकों के बीच संबंधों में उल्लेखनीय मधुरता आई है। उनके द्वारा प्रत्येक ग्राहक से व्यक्तिगत संवाद स्थापित करने की कार्यशैली से न केवल ग्राहक संतुष्टि बढ़ी है, बल्कि बैंक के व्यवसाय और राजस्व में भी वृद्धि दर्ज की गई है।

इस अवसर पर बैंक कर्मी बालेंदु सिंह, प्रीती, आनंद सिंह एवं महेंद्र ने उपस्थित सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया तथा जलपान की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में शिवानी इलेक्ट्रिकल, पाण्डेय इंटरप्राइजेज, भोलानाथ पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव, धुरिया जी सहित अनेक गणमान्य ग्राहक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## समीक्षा बैठक आज

**फिरोजाबाद।** शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से सेवाओं एवं जन सुनवाई समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) के अन्तर्गत प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों का, लोक शिकायत आईजीआरएस-तहसील स्तरीय आरएस0) शिकायला जाईजीआरएस-जनपद स्तरीय, आईजीआरएस सन्दर्भो की स्थिति (मुख्यमंत्री सन्दर्भ, पी0जी0 पोर्टल ऑन लाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) प्राप्त शिकायतों के विवरण के साथ-साथ 05 दिन पहले डिफाल्टर होने वाले लम्बित शिकायतों का तत्काल नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 07.01.2026 दिन बुधवार को प्रातः 12 बजे समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। उक्त के सम्बन्ध में जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा है कि वह नियत को समयानुसार 05 दिन पहले डिफाल्टर होने वाली समस्त शिकायतों का निस्तारण करते-कराते हुये उक्त बैठक में निम्नवत सूचनाओं सहित प्रत्येक दशा में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। यदि आपके द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया जाता है, तो आपके विरूद्व कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जायेगा, जिसकी उत्तरदायत्वि आपका होगा।

# जिलाधिकारी ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मक्खनपुर नगर पंचायत के ग्राम जरौली में स्थित कान्हा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने गोवंश के रखरखाव, चारे की उपलब्धता और शीत लहर के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया, बढ़ती ठंड और शीत लहर को देखते हुए जिलाधिकारी ने नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए, की गौशाला में गौवंशों को ठंड से बचने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित हो, मौके पर गौशाला में गोवंश के बैठने के लिए पुआल और ठंडी हवाओं से बचने के लिए शेड त्रि पाल एवं मोटे पर्दे लगे हुए पाए गए, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां पर कुल 205 गोवंश संरक्षित हैं जिसमें 83 नर और 122 मादा गौवंश है, जिलाधिकारी ने पशुओं के स्वास्थ्य का हाल जाना और निर्देशित किया कि सभी पशुओं के टैगिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण रखा जाए, उन्होंने रजिस्टर में टैगिंग नंबरों का भी मिलान किया ताकि पशुओं की सही गणना और पहचान हो सके, जिलाधिकारी ने गौशाला में चारे के भंडार का भी निरीक्षण किया, उन्होंने हरे चारे और भूसे की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि चारे की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आनी चाहिए, उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भूसे का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए, ताकि आगामी दिनों में कोई कमी न हो, उन्होंने परिसर की साफसफाई पर जोर देते हुए कहा कि पशु चिकित्सक नियमित रूप से गौशाला का दौरा कर नियमित रूप से गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहें, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विशु राजा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुमेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | अपग्रेडेशन ऑफ टॉयलेट्स इन 580 नंबर्स एलएचबी नॉन एसी कोचेस विथ एफआरपी मॉड्यूलर टॉयलेट्स ऐट आलमबाग वर्कशॉप, जगाधरी वर्कशॉप एंड कोचिंग डिपॉस ऑफ एन आर। |
| 02 | कार्य स्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, जगाधरी वर्कशॉप एंड कोचिंग डिपॉस ऑफ एन आर। |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 52,06,37,138.00/– मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 27,53,200/– मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक– 03.02.2026 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू–ईनिविदा–02 दिनांक: 05.01.2026 53/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शाहजहांपुर डीएम ने किया मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

■ 6 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गांधी फैज-ए-आम महाविद्यालय में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का गुब्बारे उड़ाकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि यह मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जिले की 18 लाख 11 हजार मतदाताओं की सूची छपकर प्रकाशित हो चुकी है, जिसे Shahjahanpur.nic.in पर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम सूची से कट गया है तो वह आपत्ति दर्ज करा सकता है तथा जिन लोगों को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है, वे 6 फरवरी तक फॉर्म-6 ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन भर सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि 92 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं या उनके संबंधियों का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान हो चुका है, जबकि जिन 1 लाख 70 हजार मतदाताओं का नाम मैच नहीं हुआ है, उन्हें एसडीएम के माध्यम से नोटिस भेजा जाएगा।




जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान एक माह तक चलाया जाएगा, जिसमें 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा फॉर्म-6 भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं अथवा ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अनिवार्य है। बिना मतदाता सूची में शामिल हुए कोई भी व्यक्ति अपने प्रतिनिधि का चयन नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे सभी मतदाता सूची में शामिल होने के पात्र हैं। मतदाता सूची में नाम होने पर ही मतदान का अधिकार प्राप्त होता है। देश की खुशहाली एवं अपने मनपसंद प्रतिनिधि को चुनने के लिए सभी पात्र नागरिकों को मतदाता पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से यह भी अपील की कि 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह चल रहा है, जिसके अंतर्गत सभी बच्चे रील, वीडियो, पोस्टर, स्लोगन आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने भी एसआईआर के संबंध में जानकारी दी और नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने की प्रक्रिया विस्तार से बताई। उन्होंने सभी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्रा अलवीरा खान ने मतदाता जागरूकता विषय पर प्रभावशाली भाषण दिया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर उप जिला अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जीएफ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां, स्वीप/इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारी प्रोफेसर खलील अहमद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


# कार्यालय : नगर निगम अयोध्या

पत्रांक : 919/न0नि0अयो0/ई-निविदा/2026 दिनांक : 06/01/2026

## ई-निविदा सूचना

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा नगर निगम निधि/स्थानीय अवस्थापना निधि/स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कुल 13 कार्यो की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकते है। निविदादांता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग-अलग ऑनलाइन Net Banking (NEFT/ RTGS)/UPI/ Debit/Credit card के माध्यम से Link-httbs://emdnagarnigamayodhya.in /loginwithotp से अन्तरित करना होगा। तत्क्रम में ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट www://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रुप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेवसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 07.01.2026 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 21.01.2026 दोपहर 02.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 21.01.2026 दोपहर 04.00 बजे |

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम अयोध्या

# बिलग्राम पुलिस की बड़ी कामयाबी जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**4,280 नगद बरामद, अवैध गतिविधियों पर कसा शिकंजा**

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम (हरदोई)।** अपराधों की रोकथाम एवं जुआ/सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिलग्राम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जुआ खेलते हुए 04 अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मौके से 4,280 नगद भी बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बिलग्राम पुलिस को क्षेत्र में जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी, जहां चार व्यक्ति जुआ खेलते पाए गए।



पुलिस ने सभी अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि जुआ, सट्टा एवं अन्य गैरकानूनी कार्यों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे– प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय, थाना बिलग्राम, उप निरीक्षक दीप नारायण, थाना बिलग्राम, उप निरीक्षक अजय तोमर, थाना बिलग्राम, कांस्टेबल अतुल, थाना बिलग्राम, कांस्टेबल अरुण पंवार, थाना बिलग्राम, कांस्टेबल भूपेन्द्र, थाना बिलग्राम, पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। आमजन से भी अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# पिछड़ा वर्ग की पुत्रियों की शादी के लिए 20 हजार रुपये का अनुदान

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड़कर) के गरीब परिवारों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद हमीरपुर को 771 लाभार्थियों के लिए 154.20 लाख रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। योजना के तहत पात्र लाभार्थी को 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अमित सोनकर ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विभागीय वेबसाइट shadianudan.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन के उपरांत सभी आवश्यक संलग्नकों के साथ आवेदन पत्र संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा खंड विकास अधिकारी कार्यालय में सात दिवस के भीतर जमा करना होगा।

बताया गया कि आवेदन शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व अथवा 90 दिन बाद तक किया जा सकता है। योजना का लाभ अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) के उन निर्धन परिवारों को दिया जाएगा जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में एक लाख रुपये से अधिक नहीं है। आवेदन के लिए तहसीलदार द्वारा निर्गत पिता का आय एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। पिता की मृत्यु की स्थिति में माता का आय एवं जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा। इसके अलावा प्रधान या सभासद द्वारा प्रमाणित शादी कार्ड, वर-वधु का आधार कार्ड अथवा आयु प्रमाण पत्र, आवेदक का आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा आवेदक और पुत्री का मोबाइल नंबर आधार से लिंक होना आवश्यक है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन कुछेछा, हमीरपुर के कक्ष संख्या 104 में प्राप्त की जा सकती है।

## वोटर पंजीकरण कक्ष का फीता काटकर किया उद्घाटन

**मौदहा (हमीरपुर)।** देश के बारह राज्यों में चल रही एस.आई.आर. (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के तहत मंगलवार को नई मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कस्बे के रहमानिया इंटर कॉलेज में उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह ने फीता काटकर मतदाता पंजीकरण कक्ष का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उपजिलाधिकारी ने नए एवं पुराने मतदाताओं को संबोधित करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कॉलेज परिसर में बनाए गए बी.एल.ओ. डेस्क का निरीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. रजिया सुल्ताना सहित विद्यालय का स्टाफ, कस्बे के सभी बूथों के बी.एल.ओ., मौदहा लेखपाल अवनीस रागौल, लेखपाल अमरीस तथा बड़ी संख्या में नए व पुराने मतदाता मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी ने सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर समय रहते आवश्यक सुधार कराने की अपील की।

# पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाइ



अवधनामा संवाददाता

**फरियादियों की समस्याएं सुन दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

**हमीरपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी पुलिस कार्यालय पहुंचे, जहां पुलिस अधीक्षक ने स्वयं उनकी शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं।

पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर जांच एवं निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फरियादियों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक की संवेदनशीलता और तत्परता की फरियादियों ने सराहना की। लोगों का कहना था कि इस तरह की जनसुनवाई से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है और समस्याओं के समाधान की उम्मीद मजबूत होती है।

जनपद में नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई को नागरिकों ने सकारात्मक पहल बताते हुए पुलिस अधीक्षक के प्रयासों की प्रशंसा की।

# बिलग्राम को मिलेगी नई पहचान



**भव्य मुख्य द्वार का तोहफ़ा देने जा रहे हैं अध्यक्ष अनिल राठौर**

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम (हरदोई)।** बिलग्राम नगर को जल्द ही एक नई और भव्य पहचान मिलने जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर कस्बे को एक शानदार मुख्य द्वार की सौगात देने वाले हैं, जिसका नक्शा पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। बहुत जल्द इस ऐतिहासिक कार्य का निर्माण शुरू होने जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर ने बताया कि यह मुख्य द्वार न सिर्फ़ बिलग्राम की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि कस्बे की पहचान और गौरव का प्रतीक भी बनेगा। बाहर से आने वाले लोगों को प्रवेश करते ही बिलग्राम की एक अलग ही छवि दिखाई देगी। अध्यक्ष अनिल राठौर ने अपने बेबाक अंदाज़ में कहा जब कोई सच में विकास करना चाहता है, तो सवाल उठते ही हैं। लेकिन सवालों से डरकर विकास नहीं रुकता। मैं अपने नगर के विकास के लिए निरंतर काम करता रहूँगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि आलोचनाएँ आती रहेंगी, लेकिन उनका लक्ष्य सिर्फ़ और सिर्फ़ बिलग्राम का विकास है। सड़क, नाली, सौंदर्यीकरण और अब मुख्य द्वार–नगर को एक नए रूप में सजाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों में भी इस घोषणा को लेकर ख़ास उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि भव्य मुख्य द्वार बनने से बिलग्राम को एक नई पहचान मिलेगी और कस्बे की छवि और निखरेगी। अब सभी की निगाहें उस दिन पर टिकी हैं, जब बिलग्राम का यह भव्य मुख्य द्वार बनकर तैयार होगा और कस्बा गर्व से कहेगा।

## अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, डाला द्वारा किया गया वृद्धाश्रम में सहयोग

**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीमेंट वर्क्स के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के सामाजिक सुधार कार्यक्रमों के अंतर्गत इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के दिशा निर्देशन एवं मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत के मार्गदर्शन में छपका स्थित वृद्धाश्रम में ठंडी से राहत के लिए 85 से ज्यादा रह वासियों को जरूरत की चीजें (ऊनी शॉल, मोजे, च्यवनप्राश , स्लीपर , ऊनी टोपी, फल आदि उपलब्ध कराये गये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विंध्या लेडीज क्लब की अध्यक्षा प्रिया हिवरेकर एवं प्राची जैन उपस्थित थे।

प्रिया हिवरेकर ने वृद्धाश्रम में रह वासियों को नववर्ष की शुभकामना संदेश देते हुए ठंड से बचाव के लिए दिये गये राहत सामग्री को उपयोग में लाने की बात कही, सी एस आर प्रमुख निशा तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष कंपनी के द्वारा छपका स्थित वृद्ध आश्रम के लोगों को जरूरत के सामान उपलब्ध कराए जाते हैं जिससे उनके साथ सामाजिक तौर पर जुड़ने और सहयोग करने का अवसर प्राप्त होता है।

# जिला कारागार के सभी बैरकों का किया गया विस्तृत निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** माननीय जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन में मंगलवार को जिला कारागार, हमीरपुर के सभी बैरकों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर महेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों के कल्याण, उनके मूलभूत अधिकारों की सुरक्षा तथा जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, जेलर आनंद, डिप्टी जेलर देवेन्द्र कुमार दुबे तथा पवन कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी बैरकों का दौरा



कर बंदियों से सीधे संवाद किया गया और उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली गई।

बंदियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा विधिक सहायता से जुड़े मुद्दे सामने रखे। इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए सचिव ने जेल प्रशासन को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए तथा समाधान की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराने को कहा।

निरीक्षण के दौरान बंदियों को जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा सभी बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। जिन बंदियों के पास अपने मामलों की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है, वे जेल अधीक्षक के माध्यम से आवेदन कर पैनल अधिवक्ता की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

बताया गया कि जिला कारागार का इस प्रकार का निरीक्षण समय-समय पर किया जाता रहेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बंदियों को आवश्यक विधिक सहायता एवं न्यायिक सेवाएँ समय पर उपलब्ध होती रहें।

## हनुमान कथा को लेकर निकली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



**राठ (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** नगर के हमीरपुर रोड स्थित गायत्री मंदिर से जिले में आयोजित की जा रही पहली हनुमान कथा के शुभारंभ अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और पूरा नगर जय श्रीराम व हनुमान जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ गायत्री मंदिर से हुआ, जिसमें कथावाचक डॉ. अनिरुद्ध आचार्य जी महाराज रथ पर सवार रहे। जुलूस गायत्री मंदिर से अंबेडकर चौराहा, बजरिया होते हुए कथा स्थल चोपड़ा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। शोभायात्रा में दो डीजे, बैंड, एक दर्जन घोड़े तथा सिर पर कलश धारण किए महिलाएं भक्ति संगीत पर नृत्य करती हुई चल रही थीं। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर आदित्य अवस्थी, ठेकेदार देवेश मिश्रा, भाजपा नगर महामंत्री मुकेश गुप्ता, दीपू मुंशी, उपाध्यक्ष महेंद्र गांधी, परमानंद अनुरागी, रमाकांत कुटार, अनुज सक्सेना, राजदीप पंडित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राजभवन में सम्मानित किए गए शिक्षक डॉ0 राजीव



**हरदोई/अवधनामा संवाददाता।** बेसिक एजुकेशन मूवमेंट ऑफ इंडिया और भारतीय शिक्षण मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पुस्तक समीक्षा कार्यशाला जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय में संपन्न हुई पुस्तकों की सराहना कुलपति सहित कई विभागाध्यक्षों ने की उनकी संस्तुति पर राजभवन जयपुर में राजस्थान के राज्यपाल महामहिम श्री हरिभाऊ बागड़े द्वारा डॉक्टर राजीव कुमार सहित छह शिक्षकों को *शिक्षा भूषण* सम्मान से सम्मानित किया गया। महामहिम द्वारा सात पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर बेसिक एजुकेशन मूमेंट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 राजेश कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 संजय यादव, डॉ0 पुष्पेंद्र सिंह, डॉ0 सतना डॉक्टर कंचन कामिनी केशव सिंह पटेल सहित विमोचित की गई पुस्तकों का समस्त लेखन मंडल एवं संपादक मंडल उपस्थित रहा। उल्लेखनीय है कि शिक्षक डॉ0 राजीव कुमार उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद के कोथावां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय थानगांव में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। पूर्व में उन्हें सिक्किम, केरल और शिमला के राजभवनों में महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## लायंस क्लब रेणुकूट द्वारा जरूरतमंदों के मध्य कंबलों का किया गया वितरण



**सोनभद्र/रेणुकूट।** प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी लायंस क्लब रेणुकूट द्वारा जरूरतमंदों के बीच 100 कंबलों का वितरण कार्यक्रम ग्राम धौकीनाला में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर सेवा के साथ-साथ जन-समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया गया। ग्रामीणों को पंपलेट के माध्यम से मलेरिया से बचाव, मधुमेह (डायबिटीज) के प्रति सतर्कता, तथा ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) रोग से सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाई गई, जिससे सेवा के साथ जनहित में जागरूकता का उद्देश्य भी पूर्ण हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम धौकीनाला, रजनी एवं बड़वान के ग्रामीणों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कंबल प्राप्त कर ग्रामीणजन अत्यंत प्रसन्न हुए। इस पुनीत सेवा कार्य में लायंस क्लब के सदस्यों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित एवं सहयोग देने वाले सदस्यों में वरिष्ठ लायन संजय सक्सेना, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. राकेश रंजन, क्लब सेक्रेटरी लॉयन बृजेश जायसवाल सपत्नीक उपस्थित रहे।

## शिक्षक शमसुद्दीन को मिलेगा शिक्षा श्री अवार्ड 2026

**इटावा।** जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम मलाजनी में स्थित पी एम श्री प्राथमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के सेवानिवृत अद्यापक शमसुद्दीन सईदी शम्स को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलबधियों, सराहनीय, उल्लेखनीय नवाचार कार्यो के लिए



शिक्षा श्री अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जायगा। उक्त जानकारी स्वयं शमसुद्दीन सईदी शम्स ने दी है। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार उन्हें आगामी राष्ट्रीय युवा दिवस के एक दिन पूर्व 11 जनवरी 2026 रविवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित शेफील्ड स्कूल पीराने कलियर रुड़की हरिद्वार( उत्तराखण्ड)में पंचम अ, भा, शैक्षिक विमर्श एवं शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी अनेको अवार्ड देश तथा विदेशों से प्राप्त कर नाम रौशन कर चुके है शिक्षा जगत उन पर गर्व करता है। श्री शम्स की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के अनेकों शिक्षक शिक्षिकाओं सहित उनके शुभ चिंतकों ने उन्हें शुभकामनायें तथा बधाई दी है तथा शिक्षा जगत से जुड़े अनेको महानुभावो, छात्र-छात्राओं, मित्रो तथा परिवार के सदस्यों ने भी उन्हें शुभकामनायें दी हैं।

# अवध इंटरनेशनल एकेडमी में आस्था एवं संस्कारों के साथ नये कार्यालय का शुभारंभ



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जब शिक्षा की यात्रा आस्था, संस्कार और समर्पण के साथ आगे बढ़ती है, तब विद्यालय केवल एक संस्थान नहीं रह जाता, बल्कि भावी पीढ़ी के निर्माण का सशक्त केंद्र बन जाता है। ऐसा ही भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य अवध इंटरनेशनल एकेडमी में देखने को मिला, जहाँ नवाचार एवं विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत हवन-पूजन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और अग्नि की पवित्र आहुति के बीच आयोजित इस हवन-पूजन में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति दुल्हानी, निदेशक शेखर त्रिपाठी, चेयरमैन आर.डी. त्रिपाठी, विद्यालय व्यवस्थापक अवधेश दुबे सहित समस्त विद्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने सामूहिक रूप से हवन में आहुति देकर विद्यालय की उन्नति, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण की कामना की। हवन-पूजन के उपरांत नवीन व्यवस्थाओं के शुभारंभ अवसर पर लाल फीता काटकर विद्यालय के नए कार्यालय, रिसेप्शन, वेटिंग रूम एवं प्रधानाचार्य कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया गया। फीता काटे जाने के साथ ही तालियों की गूंज और उत्साहपूर्ण वातावरण में विद्यालय ने अपने विकास की एक नई मंज़िल की ओर कदम बढ़ाया। नवीन कार्यालय को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया गया है, जिससे प्रशासनिक कार्य अब और अधिक सुचारु, पारदर्शी व प्रभावी ढंग से संचालित हो सकेंगे। विद्यालय का नया रिसेप्शन कक्ष अभिभावकों के लिए सम्मान, आत्मीयता और विश्वास का प्रथम अनुभव बनकर उभरा है, वहीं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया गया वेटिंग रूम शांत, स्वच्छ और आरामदायक वातावरण प्रदान करता है। इसके साथ ही नवीन प्रधानाचार्य कक्ष को गरिमामय एवं प्रेरणादायक स्वरूप दिया गया है, जहाँ से विद्यालय की शैक्षणिक नीतियों, योजनाओं और भविष्य की दिशा को और अधिक मजबूती मिलेगी। इन सभी नई व्यवस्थाओं के कारण पूरा विद्यालय परिसर मानो नई रोशनी और सकारात्मक ऊर्जा से जगमगा उठा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति दुल्हानी ने कहा कि विद्यालय में किया गया हर नवाचार विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कार, सुरक्षा और आत्मविश्वास से भरपूर वातावरण प्रदान करना है। विद्यालय प्रबंधन ने भी विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल केवल भौतिक विस्तार नहीं, बल्कि शिक्षा को संस्कारों और मूल्यों के साथ आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के समापन पर समस्त स्टाफ ने एकजुट होकर विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, जिससे पूरा वातावरण आशा, उत्साह और गर्व से भर उठा।

# कोल इंडिया अंतर-कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आगाज़



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के अमलोरी क्षेत्र में मंगलवार को कोल इंडिया अंतर-कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2025-26 का भव्य आगाज़ हुआ।

उद्घाटन समारोह में एनसीएल निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने खेलों के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास से संबंध पर प्रकाश डालते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी अनुषंगी कंपनियों सहित कुल 11 टीमें भाग ले रही हैं। आगामी 8 जनवरी तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में एसईसीएल, एससीसीएल, एमसीएल, डब्ल्यूसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल, सीएमपीडीआईएल, सीआईएल, एनईसी और मेजबान एनसीएल शामिल हैं।

प्रतियोगिता में 119 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें 18 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में कॉर्पोरेट जेसीसी सदस्य, सीएमएस अजय कुमार, महाप्रबंधक अमलोरी क्षेत्र आलोक कुमार, महाप्रबंधक कल्याण राजेश त्रिवेदी, स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के सदस्यगण, अमलोरी क्षेत्र के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में कुल 06 श्रेणियां, जिनमें पुरुष एकल, पुरुष युगल, महिला एकल, महिला युगल, वेटरन एकल और वेटरन युगल शामिल हैं, में मैचों का आयोजन किया जा रहा है।

# जो बच्चें 18 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उनका नाम आलेख प्रकाशन में अवश्य होना चाहिए: डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** भारत निर्वाचन आयोग अहर्ता दिनांक 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कर्म क्षेत्र महाविद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया साथ ही उपस्थित छात्राओं द्वारा सरस्वती गीत प्रस्तुत किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो बच्चें 18 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उनका नाम आलेख प्रकाशन में अवश्य होना चाहिए। उन्होंने



कहा कि 1 जनवरी 2026 को जो बच्चे 18 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा की मतदाता बनने के लिए भारत का नागरिक हो एवं 18 वर्ष पूर्ण हो चुके हो साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है एवं इसकी प्रक्रिया ऑनलाइन तथा ऑफलाइन भी है सभी युवाओं को फॉर्म 6 भर कर सूची में नाम दर्ज अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता पहचान पत्र एवं आधार कार्ड दोनों आवश्यक हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जो बच्चे 18 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उनको फार्म 6 उपलब्ध कराया गया। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र सिंह, तहसीलदार सदर राजकुमार सिंह, संस्कृति पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में बालिका सशक्तीकरण मिशन शीतकालीन सत्र का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर द्वारा अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत, विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी बालिका सशक्तीकरण मिशन (जेम) के तहत साप्ताहिक शीतकालीन सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण एवं वंचित पृष्ठभूमि की बालिकाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं सशक्त नागरिक बनाने की दिशा में एनटीपीसी की सतत प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। इसी क्रम में बालिका सशक्तीकरण अभियान 2025-26 के शीतकालीन पुनश्चर्या कार्यशाला बैच का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली तथा विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा (वनिता समाज) रहीं। इस अवसर को और भी उल्लासपूर्ण बनाते हुए, सत्र के दौरान जन्मदिन मना रहीं प्रतिभागी बालिकाओं ने केक काटकर अपने आनंद और उत्साह को साझा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण प्रेरणा, सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण हो गया। अपने प्रेरक संबोधन में श्री संदीप नायक ने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा संचालित बालिका सशक्तीकरण मिशन ग्रामीण बालिकाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय प्रयास



है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और नेतृत्व गुणों का विकास आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जीईएम कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को न केवल शैक्षणिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है, बल्कि जीवन कौशल, आत्म-सुरक्षा, संवाद क्षमता और सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नायक ने सुरक्षा संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए बालिकाओं को सदैव अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को प्राथमिकता देने और सजग रहने की प्रेरणा दी। उद्घाटन समारोह के दौरान जेम की प्रतिभागी बालिकाओं ने मंच से अपने अनुभव साझा किए तथा एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा प्रदान किए जा रहे इस अवसर के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। बालिकाओं को और अधिक प्रेरित करने के उद्देश्य से जेम 2025ङ्क26 में चयनित बालिकाओं' पर आधारित एक लघु प्रेरणादायक फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने उपस्थित सभी जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली कलेंडर का विमोचन भी किया गया। इस गरिमामय अवसर पर जोसफ बास्टियन, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा (वनिता समाज), सी.एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), रश्मि रंजन मोहंती, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, सम्मानित ग्राम प्रधान, वनिता समाज की सम्माननीय सदस्याएं, एनटीपीसी कर्मचारियों के परिजन, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, पत्रकार गण, जेम कोऑर्डिनेटर्स तथा पुनश्चर्या कार्यशाला की प्रतिभागी बालिकाएँ उपस्थित रहीं।

### ग्रामीण रोजगार के लिए वीबी-जी राम जी अधिनियम लागू करेगी यूपी सरकार

# रोजगार अब राहत नहीं, आत्मनिर्भरता का आधार: योगी

- योगी सरकार देगी ग्रामीणों को 125 दिन की रोजगार गारंटी
- विकसित भारत मिशन से गांवों में बनेगी स्थायी परिसंपत्तियां
- रोजगार गारंटी कानून में साप्ताहिक भुगतान की व्यवस्था

अवधनामा ब्यूरो

- जियो टैगिंग और एआई से होगी कार्यों की निगरानी
- हर छह माह में सोशल ऑडिट अनिवार्यकेंद्र-राज्य की 60:40 भागीदारी में चलेगा मिशन
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करेगा नया कानून



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्र में स्थायी इन्फ्रास्ट्रक्चर और रोजगार सृजन के लिए 'विकसित भारत-गारण्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' अधिनियम-2025 पारित किया गया है। प्रदेश सरकार इस कानून को पूर्ण संवेदनशीलता, पारदर्शिता तथा प्रभावशीलता के साथ राज्य में लागू कर रोजगार की नयी गारण्टी प्रदान करेगी। राज्य सरकार का संकल्प प्रत्येक पात्र को समय पर काम, प्रत्येक गांव में टिकाऊ परिसम्पत्तियों का निर्माण तथा प्रत्येक श्रमिक को सम्मान, सुरक्षा व खुशहाली प्रदान करना है। मुख्यमंत्री यहां विकसित भारत-जी राम जी कानून-2025 के सम्बन्ध में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अधिनियम भारत के ग्रामीण विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। देश के श्रमिकों, किसानों तथा गांवों के विकास के हित में उठाये गये इस कदम का स्वागत व समर्थन किया जाना चाहिए। इस अधिनियम के माध्यम से ग्रामीण भारत प्रधानमंत्री के विकसित भारत @ 2047 के विजन के अनुरूप राष्ट्र निर्माण में और अधिक सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर सकेगा। उत्तर प्रदेश को विकसित भारत-जी राम जी से अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्थायी और अधूरी सम्पत्तियों का दीर्घकालीन लाभ नहीं होता है। वी बी-जी राम जी अधिनियम-2025 रोजगार गारण्टी प्रदान करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसम्पत्तियों के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। यह कार्य विकसित भारत की आधारशिला मजबूत करेगा। विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब राज्य विकसित होंगे। राज्य तब विकसित होंगे, जब हमारी आधारभूत इकाई गांव विकसित होंगे तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, किसान आत्मनिर्भर होगा व श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा व सम्मान मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अधिनियम में रोजगार गारण्टी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन की गयी है। मानदेय का साप्ताहिक भुगतान होगा। भुगतान में देरी पर मुआवजे की भी व्यवस्था की गयी है। समय पर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता अब कानूनी अधिकार बन चुका है। खेती के मौसम में किसानों को मजदूरों की कमी न हो, इसके लिए राज्यों को बुआई व कटाई के समय 60 दिन तक कार्य विराम का अधिकार प्रदान किया गया है। उस समय वी बी-जी राम जी के कार्य स्थगित रहेंगे। इसके माध्यम से किसान और मजदूर दोनों के हित सुरक्षित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतें इस अधिनियम के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों की चार श्रेणियां निर्धारित कर सकेंगी। अधिनियम के तहत जल संरक्षण की स्थायी व्यवस्था के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, चेकडैम और उससे जुड़ी अन्य सुविधाओं को गांवों में विकसित किया जा सकता है। ग्रामीण बुनियादी इन्फ्रास्ट्रक्चर के अन्तर्गत सड़क, नाली आदि का विकास किया जा सकता है। गांवों में खेल का मैदान, ओपन जिम, बाजार, दुकानों जैसे आजीविका सम्बन्धी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जा सकता है। प्रतिकूल मौसम की घटनाओं से निपटने तथा आपदा प्रबन्धन की तैयारी हेतु कार्य किये जा सकते हैं। परिणामस्वरूप, बाढ़ प्रबन्धन के लिए किये जाने वाले छोटे-छोटे कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों की शासन पर निर्भरता कम हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अधिनियम में टेक्नोलॉजी को कानूनी अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान की गयी है। इनमें बायोमैट्रिक उपस्थिति, जियो टैगिंग, रियल टाइम मोबाइल ऐप मॉनीटरिंग, ए0आई0 से निगरानी तथा डिजिटल भुगतान जैसी युक्तियां सम्मिलित हैं। अब हाजिरी भरने की औपचारिकताएं नहीं होंगी, बल्कि बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी। सेटेलाइट इमेजनरी के माध्यम से स्थायी परिसम्पत्तियों के निर्माण की निगरानी की जाएगी। डिजिटल भुगतान के माध्यम से श्रमिकों के खाते में मानदेय की धनराशि भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अधिनियम में कैग के मानकों के अनुरूप प्रत्येक 06 माह में अनिवार्य सोशल ऑडिट, डिजिटल एवं बहुस्तरीय समयबद्ध शिकायत निवारण तथा जिला लोकपाल की व्यवस्था सम्मिलित है।

## मिशन कर्मयोगी में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में 'मिशन कर्मयोगी' के तहत राज्य में अब तक हुई प्रगति और आगामी कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में मिशन के क्रियान्वयन, प्रशिक्षण ढांचे, डिजिटल प्लेटफॉर्म की स्थिति और विभिन्न विभागों में क्षमता संवर्धन से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस0 राधा चौहान ने उत्तर प्रदेश में 'मिशन कर्मयोगी' के क्रियान्वयन की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मिशन कर्मयोगी' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारतीय संस्कृति के लोकाचार में निहित मूल्यों को आत्मसात करते हुए ऐसे सक्षम मानव संसाधन तैयार करना है, जो प्रदेश और देश के विकास की प्रेरक शक्ति बने। यह पहल शासन व्यवस्था को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप अधिक संवेदनशील, उत्तरदायी और परिणामोन्मुख बनाने में निर्णायक भूमिका निभा रही है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत केन्द्र में 30 लाख से अधिक सिविल सेवकों, राज्यों में लगभग 2.2 करोड़ कार्मिकों तथा शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं में लगभग 50 लाख कार्मिकों को क्षमता संवर्धन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मिशन के माध्यम से देश भर के 790 से अधिक सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाया जा रहा है।

## डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** द मदद सहयोग गाइडेंस की टीम ने क़तर सेंट्रल बैंक से जुड़े प्रसिद्ध साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट सालिम हुसैन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर टीम की ओर से उन्हें सम्मान स्वरूप गिफ्ट भेंट किया गया। मुलाकात के दौरान साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श हुआ। द मदद सहयोग गाइडेंस की टीम ने सालिम हुसैन के अनुभव और सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर द मदद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद हैदर, फाउंडेशन के फाउंडर मोहम्मद सादिक के साथ-साथ इमरान अली और फैज हैदर मौजूद रहे। सभी ने संस्था की सामाजिक गतिविधियों और भावी योजनाओं पर भी चर्चा की।

## राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक में 33 प्रस्तावों को मिली हरी झंडी

- 33 प्रस्तावों के सापेक्ष रू0 57 करोड़ का अनुदान स्वीकृति

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावो पर समयबद्ध कार्यवाही करने, स्थापित इकाइयों के सब्सिडी आदि के प्रकरणों की समीक्षा करते रहने व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराना है।उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा देश की सर्वोत्तम उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित है

उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन दीपक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को एपीसी सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी/ कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार के समक्ष 35 प्रस्तावों को प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा समस्त 33 प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा उपरान्त सहमति व्यक्त की गयी एवं लेटर ऑफ कर्फट जारी किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

एस0एल0ई0सी0 द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर से 01, अलीगढ़ से 02, आगरा से 03, कानपुर नगर से 03, कानपुर देहात से 01, कासगंज से 01, गाजीयाबाद से 01, चित्रकूट से 01, जौनपुर से 01, गौतम बुद्ध नगर से 01, पीलीभीत से 01, बरेली से 04, बाराबंकी से 01, बस्ती से 01, बुलन्दशहर से 01, मेरठ से 01, लखनऊ से 03, शाहजहांपुर से 01, सहारनपुर से 02, सीतापुर से 01, सलतानपुर से 01 एवं सोनभद्र से 01 कुल 33 प्रस्तावों के सापेक्ष लेटर-आफ-कम्फर्ट जारी करने की स्वीकृत प्रदान की गयी।

कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा बैठक में विभिन्न सेक्टर्स का जी.डी.पी. में योगदान के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जिसमें यह पाया गया कि प्रदेश अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण में वृद्धि किये जाने एवं कृषकों की आय में वृद्धि के साथ-साथ प्रदेश की 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की प्राप्ति में भी सहयोग प्रदान करेगा। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अन्तर्गत स्थापित इकाईयों के निवेशकों के सफलता की कहानियो का प्रचार प्रसार कराया जाय।इससे नव-नवयुवकों/युवतियों / स्टार्ट-अप को प्रेरणा मिलेगी और वह अधिक से अधिक संख्या में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को स्थापित करने हेतु आगे आयेंगें।

## एआईएफ योजना में उत्कृष्ट प्रर्दशन पर यू.पी. को राष्ट्रीय पुरस्कार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा ए.आई.एफ. रीजनल कान्फ्रेन्स समारोह का आयोजन आज चंडीगढ़ में किया गया, जिसमें उ.प्र. राज्य को ''बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट'' का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त इस समारोह में अर्चना रॉय, प्रभारी ए.आई.एफ. /एस.पी.एम.यू. को बेस्ट स्टेट गर्वमेन्ट इम्प्लाई का प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त हुआ है। यह जानकारी जे.पी.एस. राठौर, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतत्र प्रभार) ने आज यहां दी है। उन्होंने बताया कि इस योजना का प्रभावी कियान्वयन किया जा रहा है। कृषि अवसंरचना निधि योजना के तहत प्रदेश में कुल 13384 प्रोजेक्ट्स हेतु 8394.17 करोड़ रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया है जिसमें से 12602 लाभार्थियों को 5754.37 करोड़ का ऋण वितरण किया जा चुका है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि भारत सरकार द्वारा फसलोपरान्त हानियों को कम करने के लिए तथा कृषि अवस्थापना के विकास हेतु अगस्त 2020 से कृषि अवसंरचना निधि योजना को प्रारम्भ किया गया है जिसके अन्तर्गत रू. 02.00 करोड़ तक के ऋण पर भारत सरकार द्वारा 03 प्रतिशत ब्याज उपादान प्रदान किया जाता है, इसके अतिरिक्त उ0प्र0 सरकार द्वारा 03 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज उपादान की धनराशि कृषि उद्यमी, एफ.पी.ओ., पैक्स, मण्डी समितियां, राज्य एजेन्सी जैसे-एफ.सी.आई., एस.डब्ल्यू.सी. पी.सी.एफ., सी.डब्ल्यू.सी. को प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि अब तक उ.प्र. के 8000 लाभार्थियों को कृषि अवसंरचना निधि (ए0आई0एफ0) के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा अतिरिक्त 03 प्रतिशत ब्याज उपादान के रूप में 35 करोड़ (रू0 पैंतीस करोड़) बैंको के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में अन्तरित की जा चुकी है।

## लखनऊ की धरोहरों से रूबरू कराएगी इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस

- पर्यटन को बढ़ावा: लखनऊ दर्शन बस सेवा 7 जनवरी से नियमित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को 1090 चौराहे से देशी-विदेशी पर्यटकों एवं शहरवासियों को लखनऊ की धरोहरों से परिचित कराने के लिए लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रेजीडेंसी के लिए रवाना किया। यह बस 1090 चौराहे से चलकर विधान सभा, हजरतगंज एवं अन्य स्थलों का भ्रमण कराकर अंत में ऐतिहासिक रेसीडेंसी भवन पहुंचेगी। यात्रियों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था होगी। साथ ही उन्हें तुलसी का बीज प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ दर्शन बस में प्रशिक्षित गाइड भी होंगे, जो विभिन्न स्थानों के इतिहास के बारे में बताएगें। इस अवसर पर अपने संबोधन में पर्यटन मंत्री ने कहा कि लखनऊ का गौरवशाली अतीत एवं समृद्ध परंपराएं है। यहां पर जगह-जगह ऐतिहासिक भवन एवं धार्मिक स्थल मौजूद है। नई पीढ़ी को अपने विरासत से जोड़ने के लिए तथा विदेशी पर्यटकों को लखनऊ की गौरवगाथा से परिचित कराने के लिए लखनऊ दर्शन बस की शुरूआत की जा रही है। यह डबल डेकर बस 07 जनवरी से नियमित संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ दर्शन सेवा राजधानी के लिए एक नई उपलब्धि है। आप सभी जानते है कि पूरी दुनिया में पर्यटन सेक्टर का तेजी से विस्तार हो रहा है क्योंकि इसके साथ रोजगार और स्थानीय लोगो के लिए आमदनी का रास्ता भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि राजधानी के विरासत भवनों के इतिहास, कहानियों एवं उनके स्थापत्य कला से देशी-विदेशी पर्यटको को परिचित कराया जाएगा।

## महिला सशक्तिकरण पर आधारित विशेष कैलेंडर किया जारी

- पंचायतों में सशक्त महिलाएं ही विकास की असली ताकत: पंचायती राज मंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्राम पंचायतों में उनकी वास्तविक एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित विशेष कैलेंडर जारी किया गया है। यह कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन नहीं, बल्कि पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है।

कैलेंडर के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि ग्राम पंचायतों में महिलाएं केवल नाम की प्रधान या प्रतिनिधि न रहें, बल्कि विकास कार्यों और निर्णय प्रक्रिया में उनकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित हो। यह पहल महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने, अपनी बात मजबूती से रखने और पंचायत संचालन में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करती है।

यह कैलेंडर ग्राम पंचायतों, पंचायत भवनों एवं विभागीय कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों में महिलाओं की सहभागिता को लेकर सकारात्मक सोच विकसित हो सके। पंचायती राज विभाग का यह प्रयास ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया का अहम हिस्सा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पीएनबी ने दिल्ली में नवीकृत हॉकी अकादमी का उद्घाटन किया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सार्वजनिक क्षेत्र में भारत के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने आज दिल्ली में अपने हॉकी अकादमी के नवीकृत स्वरूप का उद्घाटन किया। यह कदम देश में हॉकी को बढ़ावा देने और खेल प्रतिभाओं को निखारने के प्रति बैंक की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करता है। पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने मुखर्जी नगर स्थित इस नई अकादमी का उद्घाटन बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों, वरिष्ठ हॉकी टीम के कोच और खिलाड़ियों की उपस्थिति में किया। पीएनबी की हॉकी अकादमी प्रीमियम सुविधाओं से लैस एक आधुनिक मंच है जो (14 से 17 वर्ष की आयु के) 25 खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षित कर हॉकी के क्षेत्र में सफल करियर बनाने में सहयोग करने के लिए समर्पित है। बैंक इन युवा एथलीटों को आवास, शिक्षा, पेशेवर कोचिंग और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर समग्र सहयोग उपलब्ध कराता है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके और वे हॉकी में एक सफल करियर बना सकें।

बैंक की इस प्रतिबद्धता की सफलता को रेखांकित करते हुए, पीएनबी के दो सम्मानित कार्मिकों और भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख फॉरवर्ड खिलाड़ी अभिषेक और सुखजीत सिंह जो ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं, ने हाल ही में एशिया कप 2025 में भारत का मान बढ़ाया है। वर्तमान में, लवप्रीत सिंह, संजय और इंदरपाल सिंह जैसे खिलाड़ी, जो पीएनबी हॉकी अकादमी से निकले हैं, वे पीएनबी की हॉकी टीम के सम्मानित सदस्य हैं।

### खान निरीक्षक पंकज कुमार निलम्बित

**लखनऊ।** माला श्रीवास्तव, सचिव एवं निदेशक भुतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश, द्वारा जनपद सुल्तानपुर में तैनात खान निरीक्षक श्री पंकज कुमार को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही व उदासीनता बरते जाने तथा अवैध खनन व अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने में विफल होने के दृष्टिगत सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेन्स की नीति के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय लखनऊ सम्बद्ध कर दिया गया है।

यह जानकारी देते हुये सचिव व निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने बताया अवैध खनन व अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के बहुत सख्त निर्देश विभाग के सभी अधिकारियो व कर्मचारियों को दिये गये हैं और कहीं भी किसी भी स्तर पर कोई विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उप खनिजों के अवैध खनन या अवैध परिवहन मे संलिप्त पाया गया तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## भाषा विवि और बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों की रोजगारपरक क्षमता एवं कौशल विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (नॉर्दर्न रीजन), कानपुर के मध्य अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) के संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को डिग्री अध्ययन के साथ-साथ ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग एवं निर्धारित स्टाइपेंड प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम (एनएटीएस) के अंतर्गत लागू किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि यह समझौता छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य शिक्षा को उद्योग एवं कौशल से जोड़ना है। कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (नॉर्दर्न रीजन), कानपुर से उपस्थित विवेक कुमार ने इस अवसर पर कहा कि भाषा विश्वविद्यालय के साथ यह सहयोग विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव प्रदान करेगा, जिससे वे उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अप्रेंटिसशिप आधारित शिक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है और यह एमओयू छात्रों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. सौबान सईद, प्रो. हैदर अली, प्रो. मसूद आलम, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. काज़िम रिज़्वी एवं डॉ. नलिनी मिश्र सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## वोटर लिस्ट से नाम कटने में लखनऊ अव्वल




- यूपी से कटेंगे 2.89 करोड़ लोगों के नाम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआइआर की ड्राफ्ट लिस्ट आज जारी हो गयी उत्तरप्रदेश से लगभग 2.89 करोड़ लोगों के नाम काटे जायेंगे वहीं नाम कटने वाले ज़िलों की लिस्ट में उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ अव्वल रहा यहाँ से लगभग बारह लोग वोटर के नाम कटे हैं। ड्राफ्ट लिस्ट को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी पब्लिश कर दिया गया है। ड्राफ्ट मतदाता सूची में 25 लाख से ज्यादा ऐसे नाम चिह्नित किए गए हैं, जो एक से अधिक स्थानों पर दर्ज थे।कुल मिलाकर प्रदेश में 12 करोड़ 55 लाख मतदाता ही हैं। इस बार बड़े पैमाने पर नामों की छंटनी हुई है, इसलिए यह चेक करना जरूरी है कि लिस्ट में आपका नाम है या नहीं। जिनके नाम नहीं हैं वह फॉर्म छः भर सकते हैं ताकि उनके नाम जोड़े जा सके 6 मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया- एक जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म भर सकते हैं। एक अक्तूबर से जो एलिजेबल हो रहे हैं, वे फार्म भर सकते हैं। जिनका फॉर्म मिला है, उनकी मैपिंग नहीं है। उन्हीं को नोटिस दिया जाएगा। छह मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी। पुरानी मतदाता सूची के लगभग 81 प्रतिशत लोगों ने साइन कर फॉर्म वापस किया। 18 प्रतिशत लोगों ने फॉर्म वापस नहीं लौटाया। 6 जनवरी से 6 फरवरी त दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 6 मार्च 2026 को किया जाएगा। सबसे ज्यादा लखनऊ में 12 लाख मतदाताओं के नाम कटेंगे। प्रयागराज में 11.56 लाख और कानपुर नगर में 9 लाख वोटरों के नाम कटेंगे। आगरा में 8.36 लाख, गाजियाबाद में 8.18 लाख और बरेली में 7.14 लाख लोगों के नाम कटेंगे। इसी तरह गोरखपुर में 6.45 लाख, सीतापुर में 6.23 लाख और जौनपुर में 5.89 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए हैं।

### पंचायत चुनाव वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 28 मार्च को

चुनाव आयोग के साथ ही राज्य चुनाव आयोग की पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 28 मार्च को होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह के मुताबिक सात से 20 फरवरी के बीच दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद हस्तलिखित पांडुलिपियां तैयार करना, संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन व ऐसे मामलों समेत अन्य दस्तावेजी कार्य किया जाएगा। 21 से 16 मार्च के बीच पूरक सूचियों की कंप्यूटरीकरण की तैयारी व उन्हे मूल सूची में समाहित करने के साथ मतदान केंद्रों व स्थलों का निर्धारण किया जाएगा। 17 मार्च से 27 मार्च तक मतदान केंद्रों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, स्टेट वोटर नंबर का आवंटन आदि काम किए जाएंगे। इसके बाद 28 मार्च को अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।